भोपाल
सोमवार, 8 अप्रैल 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-अमावस
वर्ष : 11, अंक : 14
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

तैयारियों में आई तेजी

## चारधाम यात्रा के लिए आज से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। यूपी, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, महाराष्ट्र आदि राज्यों से केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री समेत चारों धामों पर जाने वाले यात्री अब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों को 8 अप्रैल 2024 से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू होने जा रही है। आपको बता दें कि कि सरकार की ▸▸ शेष पेज 6 पर

इस सूर्य ग्रहण का वैज्ञानिकों को इंतजार है। पूर्ण सूर्य ग्रह के दौरान सूर्य का कोरोना नजर आ सकता है। ये सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए यहां इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

सूर्य ग्रहण से पहले सूरज में शांति देखी, कुछ दिनों पहले ही सौर गतिविधि अधिक थी

# सूर्य ग्रहण से पहले सूरज में हुए अचानक बदलाव से पूरी दुनिया के वैज्ञानिक हैरान


अमेरिका में इस सूर्य ग्रहण को लेकर आम लोगों से लेकर वैज्ञानिक तक उत्साहित हैं। सूर्य ग्रहण में भी पूर्ण सूर्य ग्रहण सबसे खास है। ऐसा इसलिए क्योंकि पूर्ण सूर्य ग्रहण में कुछ मिनटों का समय ऐसा होता है, जब सूर्य का कोई भी प्रकाश धरती पर नहीं पहुंचता।

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल यानी सोमवार को लगने वाला है।

पश्चिमी यूरोप पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक मेक्सिको, उत्तरी अमेरिका, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग, कनाडा, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र और आयरलैंड में यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नजर आएगा। अंतरिक्ष में सूरज को चंद्रमा पूरी तरह से ढक लेता है, तो पूर्ण सूर्य ग्रहण लगता है। इस दौरान ▸▸ शेष पेज 6 पर

नासा के यूट्यूब चैनल पर सोमवार रात 10.30 बजे से लाइव स्ट्रीमिंग



### अचानक सूर्य को क्या हुआ?

एक्सपर्ट्स मानते हैं कि सोलर मैक्सिमम का चरण पूर्वानुमान से एक साल पहले ही शुरू हो गया है, लेकिन जब तक पूरी तरह खत्म नहीं होता है, तब तक हम कुछ नहीं कहा जा सकता है। बीते दो महीनों से सौर गतिविधियां बहुत अधिक बढ़ी हुई थीं। सूर्य पर विशाल सनस्पॉट थे जिनसे लगातार एक्स श्रेणी की सौर लपटें निकल रही थीं। यह सबसे शक्तिशाली सौर विस्फोट होते हैं। 23 मार्च को प्लाज्मा और रेडिएशन का एक बादल पृथ्वी से टकराया, जिसे कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) कहा जाता है। यह पृथ्वी पर छह साल का सबसे बड़ा सौर तूफान था। लेकिन अब सूर्य में पृथ्वी की ओर कुछ ही एक्टिव सनस्पॉट हैं। यह भी बहुत छोटे हैं। इसमें से ग्रहण के समय बेहद कम सौर ज्वाला निकलने की संभावना है।

सूर्य ग्रहण से रेस लगाएगा अमेरिका

### नासा के जेट करेंगे चांद की परछाई का पीछा

*नासा भी 8 अप्रैल को लगने वाले इस पूर्ण सूर्य ग्रहण की तैयारी कर रहा है। चंद्रमा की छाया तब इसके विशाल हिस्से पर पड़ेगी। इस दुर्लभ घटना के दौरान विशेष उपकरणों से लैस नासा के दो डब्ल्यूबी-57 जेट विमान उड़ेंगे। यह ग्रहण को ट्रैक करेंगे और सूर्य के कोरोना का अध्ययन करेंगे। नासा का लक्ष्य है कि सूर्य ग्रहण के दौरान सूरज से जुड़े रहस्यों का खुलासा होगा। ये कोरोना की संरचना और तापमान के बारे में समझने में मदद करेंगे। इससे यह भी समझा जाएगा कि सूर्य हमारे ग्रह के आयनमंडल को कैसे* ▸▸ शेष पेज 6 पर








## खबर संक्षेप

### 1000 फीसदी रिटर्न का दावा, सेबी का एक्शन



**नई दिल्ली।** लोगों को स्टॉक मार्केट से जुड़ी गुमराह करने वाली सलाह देने वालों पर बाजार नियामक सेबी की सख्ती जारी है। सेबी ने फाइनेंशियल इंफ्लुएंसर रविंद्र बालू भारती पर सख्त कार्रवाई करते हुए बैन लगा दिया है। साथ ही उन्हें 12 करोड़ रुपए भरने के निर्देश भी दिए हैं। रविंद्र भारती पर आरोप है कि उन्होंने 1000 फीसदी तक रिटर्न देने के दावे किए थे। सेबी की गाज उनकी पत्नी शुभांगी और कंपनी रविंद्र भारती एजुकेशन इंस्टिट्यूट पर भी गिरी है।


### महाकाल मंदिर में रील मारपीट पर एफआईआर



**उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील बनाने से रोके जाने पर कुछ लड़कियों ने महिला सुरक्षाकर्मी से मारपीट की थी। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मामले में मंदिर समिति की शिकायत पर महाकाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पलक और परी नाम की लड़कियों और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धारा 323 , 294 और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्हें प्रतिबंधित क्षेत्र में रील बनाने से रोका था।

जबलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो, प्रचार रथ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी रहे मौजूद

# पीएम मोदी के स्वागत में उमड़ा शहर पुष्पवर्षा के साथ मोदी-मोदी के नारे



पीएम मोदी का रोड शो शाम करीब 6.30 बजे कटंगा चौराहे से शुरू हुआ, जो छोटी लाइन पर जाकर खत्म हुआ। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के स्वागत के लिए कई मंच बनाए गए थे। कई जगह लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी।

पीएम मोदी ने नवादा और जलपाईगुड़ी में भी की सभा



पीएम मोदी पर फूल बरसाकर किया स्वागत हाथ में कमल का फूल लेकर पीएम मोदी ने जनता का किया अभिवादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर मप्र में प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

इसी के तहत पार्टी के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जबलपुर में एक किलोमीटर से भी ज्यादा लंबा रोड शो किया। पीएम मोदी के साथ सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। पीएम मोदी खुली जीप में सवार रहे। उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। लोग पीएम मोदी पर फूल बरसाकर उनका स्वागत करते नजर आए। पीएम ▸▸ शेष पेज 6 पर

### रोड शो को लेकर लोगों में जबरदस्त दिखा उत्साह

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। भाजपा का दावा है कि 50 हजार से ज्यादा लोग रोड शो में जुटे। रोड के दोनों ओर खड़े लोग पीएम मोदी को देखकर उत्साहित दिखे। साथ ही मोदी-मोदी के नारे भी लगा रहे थे। कई लोग अपने हाथों में पीएम मोदी की तस्वीरें लेकर पहुंचे थे। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के बड़े-बड़े पोस्टर भी लगाए गए थे।

जबलपुर में मंच गिरने की घटना से पीएम मोदी चिंतित

### मंत्री राकेश सिंह ने घायलों से की मुलाकात



पीएम मोदी रोड शो के दौरान मंच गिरने की घटना से चिंतित हैं। उन्होंने मंत्री राकेश सिंह को 2 बार फ़ोन कर रोड शो में घायल हुए लोगों के विषय में कुशलक्षेम लिया और उनके उपचार हेतु सभी सुविधाओं का ध्यान रखने का ▸▸ शेष पेज 6 पर

### मुख्यमंत्री ने जताया पीएम का आभार

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो पर कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभारी हूं। मैं अपनी और मध्यप्रदेश सरकार की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त कर रहा हूं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ▸▸ शेष पेज 6 पर

### पीएम ने सोशल मीडिया पर रोड शो का किया जिक्र

वहीं, पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर जबलपुर में किए रोड शो को लेकर लिखा कि आज जबलपुर में रोड शो बेहद शानदार रहा! यहां के मेरे परिवारजनों का जोश और जुनून ये बता रहा है कि हमें तीसरे कार्यकाल का आशीर्वाद मिलने जा रहा है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और सड़कों के साथ-साथ हमने यहां हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इससे जबलपुर के विकास को नए पंख लगे हैं। ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

पुणे से नेपाल जा रही बस में लगी आग

# खिड़की-दरवाजे तोड़कर कूदे 100 यात्री, लाखों का सामान राख



◆ जब आगजनी की घटना हुई तो सभी यात्री सो रहे थे सभी ने एक दूसरे को जगाया तो भगदड़ मच गई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवास

देवास में तीर्थ यात्रियों से भरी बस में अचानक भीषण आग लग गई। इसके बाद यात्री किसी तरह सुरक्षित बचकर निकल गए। लेकिन उनका सारा सामान जलकर राख हो गया। यह घटना जिले के बैंक नोट प्रेस थाना क्षेत्र के मक्सी रोड बाईपास के पास हुई।

बताया जा रहा है कि करीब 100 बस यात्रियों ने खिड़की दरवाजे तोड़कर बाहर कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे वाहन की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र के पुणे से करीब ▸▸ शेष पेज 6 पर

### रेलवे फाटक तोड़कर ट्रेन से भिड़ी कार, ड्राइवर की मौत, एक घायल

**अनूपपुर।** तेज रफ्तार कार रेलवे फाटक तोड़कर चलती ट्रेन से जा टकराई। हादसे में कार ड्राइवर की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। ट्रेन के आखिरी तीन कोच को भी नुकसान पहुंचा। इसके चलते वह करीब 7 घंटे अनूपपुर जंक्शन पर खड़ी रही। कोच बदलने के बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। हादसा जैतहरी थाना क्षेत्र में बेलिया फाटक पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हुआ। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। ड्राइवर नरेंद्र वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी परमेश्वर को अनूपपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया।

नड्डा की पत्नी की चोरी हुई कार मिली

## ऑन डिमांड चुराई गई कार वाराणसी से की 'बरामद'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की धर्मपत्नी की कार दिल्ली से चोरी हुई और पुलिस ने वाराणसी से बरामद की। आरोपी चोरी की गई कार को नगालैंड ले जाने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक नड्डा की पत्नी मल्लिका नड्डा की फॉर्च्यूनर कार 19 मार्च को दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके से चोरी हो गई थी। एसयूवी का ड्राइवर सर्विस कराने के बाद गोविंदपुरी स्थित अपने आवास पर दोपहर का भोजन करने गया था, तभी कार चोरी हो गई थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराई। ▸▸ शेष पेज 6 पर

लगी आग का रील बना रहा था युवक

## गैस सिलेंडर में धमाके से हुई मौत, चार लोग घायल

एजेंसी ▸▸ कानपुर



बिल्हौर इलाके में एक अंडे की दुकान में रखे गैस सिलेंडर में आग लग गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद दो युवक आग बुझाने के बदले जलते हुए सिलेंडर और दुकान में लगी आग का रील बनाने लगे। तभी गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। धमाके से वहां मौजूद चार लोग घायल हो गए। वहीं सिलेंडर का एक टुकड़ा निखिल नाम के सिर में जा घुसा और उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जीतू बहेलिया की अंडे की दुकान में लगी आग बगल की दुकान तक पहुंच गई। इसी बीच आग में जलते हुए सिलेंडर को देखकर 20 वर्षीय निखिल और उसके पास में खड़ा अमन ▸▸ शेष पेज 6 पर

## कुंडालिया, मोहनपुरा में बांध और कॉलेज क्यों नहीं बने?



### मुख्यमंत्री ने दिग्विजय सिंह से पूछे सवाल

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को राजगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह पर जमकर निशाना साधा। डॉ. यादव ने कहा कि अतीत में राजगढ़ ने आपको आशीर्वाद दिया, आप राजगढ़ को कहां से कहां तक पहुंचा सकते थे, लेकिन राजगढ़ के साथ आपने हमेशा अन्याय किया। आप चाहते तो* ▸▸ शेष पेज 6 पर

रिटायरमेंट के करीब शासकीय सेवक असमंजस में

# जिनकी सेवानिवृत्ति में 6 महीने बचे उनकी नहीं लगेगी चुनाव में ड्यूटी, आदेश जारी

◆ शासकीय सेवकों ने आर्डर की प्रति लगाकर ड्यूटी निरस्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



लोकसभा चुनाव में उन शासकीय सेवकों के लिए यह अच्छी खबर है, जिनकी सेवानिवृत्ति में महज छह महीने या कुछ महीने ही बचे हैं। पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनकी ड्यूटी चुनाव कार्य में लगा दी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय मप्र ने सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर तत्काल ऐसे शासकीय सेवकों की ड्यूटी हटाने को कहा है। आयोग ने स्पष्ट तौर पर कहा कि चुनाव कार्य में ड्यूटी लगाते वक्त भारत निर्वाचन आयोग के स्टैंडिंग ▸▸ शेष पेज 6 पर

### यह है आदेश में

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव ने 4 अप्रैल 24 को एक आदेश जारी कर सभी कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि वे आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने का कष्ट करें। किसी भी शासकीय सेवक की ड्यूटी उस स्थिति में नहीं लगाएं, जब उसकी सेवानिवृत्ति के महज 6 महीने या उससे भी कम बचा हो। इस संबंध में राज्य कर्मचारी संघ ने भी पत्र देकर ड्यूटी निरस्त करने की मांग की है।

जान माल का नुकसान कम किया जा सकेगा

मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में तेजी से मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणालियों को बढ़ा रहा है।

मौसम विभाग के महानिदेशक ने बताया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू किया

# अब एआई के जरिए रखी जाएगी मौसम के हालातों पर नजर ग्लेशियर के टूटने जैसी स्थितियों का लग सकेगा पूर्वानुमान

एआई और मशीन लर्निंग पद्धति से ऊर्जा उत्पादन, परिवहन बाधा आदि के बारे में भी सटीक आकलन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि मौसम के बेहतर पूर्वानुमान के लिए देश के लिए शुरू कर दिया है। महापात्रा ने कहा ▸▸ शेष पेज 6 पर

**यह होगा फायदा**

महापात्रा ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग पद्धति के माध्यम से न केवल मौसम परिस्थितियों, भूस्खलन, ग्लेशियर के टूटने जैसी स्थितियों का बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकेगा, बल्कि ऊर्जा उत्पादन, परिवहन बाधा, कृषि प्रभावोत्पादकता, आपूर्ति श्रृंखला प्रभाव आदि के बारे में सटीक आकलन करने में मदद मिलेगी। इससे आंधी, तूफान, बिजली कड़कने, धूल भरी आंधी, चक्रवात का बेहतर आकलन करके कम समय में जानकारी मुहैया कराई जा सकेगी, जिससे जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकेगा।





**39 डॉप्लर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात:** उन्होंने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 39 डॉप्लर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है जो देश के 85 प्रतिशत भूभाग को कवर करता है ▸▸ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप



### रोटरी क्लब ईस्ट निःशुल्क हृदय रोग शिविर में 46 मरीजों ने कराई जांच

**भोपाल।** विश्व स्वस्थ दिवस पर रोटरी क्लब ईस्ट में ट्रिनिटी स्पेशलिटी हॉस्पिटल चूना भट्टी में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. क्षितिज दुबे ने अपनी टीम के साथ लगभग 46 रोगियों का परीक्षण किया तथा उपचार बताया। इस शिविर में रोगियों ईसीजी, ईको, टीएमएच, शुगर और रक्तचाप के परीक्षण निःशुल्क किए गए। रोटरी क्लब का निशुल्क शिविर का यह चौथा चक्र था, रोटरी क्लब ईस्ट आगे भी यह क्रम जारी रखेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजय दुबे, डॉ. पीके भागवत, जीके छिब्बर, सुनील भार्गव आदि उपस्थित रहे।

### अर्पिता फाउंडेशन ने कॉलेज को भेंट की सेनेटरी नेपकिन मशीन



**भोपाल।** राजधानी के भेल क्षेत्र स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ तन, स्वस्थ मन, स्वस्थ वूमेन विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डॉ. इलारानी श्रीवास्तव, डॉ. समता जैन तथा डॉ. गीता चौहान ने महिलाओं के स्वास्थ संबंधित जानकारियां प्रस्तुत कीं। विशेष रूप से मासिक धर्म के संबंध में व्याप्त धारणाओं और भ्रांतियों को दूर किया।

### गोडाउन में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पीएनटी चौराहा पर टेंट हाउस के गोडाउन में अमलीखेड़ा गांव सीहोर निवासी राज उइके (23) पिता सुमेर सिंह उइके ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह काम की तलाश में 3 महीने पहले भोपाल आया था। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है।

विधायक रामेश्वर ने कर्मश्री की बैठक में की कार्यक्रमों को लेकर चर्चा

# हिन्दू नववर्ष पर कर्मश्री करेगा भव्य आयोजन, पूर्व संध्या पर रोशनपुरा पर आतिशबाजी और युवा सदन में गुढ़ी पड़वा पर होगी रामलला की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में सालभर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन कराने वाली कर्मश्री संस्था के अध्यक्ष विधायक रामेश्वर शर्मा ने रविवार को जैन मंदिर, अटल पथ पर कर्मश्री सदस्यों के साथ बैठक की। विधायक ने आगामी 9 अप्रैल गुढ़ी पड़वा को होने वाले हिन्दू नववर्ष आयोजन की तैयारियों को लेकर चर्चा की। हिन्दू नववर्ष की कार्ययोजना को लेकर आयोजित इस बैठक में गुफा मंदिर के महंत श्री श्री 1008 रामप्रवेश दास जी महाराज, महंत अलिनानंद जी महाराज, ज्ञानी दिलीप सिंह, गोविंद गोयल, सहित अन्य संत महात्मा उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि विधायक रामेश्वर शर्मा लगातार भोपाल में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराकर जनमानस को जोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में प्रतिवर्ष हिन्दू नववर्ष के अवसर पर कर्मश्री संस्था द्वारा विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन कराया जाता है, जिसमें देशभर के ख्यातिप्राप्त कवियों द्वारा काव्यपाठ किया जाता है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के चलते विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन नहीं किया जा रहा है। इसके स्थान पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी तथा नववर्ष की प्रथम संध्या पर मालवीय नगर के युवा सदन पर प्रभु श्री रामलला जी की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है।



### आज शाम रोशनपुरा चौराहे पर होगी भव्य आतिशबाजी

अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले हिन्दू नववर्ष को राममय बनाने के लिए विधायक एवं कर्मश्री अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा द्वारा भोपाल के मालवीय नगर स्थित युवा सदन कार्यालय पर श्री रामलला की भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। यह महाआरती 9 अप्रैल को शाम 6 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें शहर के गणमान्य लोगों के साथ आमजन परिवार सहित शामिल हो सकेंगे। 8 अप्रैल को पूर्व संध्या पर भी नववर्ष के आगमन और अभिनंदन के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया रखा गया है। पूर्व संध्या पर होने वाली यह आतिशबाजी सोमवार शाम 6:30 बजे प्रारंभ होगी।

### श्रीराम के भव्य मंदिर में पहली बार हिन्दू नववर्ष मनेगा: शर्मा

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि, यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य और गौरव का पल है कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर में विराजमान के बाद पहली बार हिन्दू नववर्ष मनाया जा रहा है। ये नववर्ष रामजी के आगमन की खुशी का नववर्ष है। इसलिए अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर नववर्ष का उत्सव मनाएं। उन्होंने कहा कि हिन्दू नववर्ष सृष्टि के आरंभ दिवस पर मनाया जाता है। सृष्टि का आरंभ ही नव-वर्ष है। इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर सभी को बधाई दें। हिन्दू नववर्ष को प्रचारित कर लोगों को इसे मानने के लिए प्रेरित करें।

आरआरएल तिराहे से मिसरोद तक दो माह में आधा भी नहीं हटा कॉरिडोर

# मिसरोद तक बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने में लगेगा अभी और डेढ़ माह

कॉरिडोर के अंदर और बाहर मिक्स ट्रैफिक चलने से दुर्घटना का बना रहता है डर, स्ट्रीट लाइट भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरआरएल तिराहे से मिसरोद तक पिछले दो माह में आधा भी बीआरटीएस कॉरिडोर नहीं हट पाया है, जबकि राजधानी से 31 मार्च तक पूरी तरह से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाना था। कार्य की गति को देखकर अब डेड लाइन बढ़ा कर 31 मई कर दी गई है। कॉरिडोर हटने के बाद डिवाइडर बनना है और बस स्टॉप साइकिल ट्रैक पर शिफ्ट किया जाना है।

यह अस्थाई व्यवस्था है, क्योंकि मिसरोद से आरआरएल तिराहे तक एलिवेटेड कॉरिडोर बनना है। कॉरिडोर को हटाने में निकल रहा सामान को शिफ्ट करने में ज्यादा समय लगाया जा रहा है, जिससे सड़क पर काम कम हो रहा है। वहीं दिन में ट्रैफिक के बीच में इसे तोड़ा जा रहा है, जबकि विशेषज्ञों के अनुसार रात में काम होना चाहिए। इससे काम तेज गति से होगा और ट्रैफिक को भी दिक्कत नहीं होगी। कॉरिडोर की जाली दिन में निकालते समय बेरीकेड्स नहीं लगे और ट्रैफिक डायवर्सन की जानकारी नहीं है। काम की गति धामी होने से किसी प्रकार की सावधानी नहीं रखी जा रही हैं, जिससे अंदर और बाहर मिक्स ट्रैफिक चलने से दुर्घटना का डर बना रहता है, जबकि रात में स्ट्रीट लाइट बंद रहने से भी लोगों को परेशानी हो रही है।

### बैरागढ़ में बीआरटीएस हटाने के बाद जाम



बैरागढ़ में बीआरटीएस हटने के बाद भी रोड पर खड़ी गाड़ियों से वहां ट्रैफिक जाम का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। यहां की प्रमुख मार्केट रोड पर लोगों को काफी लंबे समय तक जाम का सामना करना पड़ रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कॉरिडोर हटाने के साथ ही लोग सड़क पर वाहन पार्क करने लगे हैं।

### एक साल पहले भी कॉरिडोर हटाने की तैयारी थी

सीहोर नाके से मिसरोद तक 12 साल पहले करीब 360 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने के लिए एक साल पहले तत्कालीन मंत्री कॉरिडोर हटाने को लेकर चर्चा की थी। इसके बाद केंद्रीय सड़क एवं परिवहन एलिवेटेड कॉरिडोर के लिए परीक्षण कर उस पर काम करने के निर्देश दिए थे।

### बीआरटीएस हटने के बाद बनना है एलिवेटेड कॉरिडोर

मिसरोद से आरआरएल तिराहे तक साढ़े पांच किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने का काम बीआरटीएस कॉरिडोर हटने के बाद शुरू होना है। इसलिए पीडब्ल्यूडी को इसके हटने का इंतजार है। एलिवेटेड कॉरिडोर चेतक ब्रिज और आईटीआई तिराहे तक जुड़ेगा। इसकी डीपीआर बनाने केंद्र से करीब डेढ़ करोड़ रुपए की राशि पहले ही मिल गई है। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार होशंगाबाद रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने नगर निगम ने भी अपनी एनओसी दे दी थी।

### डीपीआर में यह होगा प्लान

डबल डेकर एलिवेटेड फ्लाईओवर की चौड़ाई 15 मीटर 4 लेन होगी। इसे बनाने में 385 करोड़ से ज्यादा खर्च होने का अनुमान है। बीआरटीएस बनने से पहले भी यह रोड एनएचएआई के पास थी। बीआरटीएस बनते वक्त निगम को ट्रांसफर हुई थी। एलिवेटेड कॉरिडोर को ऐसे डिजाइन किया जाएगा, ताकि मेट्रो रेल के साथ सड़क रूट भी साथ चले। डबल डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर बनने से सबसे नीचे सड़क, उसके ऊपर फ्लाईओवर और तीसरी लेयर पर मेट्रो ट्रैक बनेगा। अधिकारियों के अनुसार अभी तक यह प्लान है।

सोमवती अमावस्या आज, स्नान दान कर करेंगे तर्पण

# महिलाएं व्रत रखकर तुलसी, पीपल व वटवृक्ष की करेंगी 108 परिक्रमा

साल का पहला सूर्यग्रहण भी आज, भारत में नहीं देगा दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्रि से ठीक पहले 8 अप्रैल यानी सोमवार को सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। इस अवसर पर महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए व्रत रखकर 108 संकल्प परिक्रमा करेंगी। दान-पुण्य करके बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेंगी। तो वहीं इसी दिन साल का पहला सूर्यग्रहण रहेगा। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि यह भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए यह भारत में मान्य नहीं है और इसका सोमवती अमावस्या पर किए जाने वाले अनुष्ठानों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। साधक स्नान, दान, पूजा-अर्चना और पितरों का तर्पण कर सकेंगे।

### कालसर्प दोष निवारण पूजा का मिलता है विशेष फल

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सोमवती अमावस्या का दिन बेहद खास माना गया है। इस दिन स्नान दान करना विशेष शुभ होता है। इस दिन पवित्र तीर्थों में स्नान करने के साथ ही जब भी अमावस्या तिथि सोमवार के दिन आती है, तो सोमवती अमावस्या का योग बनता है। साल में बहुत कम बार ऐसा मौका आता है, जब सोमवार को अमावस्या आती है। इस दिन पूर्वजों की आत्मा की तृप्ति के लिए पूर्वजों का श्राद्ध करना चाहिए। इस दिन कालसर्प दोष निवारण पूजा करने का विशेष फल मिलेगा। भगवान शंकर की पूजा विशेष फलदायी होगी।

### अमावस्या प्रारंभ का यह रहेगा समय

अमावस्या का आरंभः 8 अप्रैल सुबह 03:21 बजे
अमावस्या का समापनः 8 अप्रैल रात 11:50 बजे
सूर्योदयः सुबह 06:06 बजे
सूर्यास्तः शाम 06:39 बजे
चंद्रास्तः शाम 06:21 बजे
शुभ योगः इंद्र, शाम 06:14 बजे तक

## माथुर सभा के होली मिलन में गीत-संगीत का आयोजन

**भोपाल।** नेहरू नगर के समीप हाउस ऑफ वैल्यूज में रविवार शाम माथुर सभा का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत चित्रगुप्त भगवान के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभा की महिलाएं किरण माथुर, शालिनी माथुर, कल्पना माथुर, नीना माथुर, रीता माथुर, बीना माथुर आदि ने भगवान चित्रगुप्त की आरती गाई। सभा के सदस्यों ने डांस और गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर राधाकृष्ण की रासलीला ने समा बांध दिया।



# जिंदगी लाइव

जमकर थिरके पूर्व छात्र, तीन क्विंटल फूलों से खेली होली

# एमवीएम के पूर्व छात्रों ने होली के गानों पर यादों के बिखेरे रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार को पूर्व छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगे फूलों के साथ जमकर होली खेली। शोले के गब्बर सिंह के डायलॉग 'होली कब है' की थींम पर आधारित होली मिलन समारोह में लगभग 3 क्विंटल रंग बिरंगे फूलों से पूर्व विद्यार्थियों ने होली खेली। साथ ही रंग बरसे भीगे चुनरवा.... होली खेले रघुवीरा अवध में.....होली के दिन दिल खिल जाते हैं... आदि मधुर होली के गीतों पर पूर्व विद्यार्थी जमकर थिरके।

वरिष्ठ आईएएस अनुभा श्रीवास्तव ने लोक संगीत भी गाया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस आयोजन में कॉलेज से निकले अनेक प्राध्यापक, शासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजनेता, समाज सेवी, व्यवसायी पूर्व विद्यार्थी के रूप में शामिल हुए। सभी ने कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया और हंसते मुस्कुराते पुराने अंदाज में एक दूसरे के हाल जाने। आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व छात्र रविशंकर पांडेय ने बताया कि जब वे हॉस्टल में रहकर पढ़ते थे तो कई कई दिन छात्रों के चेहरे से होली का रंग ही नहीं उतरता था। पूर्व छात्र और आयोजन के संयोजक उपेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि होली के बाद कॉलेज खुलने पर सभी विद्यार्थी रंग, गुलाल से होली खेलते थे।

पूर्व छात्र आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने 1985- 86 में एमएससी की। उस दौरान हम सहपाठियों के घर होली खेलने जाते और पकवानों का लुत्फ उठाते। डॉ. संतोष कटियार ने बताया कि कैसे वे पहले से होली की प्लानिंग करते और हॉस्टल के छात्रों को घर जाने से पहले ही रंगों से सराबोर कर देते। एमवीएम पूर्व विद्यार्थी संगठन के अध्यक्ष सतीश रायजादा ने बताया कि संगठन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम 2017 से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 400 से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में 1965 में निकले पहले बैच से लेकर 2020 तक के पासआउट छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अंत में स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### होली खेले रघुवीरा...रंग बरसे भीगे चुनर वाली... पर जमकर धमाल मचाया





सारिका ने समझाया पूर्ण सूर्यग्रहण का विज्ञान

# भारत में सूर्यग्रहण देखने के लिए करना होगा 2027 का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सोमवार 8 अप्रैल को जब भारत में सूर्यास्त हो चुका होगा तब पश्चिमी देशों में उदित होकर सूर्य पूर्ण सूर्यग्रहण के रूप ग्रहण मार्ग के शहरों को लगभग चाढ़े चार मिनट तक घने अंधेरे में बदल देगा। नेशनल अवॉर्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि सूर्य और पृथ्वी के बीच चंद्रमा के निकट रहकर बीच एवं एक सीध में आ जाने से पृथ्वी के एक निश्चित भूभाग पर पूर्ण सूर्यग्रहण की खगोलीय घटना दिखने जा रही है। सारिका ने बताया कि यह ग्रहण मैक्सिको में सिनालोओ से काहुइला संयुक्त राज्य अमेरिका में टेक्सास से मेन तक और कनाडा मे ओंटारियो से न्यूफाउलैंड तक होकर निकलेगा। आंशिक ग्रहण पूरे उत्तरी अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के कुछ हिस्सों में दिखेगा।

गांधी भवन में चल रहे 3-दिवसीय अनंत महोत्सव का समापन

# तत्संग बैंड की परफॉर्मेंस और ऑर्गेनिक फूड स्टॉल रहे खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी भवन में चल रहे 3-दिवसीय अनंत महोत्सव का रविवार शाम को समापन हो गया। तीसरे और आखिरी दिन लोगों ने खूब खरीदारी की।

शाम की बेला में तत्संग बैंड ने कबीर और सूफी संगीतों की प्रस्तुति दी। तीसरे दिन बाजरे-ज्वार की रोटी के साथ सिंधी कड़ी का स्वाद लिया। पिंकी मंडल द्वारा बनाया गया बिटरूट कटलेट भी सबको खूब पसंद आया, ठन्डे में बनारसी लस्सी, आम पना, रोज़ बेक्ड योगर्ट को किया सबने खूब एन्जॉय किया।






### स्ट्रेस फ्री पेरेंटिंग कार्यशाला में पेरेंट्स ने पूछे सवाल

वहीं, स्ट्रेस फ्री पेरेंटिंग कार्यशाला में पेरेंट्स ने खूब सवाल सवाल पूछे और एक्सपर्ट शशि भूषण ने सभी सवालों का जवाब दिया और साथ ही उदाहरण भी दिए। उन्होंने कहा कि हर एक बच्चा अपने आप में यूनिक होता है, कई बार पेरेंट्स बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेशर डालते हैं, जिसके लिए उन्हें अन्य देशों का उदाहरण दिया जहां बच्चे 6 साल की उम्र तक सिर्फ प्ले स्कूल जाते हैं।

एम्सः स्तन कैंसर में बायोमार्कर इंटरप्रिटेशन पर सीएमई कार्यशाला का किया आयोजन

# कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए जनता को जागरूक करना जरूरी: डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्तन कैंसर में बायोमार्कर इंटरप्रिटेशन पर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) सह कार्यशाला का आयोजन एम्स के पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग की सराहना की। डॉ. सिंह ने कैंसर का शीघ्र पता लगाने के बारे में जनता को जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। इस बीमारी का समय पर पता लगाना परिणामों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों के छात्रों सहित 65 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में फिश तकनीक की एबीसी पर व्यावहारिक प्रशिक्षण, इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री परीक्षणों का प्रदर्शन, स्तन नमूनों की गणना और स्लाइड देखने के सत्र शामिल थे।



### डायमंडर्स प्रोजेक्ट की दी जानकारी

पैथोलॉजी प्रमुख प्रो. वैशाली वाल्के ने स्तन कैंसर के प्रबंधन में बायोमार्कर की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर दीप्ति जोशी ने एम्स भोपाल के पैथोलॉजी विभाग में वर्तमान में चल रहे डायमंडर्स प्रोजेक्ट की जानकारी दी। आईसीएमआर द्वारा वित्त पोषित यह परियोजना स्तन और फेफड़ों के कैंसर के लिए बायोमार्कर का निःशुल्क परीक्षण प्रदान करती है। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता एम्स नई दिल्ली के पैथोलॉजी के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर संदीप माथुर ने स्तन कैंसर में रोगसूचक और पूर्वानुमानित बायोमार्कर पर लोगों को स्तन विकृति विज्ञान के क्षेत्र में जानकारी प्रदान की।


## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शिशु स्वास्थ्य परामर्श परीक्षण शिविर का आयोजन



**भोपाल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रविवार को अरेरा कॉलोनी स्थित टेंडर केयर महिला एवं शिशु अस्पताल में निःशुल्क शिशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शहर के जाने-माने वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजया ब्योहार, डॉ. दीपांकर सरकार, डॉ. श्रुति सरकार एवं डॉ. अश्विन आप्टे द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई। इस अवसर पर वार्ड नंबर 45 की पार्षद शिखा गोहल की उपस्थिति उत्साह वर्धक रही।

### भोजपुर क्लब में किया ध्वनि नाद से मेडिटेशन

**भोपाल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भोजपुर क्लब में पीसफुल माइंड की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम पर अयोजित इस कार्यशाला में म्यूजिक द्वारा स्वास्थ्य लाभ का सेशन आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत डॉ. आरती सिन्हा ने वाद्य यंत्रों सिंगिंग बॉल्स, चाइम्स, डफ, डमरू और अनेकों उपकरणों से उत्पन्न ध्वनि नाद से मेडिटेशन किया।



## रोशन होगा राजधानी का जीजी फ्लाईओवर, टेस्टिंग हुई शुरू

**भोपाल।** गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक बनकर तैयार हुआ जीजी फ्लाईओवर पर लाइट की टेस्टिंग शुरू हो गई है। जल्दी ही पूरा फ्लाईओवर रोशन हो जाएगा। इसके बाद यहां पर गणेश मंदिर से अरेरा हिल्स तक ट्रैफिक शुरू हो जाएगा। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के अनुसार गायत्री मंदिर के पास आर्म का काम भी अंतिम चरण में है। यहां कोलार पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम चल रहा है। इस माह के अंत तक यह काम हो जाएगा। इसके बाद फ्लाईओवर के सभी आर्म पर ट्रैफिक शुरू हो जाएगा।


# शहर में सुबह-शाम गड़गड़ाहट के साथ बौछारें, कई जिले भीगे, गर्मी थमी

*मलाजखंड में 11, मंडला में 9, सिवनी में 7 डिग्री गिरा पारा*
*भोपाल 2 डिग्री गिरकर 36 डिग्री दर्ज, आज भी ऐसा रहेगा मौसम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को सुबह और शाम को आकाशीय बिजली की गड़गड़ाहट के साथ मध्यम हवाओं के बीच बौछारें पड़ीं। इससे दिन का पारा 2 डिग्री गिरकर सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। यहां अधिकतम पारा 36, जबकि रात के पारे में बादलों के कारण 1.2 डिग्री की बढ़त रही।

प्रदेश में सर्वाधिक दिन के पारे में गिरावट मलाजखंड में 11.6 डिग्री की रही। यहां पारा सबसे कम 27.7 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से 9 डिग्री कम है। वहीं, मंडला में 9.2 डिग्री की गिरावट रही, जो सामान्य से 7.5 डिग्री कम है। छिंदवाड़ा में 4 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। इससे भोपाल सहित इन जिलों में गर्मी का असर थमा रहा।



### आज यहां बारिश, ओले का अलर्ट

मौसम केंद्र ने सोमवार को विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, मैहर नर्मदापुरम, बुरहानपुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह और सागर जिलों में बारिश के साथ ही बैतूल, डिंडोरी, छिंदवाडा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में कहीं कहीं ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है।

### इन जिलों में होगी बारिश

श्री शुक्ला के अनुसार रविवार रात से सोमवार सुबह तक भोपाल सहित डेढ़ दर्जन से अधिक जिलों में बारिश होगी। इनमें रायसेन, सीहोर, दमोह, गुना, अशोकनगर, बैतूल, नर्मदापुरम, नीमच, टीकमगढ़, सागर, बालाघाट, डिंडौरी, विदिशा, छतरपुर, खजुराहो, जबलपुर, मंडला, सिवनी आदि जिले शामिल हैं।


### यहां तापमान में घट बढ़

रविवार को सुबह से शाम तक कुछ देर के लिए कई शहरों में बौछारें पड़ीं। इनमें सागर, मंडला, छिंदवाड़ा, सीहोर, अशोकनगर, गुना, भोपाल जिले शामिल हैं। उमरिया, सागर, रीवा सहित कई जिलों में दिन का पारा औसतन दो डिग्री गिरा है। सोमवार को भी कई जिलों में बारिश के बाद तापमान में गिरावट होगी।

### तेज हवाओं के साथ बौछारें

शहर में सुबह 6 से 7 बजे के बीच बादलों का डेरा जमा और कुछ देर बूंदाबांदी रही। शाम को करीब 20 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं, बिजली की गडग़ड़ाहट के बीच शाम 7 से 8.30 बजे के बीच मौसम बदला और तेज बौछारें पड़ीं। इससे हवाओं में ठंडक घुल गई। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन के रूप में सक्रिय है। पश्चिमी हवाओं के बीच एक ट्रफ उड़ीसा से छत्तीसगढ़, विदर्भ, कर्नाटक और मराठवाडा होते हुए तमिलनाडु तक सक्रिय है। इससे मप्र के कई जिलों में मौसम बदला हुआ है।

### रमजान मुबारक



इफ्तार-6:43 सोमवार (शाम)
सहरी-4:25 मंगलवार (सुबह)

### खबर संक्षेप

### मुंबई से गोरखपुर के बीच चलेगी समर स्पेशल भोपाल स्टेशन पर रुकेगी

**भोपाल।** रेल यात्रियों के लिए काम की खबर है। मुंबई और गोरखपुर के



बीच एक समर विशेष ट्रेन चलेगी। यह ट्रेन भोपाल स्टेशन पर रुकेगी। मुंबई से गाड़ी संख्या 01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य 29 जून तक दोनों दिशाओं में 13-13 ट्रिप कुल 26 ट्रिप ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन चलेगी। जानकारी के अनुसार 01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर प्रत्येक शनिवार को 00.45 बजे इटारसी स्टेशन आकर 00.55 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, 03.10 बजे भोपाल स्टेशन आकर 03.15 बजे भोपाल स्टेशन से प्रस्थान कर 05.10 बजे बीना स्टेशन आकर 05.15 बजे बीना स्टेशन से प्रस्थान कर प्रत्येक शनिवार को 18.55 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुचेगी। इसी तरह 01124 गोरखपुर-लोकमान्यतिलक टर्मिनस विशेष ट्रेन 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से 21.15 बजे प्रस्थान कर प्रत्येक रविवार को 12.30 बजे बीना स्टेशन आकर 12.35 बजे बीना स्टेशन से प्रस्थान कर, 15.05 बजे भोपाल स्टेशन आकर 15.10 बजे भोपाल स्टेशन से प्रस्थान कर 16.50 बजे इटारसी स्टेशन आकर 16.55 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, प्रत्येक सोमवार को 07.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

## आरजीपीवी मामले के दोषियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

# अभाविप ने घेरा मुख्यमंत्री निवास तो सीएम ने अंदर बुलाया, दिया कार्रवाई का आश्वासन

*उच्च शिक्षा मंत्री के बंगले पर जाकर प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार दोपहर 3 घंटे भरी धूप में अखिल भारतीय विद्याथी परिषद (अभाविप) ने सीएम निवास का घेराव कर आरजीपीवी मामले के दोषियों की गिरफ्तारी और कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों से अभाविप कार्यकर्ताओं की झड़प भी हुई, जिसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभाविप के प्रमुख कार्यकर्ताओं को सीएम हाउस में बुलाया और उनसे मिलकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इसके बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा कर तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के आवास पर धरना-प्रदर्शन कर उनके प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में भोपाल महानगर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### खास बात

- प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों से हुई झड़प







### करोड़ों रुपए के घोटालों पर आखिरकार शासन-प्रशासन का मौन व्रत क्यों: वैष्णव

इसके साथ ही अभाविप के प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव ने कहा कि आरजीपीवी के करोड़ों के घोटालों पर आखिर शासन-प्रशासन का मौन व्रत क्यों है, क्या पुलिस मैनेज है? या भ्रष्टाचारी रिश्तेदार लगते हैं? या राजनैतिक संरक्षण है? या अपराधियों की गिरफ्तारी का डर सताता है? जब तक भ्रष्टाचारियों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक अभाविप के कार्यकर्ता चरणबद्ध आंदोलन करेंगे और आगामी समय में प्रदेश व्यापी आंदोलन भी करेंगे। आरजीपीवी में करोड़ों रुपए निजी बैंक खातों में डालने के संदर्भ में विश्वविद्यालय के कुलगुरु कुलसचिव सहित अन्य लोगों पर की गई प्राथमिकी के एक माह पश्चात भी अपराधी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।



### पुलिस प्रशासन का रवैया 'स्लॉथ' से भी ज्यादा ढीला: शालिनी

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा ने कहा कि पुलिस की इच्छा शक्ति हो तो वो बड़े से बड़े अपराधी को घंटों में पकड़ सकती है पर लगता है इस बार भोपाल पुलिस जामवंत का इंतजार कर रही है। करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार की एफआईआर भी एक माह बाद दर्ज की और एफआईआर दर्ज होने इतने दिन बाद तक भी उनकी गिरफ्तारी न करना पुलिस प्रशासन का रवैया दुनिया के सबसे आलसी जानवर 'स्लॉथ' से भी ज्यादा ढीला हो गया है। अब तो भोपाल पुलिस को स्लॉथ सेना घोषित कर देना चाहिए।

#### दमकल कर्मियों को आग बुझाने में लगे चार घंटे

## मेंडोरा गांव के पास बाघ भ्रमण क्षेत्र में बीत रात लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेंडोरा गांव के पास बाघ भ्रमण क्षेत्र में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात एक खेत की नरवाई जलाने किसान ने आग लगाई, जिससे आसपास के जंगल में आग लग गई। कुछ ही देर में यह आग बाघ भ्रमण तक पहुंच गई। इससे करीब 15 एकड़ के क्षेत्र में लगे पेड़ पौधे जलकर राख हो गए।

दमकल कर्मियों के अनुसार मेंडोरा स्थित बाघ भ्रमण क्षेत्र में आग लगने की सूचना रात करीब 12.30 बजे फायर कंट्रोल रुम को भेजी गई थी। जिसके बाद माता मंदिर, कोलार और फतेहगढ़ फायर स्टेशन से आधा दर्जन दमकलें मौके पर भेजी गई। आग ने जंगल में लगे बांस के पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग को बुझाने में दमकल कर्मियों को करीब चार घंटे का समय लगा।



### दमकलों के लिए रास्ता नहीं होने से हुई देरी

मेंडोरा स्थित बाघ भ्रमण क्षेत्र में घना जंगल है। यहां पेड़ो की वजह से दमकलों के जाने का रास्ता नहीं था। आग जंगल में अंदर तक पहुंच गई थी। ऐसे में पाइपों को आपस में जोड़कर आग वाले स्थान तक पहुंचाया गया। इसके लिए दमकल कर्मियों को समूह में भेजा गया।

### कलियासोत डेम के पास झाड़ियों में लगी आग

रविवार दोपहर 3 बजे कलियासोत डेम के पास झाड़ियों में आग लग गई थी। जिसे पुलिसकर्मियों ने देख लिया और फायर कंट्रोल को सूचना दी। पुलिस कर्मियों ने बताया कि झाड़ी में किसी ने जलती हुई बीड़ी फेंकी होगी, जिससे आग लगी।

### नरवाई के कारण तीन स्थानों पर लगी आग

शनिवार से रविवार के बीच फायर कंट्रोल रुम में छह से अधिक स्थानों पर आग लगने की सूचना पहुंची थी। इनमें तीन स्थानों पर आग लगने का कारण नरवाई जलाना था। इनमें शनिवार सुबह 11x30 बजे सेमरी गांव में नरवाई के कारण लगी।

### स्वच्छता के लिए साइकिलिंग...



**भोपाल।** राजधानी के बोट क्लब पर स्वच्छता का संदेश देते हुए साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों साइकिलिस्ट ने हिस्सा लिया।

*दस दिन में रेलवे के पास पहुंचीं 100 से अधिक शिकायतें*

## ट्रेन में सफाई ठप, गंदगी से यात्री परेशान, अटेंडर शिकायतों पर ध्यान देने की वजह सिर्फ फीडबैक के फार्म भरवाने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्लेटफार्म की सफाई पर रेलवे भले ही गंभीरता से ध्यान दे रहा हो, लेकिन ट्रेन के यात्री कोचों का बेहद बुरा हाल है। जनरल व स्लीपर कोच तो छोड़ों एसी कोच भी गंदगी से भरे पड़े हैं। भोपाल रेल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में गंदगी को लेकर पिछले दस दिनों में 100 से अधिक शिकायतें यात्रियों द्वारा की गई है तो वहीं कोच में सफाई करने वाले अटेंडर शिकायतों पर गौर करने की बजाय यात्रियों से फीडबैक फार्म भरवाने में ही जुटे रहते हैं। इस फार्म में सवालों पर नंबर देने की जिम्मेदारी पैसेंजर की है, लेकिन ज्यादातर अटेंडर खुद ही नंबर दे देते हैं। अभी समर सीजन ठीक से शुरू भी नहीं हुआ, तब यह हाल हैं।

शनिवार को भोपाल स्टेशन सहित मंडल के विभिन्न स्टेशनों से गुजरने वाली ट्रेनों में कुछ ऐसा ही नजारा दिखा। अधिकांश ट्रेनों के एसी कोचों में गंदगी व पानी खत्म होने की शिकायतें मिलीं तो वहीं यात्रियों की शिकायतों पर रेलवे अधिकारियों ने समाधान को लेकर अश्वासन तो दिया, लेकिन ट्रेनों के भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों पर गुजरने के बाद भी समाधान नहीं हो सका। इसको लेकर रेलवे अधिकारियों का तर्क है कि स्टॉपेज टाइम कम होने से समस्या का समाधान नहीं हो सका।



ये हाल एसी कोच के शौचालय और वाशबेसिन के हैं, इन्हें देखकर जनरल कोच का अंदाजा लगा सकते हैं।

### स्वर्ण जयंती के बुरे हाल, संपर्क क्रांति बेहतर

भोपाल रेलवे स्टेशन पर हाल्ट लेकर चलने वाली ट्रेनों में विशाखपट्टनम स्वर्ण जयंती का एसी कोच गंदगी से भरा पड़ा था। रेल यात्रियों का कहना था कि इसको लेकर ग्वालियर स्टेशन से झांसी, बीना व भोपाल तक पहुंचने के दौरान सफाईकर्मी से कोच की साफ-सफाई के लिए कहा, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। जिसके बाद रेल मदद पर भी शिकायत की। भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनों के भी हाल बुरे हैं। इसी तरह मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल विशेष किराया सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का पानी खत्म हो गया। जिसको लेकर यात्रियों बेहद परेशान हुए। हालांकि भोपाल व रानी कमलापति से शुरू होने वाली ट्रेनें सफाई व पानी मामले में अन्य मंडलों से बेहतर हैं।

### जिन ट्रेनों में समस्या, उनकी बनाई सूची

कुछ लंबी दूरी की ऐसी ट्रेनों जिनमें पानी खत्म होने की समस्या देखने को मिल रही है। उनकी हमने सूची तैयार की है। इनमें पानी भरने के लिए कुछ नए वाटरिंग पाइंट शुरू कर रहे हैं। इसको लेकर रेल बोर्ड से अनुमति मिल गई है। जल्द ही पानी को लेकर समस्या खत्म हो जाएगी। ट्रेनों में सफाई को लेकर जो भी शिकायत आती हैं, रेल मदद या किसी भी माध्यम से तो हम प्रारंभिक मंडल का ट्रेन में सफाई का ठेका होता है तो रेलवे की ओर से उनको सुधारने के लिए कहा जाता है। वैसे भी ट्रेनों में ओबीएच स्टाफ होता है, वह सफाई करता है। इसके बाद भी अगर व्यवस्था में सुधार नहीं होता है। ठेकेदार व जुर्माना व ठेका निरस्त की रेलवे की ओर से कार्रवाई की जाती है।

**देवाशीष त्रिपाठी**, डीआरएम, भोपाल रेल मंडल

### सिर्फ प्लेटफार्म तक जिम्मा

जिन ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस दी जाती है, नियम के मुताबिक उनमें सफर के दौरान कोच की सफाई करना होता है। भोपाल व रानीकमलापति स्टेशन से रोजना 120 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। इनमें से अधिकांश में यह व्यवस्था दी गई है। पर कोच की सफाई हुई या नहीं इसकी जांच करने वाले अधिकारी सिर्फ फीड बैक फार्म ही देखते हैं।

#### पं. खुशीलाल के चिकित्सक के निर्देशन में पीजी स्टूडेंट ने की खोज

# बुखार में पैरासिटामोल के जैसा इलाज करेगा पौधा गोजिह्वा

सचिन सिंह बैस ▶▶ भोपाल

अगर आपको बुखार है और आप एलोपैथी दवा पैरासिटामोल दवा नहीं खाना चाहते तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, दो अलग-अलग आयुर्वेदिक पौधे बुखार के इलाज में पैरासिटामोल दवा के सामान इलाज करेंगे। इसकी पुष्टि 45 दिन तक चूहों पर किए गए शोध से हुई है।

बता दें कि पं. खुशीलाल आयुर्वेद कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. नितिन उज्जलिया के मार्गदर्शन में केरल के पीजी स्टूडेंट डॉ. अजमल ने एक्सपेरिमेंटल रिसर्च के जरिए यह पाया है। खास बात यह है कि आयुर्वेदिक पौधा ओनोस्मा ब्रैक्टिएटम और एलिफैंटोपस स्कैबर दोनों के ही एक जैसे असर देखने के मिले हैं। हालांकि दोनों अलग-अलग पौधे हैं, लेकिन इन्हें नॉर्थ व साउथ इंडिया में एक ही नाम गोजिह्वा से जाना जाता है।





### अब होंगे क्लीनिकल ट्रायल

इन दोनों पौधों में से नॉर्थ में उपयोग होने वाला ओनोस्मा ब्रैक्टिएटम पहले ही फार्माकोपिया में रजिस्टर है। इसे क्लीनिकल प्रैक्टिस के दौरान मरीजों को डॉक्टर लिख सकते हैं। वहीं एलिफैंटोपस स्कैबर इसमें शामिल नहीं था। इस शोध के बाद अब इसके क्लीनिकल ट्रायल के रास्ते साफ हो गए हैं। यदि यह कारगर साबित होता है तो इसे भी फार्माकोपिया में शामिल किया जाएगा।

### टेम्प्रेचर कम करने में पैरासिटामॉल जितना समय लेता है गोजिह्वा

डॉ. नितिन उज्जलिया ने बताया कि रिसर्च में इनकी उपयोगिता पैरासिटामॉल के सामान पाई गई है। गोजिह्वा पौधे के अलग-अलग इस्तेमाल पर देखा गया कि यह टेम्प्रेचर को कम करने में उतना ही समय लेती हैं जितना पैरासिटामॉल। इसके बाद इससे कोई नुकसान तो नहीं, इसकी जांच की गई। जिसमें पाया गया कि यह किसी भी प्रकार से नुकसान नहीं पहुंचाती हैं।

### दोनों एक ही फैमिली के पौधे



नॉर्थ में आम रूप से मिलने वाला ओनोस्मा ब्रैक्टिएटम और साउथ में मिलने वाला एलिफैंटोपस स्कैबर दोनों एक फैमिली के पौधे हैं। इन्हें दोनों ही जगह गोजिह्वा कहा जाता है, साथ ही इनका लंबे समय से आयुर्वेदिक इलाज में उपयोग किया जा रहा है। गोजिह्वा का अर्थ है गाय की जीभ, यह नाम इसे इसकी बनावट और खुरदुरे पत्तों की वजह से मिला।

**डॉ. नितिन उज्जलिया**, प्रोफेसर, पं. खुशीलाल आयुर्वेद कॉलेज

*रहवासियों ने कहा, यही हालत रही तो वोट डालने नहीं जाएंगे*

## बाउंड्रीवॉल बनाने के विरोध में सड़क पर उतरे राजहर्ष कॉलोनी के बाशिंदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड स्थित राजहर्ष सी सेक्टर कॉलोनी के लोग रविवार को बाउंड्रीवॉल बनाने के विरोध में सड़क पर उतर आए। इस दौरान इन लोगों ने बैनर भी लगाए, जिसमें लिखा था कि रोड नहीं तो वोट नहीं। लोगों के अनुसार बाउंड्रीवॉल से रास्ता बंद होने से 7 से 8 किमी घूमकर जाना पड़ रहा है।

राजहर्ष गृह निर्माण समिति को वर्ष 1988-89 में टीएंडसीपी ने 14.5 एकड़ भूमि पर आवासीय विकास की अनुमति दी गई थी। टीएंडसीपी के प्रस्तावित रास्ते पर वाल्मी ने अक्टूबर 18 में बाउंड्रीवॉल खड़ी कर दी। इसके चलते कई साल से रहवासी 5 से 7 किमी कीदूरी तय कर रहे हैं। इस रास्ते को खुलवाने कॉलोनी के लोगों ने कई बार कलेक्टर और सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की। इसके बाद भी जब रास्ता नहीं खुला तो वे सड़क पर उतर आए।



### मुख्य निर्वाचन आयुक्त को भेजा मेल

राज हर्ष गृह निर्माण समिति सी सेक्टर कोलार रोड के रहवासियों ने वाल्मी प्रशासन द्वारा बंद किए गए रास्ते को खोले जाने के लिए मुख्य निर्वाचन आयुक्त नई दिल्ली को पत्र भेजा है। इसमें बताया गया है कि वह लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान नहीं करेंगे। कॉलोनी के जितेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को सभी कॉलोनीवासी अपनी कॉलोनी में जहां वाल्मी प्रशासन ने दीवार खड़ी की है, वहां परिवार सहित पहुंचे और 'रास्ता नहीं तो वोट नहीं' का नारा लगाया।

## सेंट जोसेफ को-एड स्कूल मैदान में ईस्टर महोत्सव मनाया

# ईसा मसीह का पुनरुत्थान हमें मृत्यु पर विजय का पावन संदेश देता है: आर्चबिशप डॉ. दुरईराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ईस्टर महोत्सव समिति द्वारा रविवार को अरेरा कॉलोनी स्थित सेंट जोसेफ को-एड स्कूल मैदान में ईस्टर महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतिया दी गई। इसमें विभिन्न ईसाई समुदायों के लोगों ने भाग लिया। महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार के फूड स्टाल्स व गेम्स जोन का लोगों ने लुत्फ उठाया।

आर्चबिशप डॉ. एएएस दुरईराज ने कहा अगर ईसा मसीह मृत्यु के बाद पुनर्जीवित नहीं हुए होते तो शायद दुनिया में ईसाई मत अस्तित्व में नहीं होता। ईसा मसीह के पुनरुत्थान द्वारा हम मुक्ति और क्षमा का वादा, नए जीवन और नवीनीकरण की आशा और मृत्यु पर विजय की घोषणा का पावन सन्देश पाते हैं। ईस्टर ईसाइयों के लिए गहरा आध्यात्मिक महत्व रखता है, जो ईश्वर के प्रेम, दया और अनुग्रह का स्मरण कराता है और विश्वासियों को एक नई आशा और खुशी के साथ अपने विश्वास को जीने के लिए प्रेरित करता है। पीआरओ फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत बिशप बिपिन लाल द्वारा प्रार्थना के साथ की गई। इसके बाद विभिन्न अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया।

बिन्सी जॉर्ज ने सभी अतिथियों के लिए स्वागत भाषण पढ़ा। इस महोत्सव में भोपाल के विभिन्न चर्चों के अलग-अलग समूह द्वारा मधुर भक्ति संगीत व समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए। सभी प्रदर्शनों को खूब सराहा गया। पास्टर रेजी जोसफ ने इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए सभी अतिथियों, स्वयंसेवकों, सहयोगियों, समर्थकों के साथ उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

# एक्टिवा सवार दो लुटेरों ने युवक से झपटा मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थिज जुबली गेट के पास बस स्टॉप पर बस का इंतजार कर रहे युवक से एक्टिवा सवार दो लुटेरों ने मोबाइल झपट लिया। पुलिस ने युवक की शिकायत पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस लूट के संदेह में दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि रिहान शेख पिता शिराज (21) किरन नगर, नरेला संकरी, पिपलानी में रहता है और अशोका गार्डन स्थित एक होटल में काम करता है। गत 5 अप्रैल की रात करीब 9 बजे वह अशोका गार्डन से मैजिक से जुबली गेट के पास उतरा था। वह बस स्टॉप पर खड़ा था, इस दौरान जेब से मोबाइल निकाला और देखने लगा, तभी एक्टिवा सवार दो लुटेरे पहुंचे और पीछे बैठे लुटेरे ने उसके हाथ से मोबाइल छीन लिया। रिहान कुछ समझ पाता इससे पहले ही लुटेरे तेजी से एक्टिवा चलाकर भाग निकले।

## फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचने का प्रयास

# दूसरे के प्लॉट को बेचने के लिए अखबार में सूचना कराई प्रकाशित, प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन पुलिस ने इंदौर में रहने वाले एक बुजुर्ग की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने खुद को फरियादी के चाचा का बेटा बताकर दैनिक समाचार पत्र में सुभाष कॉलोनी का प्लॉट बेचने का विज्ञापन प्रकाशित कराया था।

बुजुर्ग को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। बुजुर्ग ने बताया कि उनके चाचा अविवाहित हैं और उन्होंने प्लॉट की वसीयत उनके नाम से की थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार इंदौर निवासी कुलभूषण चौपड़ा (60) के अविवाहित चाचा का सुभाष कॉलोनी में प्लाट है। प्लॉट की वसीयत कर उन्होंने कुलभूषण चौपड़ा के नाम कर दिया था। गत दिनों कुलभूषण चौपड़ा ने प्लॉट बेचने के नाम का विज्ञापन एक दैनिक समाचार पत्र में पढ़ा। उन्होंने अशोका गार्डन पुलिस को लिखित शिकायती आवेदन दिया था। एसआई संजय सिसोदिया ने बताया कि किसी मन्नू चौपड़ा नामक जालसाज खुद को फरियादी के चाचा का पुत्र बताते हुए प्लॉट बेचने का विज्ञापन समाचार पत्र में प्रकाशित कराया और फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट बेचने का प्रयास कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### रैली निकाल कर मतदान के लिए किया जागरूक



**औबेदुल्लागंज।** सीएमओ सोनाली शर्मा के आदेशानुसार नगर परिषद औबेदुल्लागंज के वार्ड 14 और 1 में रविर को स्वीप प्लान के अन्तर्गत बैनर, मेंहदी और स्कूल रैली द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया। बीएलओ कर्माचारी इजराइल मिर्जा बैग, अरविंद तिवारी, राजकुमार शर्मा, प्रमोद कुमार पांडेय, विनोद यादव, कन्हैया धुर्वे एवं अन्य बीएलओ कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


### जिलाबदर बदमाश पर की रासुका की कार्रवाई

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के चलते गुंडे और बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। नजीराबाद पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक जालमसिंह गुर्जर (30) नजीराबाद का रहने वाला है।

### जनपद सीईओ के खिलाफ आंदोलन की तैयारी

**औबेदुल्लागंज।** जनपद सीईओ के खिलाफ आंदोलन की तैयारी प्रारंभ हो गई है। रविवार को ग्रामीण क्षेत्र की 35 पंचायत के सचिव सरपंचों की बैठक आयोजित कर कई निर्णय लिए। इधर सरपंचों ने कलेक्टर अरविंद दुबे एवं जिला सीईओ अंजू पवन भदोरिया, विधायक सुरेंद्र पटवा को शिकायत बताया कि औबेदुल्लागंज जनपद सीईओ द्वारा धमकाकर भय पैदा करने में लगी हैं। इससे पंचायत का विकास कार्य ठप हो गया है। जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदोरिया ने कहा कि मुझे जनपद सीईओ की शिकायत मिल रही है मैं जांच कराऊंगी।

### राजकुमार बने लोकसभा क्षेत्र 18 विदिशा के प्रभारी



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार पटेल को लोकसभा क्षेत्र 18 विदिशा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। आईसीसी के राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र सिंह, प्रभारी मध्य प्रदेश के निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए नियुक्ति की है। उक्त नियुक्ति पर प्रताप भानु शर्मा, मुमताज खान, विनोद ईरपाचे, विजय धाकड़, राजू मेहरा, संजय सिंह चौहान आदि ने बधाई दी है।

### कार की टक्कर से वरिष्ठ पत्रकार भारत यादव की मौत



**भोपाल।** ओंकारेश्वर जाते वक्त कतर गांव में वरिष्ठ पत्रकार भारत यादव की मोटरसाइकिल में कार ने टक्कर मार दी। घायल अवस्था में उन्हें मंडलेश्वर लाया गया, जहां से उन्हें इंदौर रेफर कर दिया। मोटरसाइकिल पर दोनों पति-पत्नी ओंकारेश्वर जा रहे थे। पत्नी को गंभीर चोट आने से धामनोद रेफर किया गया और पत्रकार भारत यादव का निधन हो गया।

## कमांडेंट फंदे से उतरवाकर अस्पताल ले गए, लेकिन हो गई थी मौत

# एनडीआरएफ कैंप में आरक्षक ने फांसी लगाकर दी जान, संतरी की थी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित 11वीं बटालियन, एनडीआरएफ में आरक्षक ने शनिवार रात रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। आरक्षक की पहरा देने संतरी की ड्यूटी थी। जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे और कॉल अटैंड नहीं किया तो कमांडेंट खुद उसे देखने बैरिक पर पहुंचे थे। इस दौरान कमांडेंट ने उन्हें फांसी के फंदे पर लटका देखा और कर्मचारियों की मदद से फंदे से उतारकर सीपीआर दी। शरीर में हलचल नहीं होने के कारण स्टाफ उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही आरक्षक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उनका शव भिंड स्थित अपने पैतृक गांव लेकर गए हैं। वहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार सोनू यादव पिता राम प्रसाद यादव (35) मूलतः गांव जोहरी अहिर, थाना खूब, जिला भिंड के रहने वाले थे। वे एनडीआरएफ की 11वीं बटालियन में पदस्थ थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे और एक बेटी है। उन्होंने इंदौर में मकान बनाया था और परिवार वहीं रहता है। सोनू यादव यहां बटालियन में एनडीआरएफ ए-4 क्वार्टर, नीलकंठ कॉलोनी में रहते थे। कंपनी कमांडेंट श्रीनिवास मीणा ने बताया कि सोनू की शनिवार रात 12 बजे से तड़के तीन बजे तक पहरा देने संतरी की ड्यटी थी, लेकिन वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। उन्हें कॉल किया गया पर कॉल अटैंड नहीं हुआ। इसके बाद श्रीनिवास अन्य कर्मचारियों के साथ बैरिक पर पहुंचे। इस दौरान बैरिक में बने कमरे में सोनू यादव को रस्सी के फंदे के सहारे पंखे पर लटका देखा। मीणा ने कर्मचारियों की मदद से सोनू को फंदे से उतारा। शरीर गर्म लगने के कारण उन्होंने सीपीआर दी। करीब दस मिनट तक सीपीआर देने के बाद कर्मचारियों की मदद से सोनू को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने बताया कि सोनू की मौत हो चुकी है।



मर्चुरी के बाहर विलाप करते मृतक के परिजन।

### होली में छुट्टी पर गया था सोनू

सोनू की मौत की खबर मिलते ही परिजन रविवार सुबह भोपाल पहुंच गए थे। सोनू की पत्नी से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि सोनू ने शनिवार शाम बच्चों से बातचीत की थी। वे होली में छह दिन की छुट्टी पर भी घर आए थे। उस दौरान उन्होंने किसी भी तरह की परेशानी का जिक्र नहीं किया। पत्नी ने बताया कि सोनू शराब पीते थे। रविवार रात उन्होंने शराब पी या नहीं पी इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

### सम्मान के साथ किया विदा

रविवार को एनडीआरएफ के भोपाल स्थित अधिकारी भी मर्चूरी पहुंचे थे। सुबह शव का पीएम कराया गया और एनडीआरएफ के अधिकारियों ने पूरे सम्मान के साथ सोनू के शव का एंबुलेंस में रखवाया। परिजन सोनू का शव लेकर भिंड स्थित अपने गांव ले गए, वहां उनका दाह संस्कार किया जाएगा। पुलिस को सोनू के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मोबाइल जब्त किया है। पुलिस मोबाइल की सीडीआर भी निकलवा रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित वाजपेयी नगर झुग्गी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वसंत पिता गोकुल (35) वाजपेयी नगर झुग्गी में रहता था। उसके परिवार में दो भाई और मां समेत उसका आठ साल का बेटा था। पत्नी उसे छोड़कर जा चुकी है। पुलिस ने बताया कि वसंत शराब पीने का आदी था। शुक्रवार रात भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा था। घर के बाहर बैठी मां को उसने कहा कि वह सोने जा रहा है। इसके बाद अंदर पहुंचकर उसने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

## जहांगीराबाद पुलिस ने की कार्रवाई

# ब्रांडेड बोरियों में लोकल सीमेंट की पैकिंग, 437 बोरी सीमेंट जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद पुलिस ने पुल बोगदा स्थित एक सीमेंट गोदाम पर छापा मारकर 437 बोरी सीमेंट जब्त की है। आरोप है कि ब्रांडेड कंपनी के नाम पर लोकल सीमेंट बेची जा रही थी। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ धोखाधड़ी और कॉपी राइट एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। सीमेंट की जांच के बाद पता चलेगा कि कितनी बोरियों के भीतर लोकल कंपनी की सीमेंट पैक की गई थी।

पुलिस के अनुसार दिल्ली में रहने वाले रौनक जोशी नकली सामान की जांच करने वाली कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। उन्होंने जहांगीराबाद पुलिस को एक शिकायती आवेदन दिया था। रौनक ने शिकायत में बताया कि जिंसी जहांगीराबाद स्थित एक गोदाम पर अल्ट्राटेक सीमेंट के नाम पर लोकल कंपनी की सीमेंट की बोरियां बेची जा रही हैं। इस गोदाम का संचालन मोहम्मद सिद्दीकी करते हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शनिवार को गोदाम पर छापा मारा। छापे के दौरान गोदाम में कुल 437 सीमेंट की बोरियां रखी मिलीं, जिन्हें जब्त किया गया। तीन सौ से ज्यादा सीमेंट की बोरियां अल्ट्राटेक सीमेंट वाली बोरियों में भरी थी, जबकि बाकी सीमेंट की बोरियां अलग-अलग ब्रांड और कंपनियों की थी। सीमेंट का सैंपल लेकर टेस्टिंग के लिए लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने के बाद पता चलेगा कि सीमेंट ब्रांडेड कंपनी की थी अथवा नहीं। फिलहाल पुलिस ने गोदाम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी और कापी राईट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बरखेड़ा में रोजा अफ्तार का आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** बरखेड़ा में परवेज खान के द्वारा रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा प्रभारी राजकुमार पटेल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरजीत सिंह मंगू, संजय सिंह चौहान, राजू मेहरा, पवित्र कौर आदि लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी ने देश और क्षेत्र के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी।

## एक शाम सिंधियत के नाम कार्यक्रम का आयोजन

# युवा गायक जतिन उदासी के गीतों ने मचाई धूम, हजारों युवा झूमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



सिंधी समाज के अंतरराष्ट्रीय युवा गायक जतिन उदासी मुंबई का लाइव सिंगिंग कॉन्सेप्ट कार्यक्रम की शुरुआत जूनियर अमिताब बच्चन द्वारा रंगारंग डांस प्रस्तुत करके की गई। उसके बाद उदासी ने अपनी सुरीली आवाज़ में एक से एक बढ़कर सिंधी गीतों की प्रस्तुति देकर 'एक शाम सिंधियत के नाम' कार्यक्रम में समा बांध दिया।

इस अवसर पर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने सिंधी समाज के लोगों के भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव चैतीचंड की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि अक्सर सिंधी समाज के लोगों को व्यापार करते हुए देखा है, परंतु आज पहली बार सिंधी समाज के अंतरराष्ट्रीय गायक जतिन उदासी के गीतों पर हजारों की संख्या में थिरकते हुए पहली बार देखा है। में सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा व समस्त सिंधु सेना के साथियों को एक ऐतिहासिक सफल कार्यक्रम की बधाइयां देता हूं। इस अवसर पर चन्दर लालचंदानी ने कहा आज जिस संख्या में युवा यहां अपनी भाषा, संस्कृति को देखने के लिए इक्कठा हुआ वह बहुत प्रशंसनीय है। निश्चित ही समाज में इस तरह के आयोजन आगे भी मील का पथर साबित होंगे।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत, नहीं हो सकी मृतक की शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित मिसरोद फाटक के पास शनिवार रात मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। उसने आत्महत्या की या फिर वह हादसे का शिकार हुआ पुलिस जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे कि उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस उसकी शिनाख्ती के प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि मिसरोद फाटक के पास कोई युवक मालगाड़ी से कट गया है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की तलाशी लेने पर उसके पास से कोई आईडी कार्ड या फिर कागज नहीं मिला है, जिससे की शिनाख्त हो सके। उसकी उम्र करीब तीस से पैंतीस साल के आसपास की होगी। वह सफेद रंग की शर्ट और नीला पेंट पहने हुए था।

## जैन धर्मशाला में कांग्रेस ने आयोजित किया सम्मेलन

# पांडव पांच ही काफी थे, कांग्रेस अब भी मजबूत है और जीतेगी भी: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



स्टेशन रोड जैन धर्मशाला में कांग्रेस ने रविवार को विशाल सम्मेलन का आयोजन किया। पूर्व सांसद एवं विदिशा भोजपुर क्षेत्र के प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि पांडव पांच ही काफी थे। कांग्रेस मजबूत है रहेगी और जीतेगी भी। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस से कुछ नेता गए हैं,वफादार कार्यकर्ता कांग्रेस को जिताने के लिए काफी हैं। मैं जब सांसद था तब भोजपुर क्षेत्र में कई विकास कार्य किए हैं।

कांग्रेस पार्टी पुरानी है देश को बनाने वाली है। मध्य प्रदेश को विकसित कांग्रेस ने कराया है। भाजपा में गप्पें मारने वाले ज्यादा हैं। पूर्व सांसद शर्मा ने स्पष्ट कहा कि विदिशा भोजपुर से कांग्रेस जीतेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल ने कहा कि कांग्रेस मजबूत और संगठित है। मध्य प्रदेश में कांग्रेस 14 लोकसभा जीतेगी। कांग्रेस के विनोद इरपाचे जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर, राजेश खटीक, अशोक पटेल, विजय धाकड़, अमर पेठारी, पवित्र कौर, राजू मेहरा, पंकज नागरानी, संजय सिंह चौहान, वंदना मालवीय, महेश जैन, दुर्गेश यादव, हरजीत सिंह मंगू, माखन नागर, अनिल प्रजापति, रेवा शंकर राय, पार्षद प्रमोद सेन, निर्मल यादव, मनोज खटीक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## औबेदुल्लागंज दहशरा मैदान में भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में पहुंचे पूर्व सीएम ने किया संबोधित

# शिवराज ने कहा- मैं नेता नहीं कार्यकर्ता हूं, इस भावना से लोकसभा चुनाव में पार्टी को रिकॉर्ड जीत दिलाने जुट जाएं सभी, कांग्रेस पर भी साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

दशहरा मैदान में रविवार को आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कार्यकर्ताओं को गुरु मंत्र दिया। उन्होंने कहा बहानों की सेवा और जनता की सेवा ही मेरा कर्तव्य हैं। जनता की बेहतर सेवा जीवन में काम आती है।

शिवराज ने कहा कांग्रेस को वोट देकर बेकार न करें, क्योंकि कांग्रेस में दम नहीं है। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं से समरस बूथ बनाकर दिल बड़ा कर सबको साथ लेकर कार्य करें। मैं नेता नहीं कार्यकर्ता हूं, इस भावना से पार्टी को रिकॉर्ड जीत के लिए लोगों से मतदान करवाने की अपील करें।





### प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों की सराहना की

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि हमें इस बात का घमण्ड नहीं होना चाहिए कि सिर्फ मैं ही श्रेष्ठ हूं, हमें सब को साथ लेकर चलना है। शिवराज ने कहा कि मैं विदिशा संसदीय क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ रहा आप चुनाव लड़ रहे हैं। आपके सार्थक और आपके प्रयास से ही मैं दिल्ली जाऊंगा एवं मप्र में डबल इंजन की सरकार को और गति दूंगा। पूर्व सीएम चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अब लाड़ली बहना के बाद लखपति बहना का दौर शुरू होने वाला है। फिर से एक बार रिकार्ड जीत दर्ज कर हमें दुनिया को भारत की शक्ति को दिखाना है।

### शिवराज का हुआ भव्य स्वागत

*आज पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भव्य स्वागत हुआ। धाकड़ मैरिज गार्डन पर व्यापार महासंघ, सिख समाज, बहावलपुरी समाज, सर्व ब्राह्मण संघ, युवा मोर्चा सहित कई स्वागत स्टाल लगे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, पंकज कोठारी, नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, रमेश गौर, देवेंद्र सिंह राजू, अशोक, सुरजीत सिंह गिल, डॉ. कैलाश विनय मित्तल, अशोक यादव, डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, रामकिशोर नंदवंशी, शांतनु पांडेय, मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, जिला महामंत्री रविंद्र विजय, मनोज चौरसिया, माधव यादव, राजेंद्र गुड्डू साहू, जेपी शर्मा, गौरी शंकर नागर, शंकर पाल, कमलेश नरवरिया, सर्वेश गौर, माखन परमार, चौहान सिंह चौहान, सुनील मौर्य, महेंद्र यादव, लोकेश परमार, माखन सेन, नीरज चावला, आशीष दीक्षित, विक्रम धाड़ी, गिरीश चावला, जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, सुजीत चौहान, राकेश तिवारी, पुरुषोत्तम शर्मा, राहुल माहेश्वरी, कोमल चौहान तामोट, संजीव चौहान, रामकिशोर चौहान, आरती यादव, सपना रैकवार, मंडल अध्यक्ष माया राय, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, पूजा लोधी, नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, हेमलता चौरसिया, विद्या अग्रवाल, अनुराधा विजयवर्गीय, भारती सेठी, सना ममनून, राधा मालवीय, सुलेखा चौहान आदि शामिल थे।*






## लोकसभा क्षेत्र

जबलपुर

1 भाजपा प्रत्याशी
आशीष दुबे

2 कांग्रेस प्रत्याशी
दिनेश यादव

**पिछली बार कौन जीता**
राकेश सिंह

**जीत का अंतर**
4 लाख 54 हजार 744

### क्या रहेंगे मुद्दे?

ग्राम रूधि में ग्रोथ सेंटर बनाया गया, लेकिन कोई बड़ी इंडस्ट्री यहां नहीं आ पाई है। पानी की समस्या को दूर करने 106 करोड़ रुपए की नर्मदा जल योजना सौगात मिली, लेकिन पाइपलाइन बार-बार फूटने से पानी की समस्या अब भी बरकरार है। वहीं, शहर को रिंगरोड, बायपास और ट्रांसपोर्ट नगर की सौगात तो मिली लेकिन वह भी अधूरे हैं। ट्रैफिक की समस्या शहर में आज भी बरकरार है। इसके अलावा इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिसके कारण लगातार यहां एक्सीडेंट की घटनाएं बढ़ रही हैं। खंडवा रिंग रोड, बायपास अधूरा है और बुरहानपुर के 8-10 हजार पावरलूम अब भी बंद पड़े हैं।

### कांग्रेस के कद्दावर नेता रिंकू सोनकर के भाजपा में शामिल होने से चुनावी समीकरण प्रभावित होने के आसार

# खंडवा में अब तक 6 बार भाजपा जीती तो 7 बार कांग्रेस

*मान्यताओं के अनुसार खंडवा शहर का प्राचीन नाम खांडववन था, जो मुगलों और अंग्रेजों के आने से बोलचाल में धीरे-धीरे खंडवा हो गया। खंडवा नर्मदा और ताप्ती नदी घाटी के मध्य बसा है। ओमकारेश्वर यहां का लोकप्रिय और पवित्र दर्शनीय स्थल है। यह भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में शुमार है। इस बीच सीटों को लेकर अपने स्तर पर प्रयासों का गठजोड़ भी चरम पर है। यह सीट विधानसभा चुनाव में भी काफी अहम रही है, क्योंकि ऐन वक्त पर कुछ प्रत्याशियों ने पाला बदलने के प्रयास किए थे। सन 1962 से अब तक भाजपा को यहां पर 6 बार तो कांग्रेस को 7 बार जीत मिल चुकी है। अब लोकसभा चुनाव को लेकर भी दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के उम्मीदवार एक दूसरे से सीधे मुकावले के लिए मैदान तैयार कर लिया है।*




संजीव सक्सेना ⏭ भोपाल

खंडवा सीट पर मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता आया है। भाजपा के नंदकुमार सिंह चौहान इस सीट से सबसे ज्यादा बार जीतने वाले सांसद हैं। यहां की जनता ने उनको पांच बार चुनकर संसद पहुंचाया है। 1996, 1998, 1999 और 2004 का चुनाव जीतकर उन्होंने इस सीट पर अपना दबदबा बनाए रखा।

हालांकि, 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके अगले चुनाव 2014 में उन्होंने इस सीट पर वापसी की और शानदार जीत दर्ज की। नंदकुमार के निधन के बाद 2021 उपचुनाव में भाजपा की जीत ज्ञानेश्वर पाटिल ने पूर्णी को


ज्ञानेश्वर पाटिल


नरेंद्र पटेल

82,140 वोटों से हराकर दर्ज कराई थी। पाटिल को जहां 632,455 वोट मिले, वहीं कांग्रेस के पूर्णी को 5,50,315 वोट हासिल हुए थे। ज्ञानेश्वर पाटिल को कुल वोटों में 49.85 वोट तो पूर्णी को 43.38 प्रतिशत वोट मिले थे। खंडवा में लोकसभा का पहला चुनाव 1962 में हुआ था। कांग्रेस के महेश दत्ता ने पहले चुनाव में जीत हासिल की। कांग्रेस ने इसके अगले चुनाव 1967 और 1971 में भी जीत हासिल की। 1977 में भारतीय लोकदल ने इस सीट पर कांग्रेस को हरा दिया। कांग्रेस ने इस सीट पर वापसी 1980 में की। तब शिवकुमार सिंह ने इस सीट पर कांग्रेस की वापसी कराई थी।

कांग्रेस ने इसका अगला चुनाव भी जीता। 1989 में भाजपा ने पहली बार इस सीट पर जीत हासिल की, हालांकि भाजपा की खुशी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी और 1991 में उसे कांग्रेस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद 1996 में भाजपा की ओर से नंदकुमार चौहान मैदान में उतरे और उन्होंने खंडवा में भाजपा की वापसी कराई। वे अगले 3 चुनाव जीतने में भी कामयाब रहे। 2009 में अरुण सुभाष चंद्रा ने यहां पर कांग्रेस की वापसी कराई। 2009 में हारने के बाद नंदकुमार ने एक बार फिर यहां पर वापसी की और अरुण सुभाष चंद्र को मात दी। भाजपा को यहां पर 6 बार तो कांग्रेस को 7 बार जीत मिली है।

### दो प्रमुख पार्टियों के बीच होता है मुकावला

खंडवा सीट पर मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता आया है। भाजपा के नंदकुमार सिंह चौहान इस सीट से सबसे ज्यादा बार जीतने वाले सांसद हैं। यहां की जनता ने उनको 5 बार चुनकर संसद पहुंचाया है। 1996, 1998, 1999 और 2004 का चुनाव जीतकर उन्होंने इस सीट पर अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि, 2009 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके अगले चुनाव 2014 में उन्होंने इस सीट पर वापसी करते हुए शानदार जीत दर्ज की। नंदकुमार के निधन के बाद 2021 उपचुनाव में भाजपा की जीत ज्ञानेश्वर पाटिल ने पूर्णी को 82,140 वोटों से हराकर दर्ज कराई थी। पाटिल को जहां 632,455 वोट मिले वहीं कांग्रेस के पूर्णी को 5,50,315 वोट हासिल हुए थे। ज्ञानेश्वर पाटिल को कुल वोटों में 49.85 वोट मिले, वहीं पूर्णी को 43.38 प्रतिशत वोट मिले थे।

### अरुण यादव की जगह नरेंद्र पटेल को मौका

रविवार को कांग्रेस को एक बड़ा झटका तब लग गया, जब जिला संगठन मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता रिंकू सोनकर भाजपा में शामिल हो गए। मंत्री तुलसी सिलावट और पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई है। ऐसे में अब चुनावी समीकरण कुछ हद तक प्रभावित होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इधर, कांग्रेस में रविवार को अरुण यादव की जगह नरेंद्र पटेल को प्रत्याशी घोषित किया गया है। नरेंद्र पटेल ने अरुण यादव को प्रत्याशी न बनाए जाने पर कहा कि यह अरुण यादव का निजी निर्णय है, लेकिन उन्होंने देखा कि मैं लगातार दो लोकसभा चुनाव हार चुका हूं, यदि खंडवा लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे चुनती नहीं है, तो उन्होंने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में निर्णय लिया कि जिस पर सभी नेताओं की सहमति हो उसे कैंडिडेट बनाया जाए, उसमे मेरा नाम आया। ठाकुर राजनारायण सिंह ने मेरे नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन अरुण यादव ने किया।

### खंडवा लोकसभा क्षेत्र में 8 विधानसभा सीटें

खंडवा लोकसभा क्षेत्र के तहत विधानसभा की 8 सीटें आती हैं। बागली, पंधाना, भीखनगांव, मंधाता, नेपानगर, बदवाह, खंडवा, बुरहानपुर यहां की विधानसभा सीटें हैं। यहां की 8 विधानसभा सीटों में से 3 पर भाजपा, 4 पर कांग्रेस और 1 सीट पर निर्दलीय का कब्जा है। मालवा और निमाड़ को मिलाकर बना खंडवा लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा और कांग्रेस में जोरदार मुकाबला होने वाला है। खंडवा कभी कांग्रेस पार्टी का गढ़ हुआ करता था। कांग्रेस ने यहां 7 बार जीत दर्ज की, बाद में यह भाजपा का किला बन गया है। 1996 के बाद भाजपा यहां लगातार जीत दर्ज कर रही है। खंडवा से भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनाव जीतते रहे हैं। यहां कुशाभाई ठाकरे ने भी जीत हासिल की थी।

---

**जैसा मैंने देखा**

## चुनाव...

### भोपाल में रात 1.30 बजे हुई थी प्रधानमंत्री की चुनावी सभा

मेरे समय के चुनाव का वाक्या 1990 के दशक का है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ एक ही राज्य था। तब विधानसभा की 320 सीटों का सदन हुआ करता था। भोपाल जिले में विधानसभा सीटों की संख्या तब 4 हुआ करती थी। चार सीटों में भोपाल दक्षिण, भोपाल उत्तर, गोविन्दपुरा और बैरसिया शामिल थीं और लोकसभा क्षेत्र आज के समय के समान ही फैला था। वर्ष 1990 में चुनाव के दौरान भोपाल के सेन्ट्रल लायब्रेरी ग्राउंड पर कांग्रेस की चुनावी सभा रखी गई थी। सभा महत्वपूर्ण थी। दरअसल, प्रधानमंत्री राजीव गांधी सभा को संबोधित करने वाले थे। उस वक्त चुनावों में आज जैसी सख़्ती या सख़्त आचार संहिता नहीं हुआ करती थी। राजीव गांधी की सभा का समय शाम 6 बजे था। वे किसी अन्य राज्य के चुनावी दौरे से होते हुए मप्र पहुंचे थे। राजीव गांधी सभा की सुनिश्चित तारीख और समय की जगह अगली तारीख यानि शाम 6 की जगह रात करीब 1 बजे सभा स्थल पर पहुंचे थे। आधी रात बीत जाने के बाद भी काफी तादाद में उन्हें सुनने वाले मौजूद रहे थे। राजीव गांधी ने संबोधन के लिए रात 1.30 बजे माइक संभाला था। तब के चुनाव पूरी तरह से अलग होते थे। सुरक्षा व्यवस्था न के बराबर होती थी। मंच पर संबंधित दल के साथ आम लोग भी लद जाते थे। भोपाल सेन्ट्रल लायब्रेरी चुनाव मंच का नजारा भी कुछ ऐसा ही रहा था।


संजीव श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

मप्र में द्वि दलीय चुनाव मुकाबले की प्रथा रही है। तब भी चुनावी मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच था। उस दौरान न तो किसी प्रकार से शिकायत की जाती थी और न ही किसी तरह के आरोप लगते थे। लोकसभा चुनावों के लिए राष्ट्रीय नेताओं पर ही प्रचार का जिम्मा रहता था। चुनाव भी पूरी शालीनता और बिना किसी भेदभाव के संपन्न हुआ करते थे। आपसी भाईचारा और मेल-मिलाप लोगों में बना रहता था।

---

## चाय पे चर्चा

⏩ राजीव गांधी नगर में अयोध्या बायपास स्थित नरवरिया टी स्टाल पर लोकसभा चुनाव को लेकर हुई चर्चा में देश और प्रदेश के मुद्दों पर बहस

# कोई 400 पार पर अडिग तो कोई कह रहा इससे तो नीचे ही रहेगी भाजपा, फिर भी नतीजों पर छोड़ी बहस

लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाएं चाय की तरह गर्म होने लगी हैं। अब बात प्रधानमंत्री की है तो चाय की दुकान पर चाय पीने वाले अपने अपने अनुमान को भला एक दूसरे से साझा करने में पीछे कैसे रहे। राजीव गांधी नगर में अयोध्या पास स्थित नरवरिया टी स्टाल पर चार दोस्त आपस में चर्चा कर रहे थे। सभी को पता है कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा, लेकिन चर्चा सीट को लेकर होने लगी।

कुछ कांग्रेसी तो कुछ भाजपा का पक्ष लेते हुए नजर आए। इसी बीच शिवनाथ सिंह कहने लगे कि इस बार चार सौ पार है। इस पर अमरदास कहने लगे यह तो समय ही बताएगा कि किसे कितनी सीट मिलती हैं। इस



पर चैन सिंह लोधी कहने लगे कि कांग्रेस की सीट कम हैं और अब हालात देखकर लग रहा है कि और भी कम सीटों पर कांग्रेस को जीत मिलेगी। जगप्रवेश गुप्ता ने भी चार सौ पार की बात कही है। इसी प्रकार भगत जी कहने लगे कि चार सौ से नीचे ही भाजपा को सीट मिलेगी। वहीं गुप्ता ने कहा कि इस बार राम मंदिर की उपलब्धि जनता के बीच है, इसका पूरा फायदा भाजपा को जरूर मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि इसके पहले के काम भी जनता याद रखेगी और भाजपा के पक्ष में ही मतदान करेगी। इसके बाद चाय खत्म होते ही चर्चा भी खत्म हुई और सभी कहने लगे कि बहस से बेहतर है कि नतीजों का इंतजार किया जाए।

---

**जो हो न सका...**

## शहर में बिखरा-बिखरा सा है कारोबार, 20 साल बाद भी नहीं बन पाई भोपाल में लोहा मंडी

भोपाल में लोहे का व्यापार चारों तरफ बिखरा बिखरा सा है। बीस साल पहले हुई घोषणा के बाद भी यहां लोहामंडी नहीं बन पाई, जबकि इसके लिए भूमि का भी आवंटन हो चुका है। तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के समय चली फाइल दिल्ली के कई चक्कर लगाने के बाद भोपाल में आकर अटक गई। शिवराज सिंह जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब भी विधानसभा में आश्वासन दिया गया था कि इसके लिए भूमि आवंटित कर दी गई है। वहीं लोकसभा के हर चुनाव में इसको लेकर वादे और आश्वासन दिए गए, लेकिन लोहा मंडी नहीं बन पाई। राजधानी के एमपी नगर, जुमेराती, नीलबड़, होशंगाबाद रोड, लालघाटी, बैरागढ़, कबाड़खाना क्षेत्रों में लोहे की दुकानें संचालित हो रही हैं। लोहे का कारोबार बिखरा बिखरा सा है। प्रदेश के ही तीन शहरों इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर में व्यवस्थित लोहा मंडियां बन चुकी हैं। शहर के कई हिस्सों में बिखरी हुई लोहे की दुकानों को एक जगह लाने की कवायद पिछले 20 साल से चल रही है।

**कान्हासैया में तय हुई थी जगह**

वर्ष 2012 में कान्हासैया में लोहा मंडी के लिए जगह तय हुई थी। तब के कलेक्टर निशांत वरवड़े ने 350 दुकानों के लिए 100 एकड़ जमीन चिन्हित कर ली थी। प्रस्ताव मुख्य सचिव को भी भेजा गया था। सरकार ने पहले भानपुरा खंती की जमीन को चुना। टीएंडसीपी ने 1 अक्टूबर 1996 को विदिशा-बैरसिया रोड के पास जमीन प्रस्तावित कर दी थी। वर्तमान मास्टर प्लान में लोहा मंडी केवल स्थानांतरित होना बताई गई है। बनी आज तक नहीं है।

---

## फर्स्ट टाइम वोटर

### मतदान कर्तव्य, मैं तो वोट डालूंगी ही, औरों को भी प्रेरित करूंगी

मप्र सहित देशभर में लगातार मतदान का प्रतिशत बढ़ रहा है, जिसमें युवाओं की प्रमुख भूमिका है। युवा मतदाताओं की वजह से ही लोकतंत्र नए आयाम स्थापित कर रहा है। मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। मैं पहली बार लोक सभा चुनाव में मतदान करूंगी। अब चुनाव आयोग की ओर से मतदान केंद्र भी पास बनाए जाते हैं। लोगों में जागरुकता आई है। मैं अपने साथियों के साथ-साथ समाज के अन्य वर्ग को भी मतदान के लिए प्रेरित करूंगी।



**रिंकी कुमारी**, युवा मतदाता

### जो भी पार्टी रोजगार उपलब्ध कराएगी..मैं वोट उसी को दूंगा

इस समय प्रदेश के युवा के सामने सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है। इसलिए इस चुनाव में रोजगार का मुद्दा प्रभावी रहेगा। मतदान से पहल मैं सभी उम्मीदवार पार्टी के घोषणा पत्र को नजर रखूंगा। अभी कुछ पार्टियों ने घोषणा पत्र जारी किया है। अन्य पार्टी के घोषणा पत्र को भी देखूंगा। जो भी पार्टी युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएगी। उसको ही वोट दूंगा। साथ ही जो कि प्रलोभन के बजाय काम के अवसर को ज्यादा महत्व देंगे। इसके अलावा शहर व प्रदेश के विकास के लिए काम करेंगे, उन्हीं को चुनूंगा।



**सारंग देव सिंह**, युवा मतदाता

---

# पीएम मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाया: वीडी

*» अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 2014 से महिलाओं को सशक्त बनाने और गरीबों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को जितना मान-सम्मान मिला उतना पहले कभी नहीं मिला। पीएम मोदी ने 'सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास'' के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग का कल्याण किया है। भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने कटनी जिले के बिलहरी में महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**शौचालय से सम्मान**

शर्मा ने कहा कि महिलाओं को सशक्त, सक्षम और सामर्थ्यवान बनाने के लिए केन्द्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। देश भर में प्रधानमंत्री मोदी ने माता-बहनों को इज्जत और सम्मान देने के लिए शौचालयों का निर्माण कराए, ताकि समाज में महिलाएं सम्मान के साथ जी सकें।

# सत्ता माध्यम, जनता की सेवा करना ही पार्टी का मकसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सत्ता केवल एक माध्यम भर है, जनता की सेवा करना ही पार्टी का हमेशा मकसद रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी का लक्ष्य 400 पार है, इसके लिए कार्यकर्ता मेहनत कर रहे हैं, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनके हाथ को मजबूत किया जा सके। यह बात प्रदेश शासन के मंत्री विजयवर्गीय ने डिंडौरी के कोडार्क मैरिज गार्डन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

**500 साल बाद अयोध्या में हुआ राम मंदिर का निर्माण**



विजयवर्गीय ने कहा कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या मे रामलला का भव्य मंदिर निर्माण, धारा 370 एवं तीन तलाक जैसे गंभीर एवं पुराने विवादों का निपटारा हमारी केंद्र की प्रधानमंत्री मोदी के नेतृव वाली सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग का उत्थान किया है। पार्टी की जनहितैषी योजनाओं और लाभार्थियों से संपर्क कर उनसे संवाद कर जानकारी देना पार्टी कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए।

# सर्वे कराकर प्रत्येक किसान को सरकार के माध्यम से उनके हक का मुआवजा दिया जाए

*» गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं का बराबरी से सम्मान का किया वादा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेरी जानकारी में आया है कि राजगढ़ जिले में असामयिक वर्षा हुई है, जिससे फसलों को नुकसान हुआ। हमने प्रमुख सचिव को निर्देश दिया है कि किसी भी किसान का नुकसान नहीं होना चाहिए। यदि किसी तरह का नुकसान हुआ है, तो उसका सर्वे कराकर प्रत्येक किसान को सरकार के माध्यम से उनके हक का मुआवजा दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रविवार को राजगढ़ जिले के सारंगपुर पहुंचे थे।

**मुख्यमंत्री ने राजगढ़ के सारंगपुर में लोकसभा प्रत्याशी नागर के पक्ष में की चुनावी जनसभा**

### सीएम ने 40 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता

उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ सभी प्रदेश में मोदी जी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का सफाया हो गया था। भाजपा की सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं का बराबरी से सम्मान रखेगी।

हमारी सरकार संवेदनशील और पारदर्शी रहेगी। कोई भी व्यक्ति हो जिसने सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रेम भाव बांटा है उसका अपमान हम नहीं बर्दाश्त कर सकते। गरीबों के अपमान करने के लिए नहीं बनी।



**अधिकारी ने पूछी औकात, हमने तुरंत कार्रवाई की**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिले में ट्रक ड्राइवर के हड़ताल में एक अधिकारी ने ड्राइवर से कहा था तेरी औकात क्या है। सिंगरौली में एक अधिकारी, आगंनबाड़ी महिला बहन से जूते के फीते बंधवा रहा था। हमने कहा हमारी सरकार में यह नहीं चलेगा। हमारी सरकार गरीबों के अपमान करने के लिए नहीं बनी। हमने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन अधिकारियों को हटाया और उनके खिलाफ कार्रवाई की।

**सीएम बोले- रोजगार के लिए राजगढ़ क्षेत्र में कारखाने भी खोले जाएंगे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगढ़ के अंदर अगर मेडिकल एक्सीलेंस कॉलेज मिला है, तो भविष्य में कारखाने भी खोले जाएंगे। विभिन्न बांध बनाकर हमने जो खेती का रकबा बढ़ाया है ये नरेंद्र मोदी के कारण संभव हो सका है। हमारी सरकार ने निर्णय लिया है कि हम एयर एंबुलेंस की माध्यम से गरीब से गरीब आदमी को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने का काम करेंगे। जल्द ही तीर्थ दर्शन सेवा में हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने वाले हैं, ऐसी कई सारी योजनाओं को हमारी सरकार ने लागू किया है। तीन नए विश्वविद्यालय हमारी सरकार ने चलाए, युवाओं की मार्कशीट को संभालने हमने डिजिलॉकर की व्यवस्था की है। 10 हजार भर्ती, पटवारी सहित अलग-अलग नियुक्तियां जो होनी थी एक दिन के अंदर सबको नियुक्ति पत्र देने का काम हमारी सरकार ने किया।

**गुड़ी पड़वा से पूरा साल गो-वंश के रूप में मनाया जाएगा**

डॉ. यादव ने कहा कि इस गुड़ी पड़वा से अगली गुड़ी पड़वा तक, पूरे साल को गौ-वंश के रूप में मनाया जाएगा। हम अपनी गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास मानते हैं। अगर कोई गौ माता घायल हो जाए तो उसे गौ एंबुलेंस से इलाज करवाया जाएगा। अब गौशाला अनुदान की राशि प्रति गाय 20 रुपए से बढ़ाकर 40 रुपए कर दिया है। जो गाय पाले वो गौ-पालक, चाहे वो किसी भी धर्म का हो। कई सारे मुस्लिम बंधु भी गाय पालते हैं, इसमें क्या गलत है। गाय भैंस पालन कोई अपराध नहीं है।

**केंद्रीय मंत्री राजनाथ 11 को रीवा एवं सतना में**

## मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आज प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लोकसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 11 अप्रैल को रीवा एवं सतना प्रवास पर रहेंगे। इसी तरह 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुरैना एवं ग्वालियर, प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान छिंदवाड़ा और होशंगाबाद, लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय बालाघाट, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मंडला प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय रक्षा मंत्री सिंह 11 अप्रैल को दोपहर 12 बजे देवतालाब ग्राउंड में जनसभा और दोपहर 2.30 बजे सतना जिले की नागौद में जनसभा को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री सोमवार दोपहर 2 बजे मुरैना जिले के सबलगढ़ के ग्राम मामचोन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा खजुराहो में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान 8 अप्रैल को छिंदवाड़ा, होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मंडला में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

## पेज एक का शेष

### चारधाम यात्रा के लिए ...

ओर से किसी भी यात्री को पंजीकरण के बिना चार धाम पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे में चार धाम यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए यह जरूरी है कि यात्रा पर जाने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन जरूर करवा लें। चारधाम के लिए पर्यटन विभाग ने पंजीकरण के लिए तैयारी पूरी कर ली हैं। इस बार पंजीकरण के बाद पर्ची पर यात्रियों को आवश्यक मोबाइल नंबर भी मिलेंगे। चारधाम ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में मैनुअल पंजीकरण के लिए संबंधित एजेंसी ने सेटअप लगाने में जुट गई है। पंजीकरण प्रारंभ करने के लिए उसे पर्यटन महकमे के आदेश का इंतजार है। इससे पहले ही आवश्यक कार्यों को एजेंसी के कर्मचारी पूरा करने में लगे हैं। चारधाम यात्रा को लेकर तीर्थनगरी ऋषिकेश में तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रियों के लिए संयुक्त यात्रा बस ट्रांजिट कंपाउंड के भवनों का रंगरोगन किया जा रहा है। पंजीकरण केंद्र में भी यात्रियों के लिए आवश्यक इंतजाम जुटाए जा रहे हैं। चारधाम यात्रा प्रबंधन एवं नियंत्रण संगठन पर तीर्थयात्रियों का सुविधाओं का जिम्मा है। यात्रा ट्रांजिट एवं पंजीकरण केंद्र में भी डोरमैट्री को वातानुकूलित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### सूर्य ग्रहण से पहले ...

दिन में ही अंधेरा हो जाता है और तापमान में गिरावट होती है। इस सूर्य ग्रहण का वैज्ञानिकों को इंतजार है। पूर्ण सूर्य ग्रह के दौरान सूर्य का कोराना नजर आ सकता है। इस दौरान सूर्य अपने 11 वर्षों के चक्र के चरम पर हैं। इसकी वजह से उसमें अधिक गतिविधि नजर आ रही है, लेकिन सूर्य ग्रहण से ठीक पहले वैज्ञानिकों ने अचानक से सूरज में शांति देखी है। इसके कारण वह हैरान हैं। सूर्य ग्रहण के दौरान एक समय ऐसा आता है, जब चंद्रमा पूरी तरह से सूर्य को ढक लेता है, जिसे समग्रता कहा जाता है। इस दौरान सूर्य का प्रकाश धरती पर नहीं पड़ता है। चंद्रमा के ठीक पीछे सूर्य का वायुमंडल यानी उसका कोरोना नजर आता है। लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि अचानक अप्रत्याशित तरीके से सूर्य में शांति नजर आई है। कुछ दिनों पहले ही सौर गतिविधि अधिक नजर आ रही थी। इसकी वजह से उम्मीद थी समग्रता के दौरान सूर्य से निकलने वाले तूफान और भी विशाल होंगे, जिन्हें देखा जा सकता है। हालांकि भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा। लेकिन अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की ऑफिसियल वेबसाइट पर सूर्य ग्रहण की लाइव स्ट्रीम देख सकते हैं। इसके साथ ही नासा के यूट्यूब चैनल पर भी सोमवार रात 10.30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगी।

### नासा के जेट करेंगे ...

*प्रभावित करता है।*

***ये भी जानकारी पाएगा नासा:*** *नासा के यह जेट जब उड़ान भरेंगे तो छिपे हुए उल्कापिंडों का भी पता लगाया जा सकता है, जो कि आमतौर पर सूर्य की चमक के कारण नहीं दिखते हैं। आयनमंडल माप के प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर भरत कुंदुरी ने एक बयान में कहा, 'ग्रहण मूल रूप से एक नियंत्रित प्रयोग के रूप में कार्य करता है। इससे हम यह समझने में मदद मिलेगी कि सौर विकिरण में परिवर्तन कैसे आयनमंडल पर प्रभाव डालता है। इससे रडार और जीपीएस जैसी कुछ तकनीक प्रभावित हो सकती है।*

### पीएम मोदी के ...

मोदी ने भी जनता का अभिवादन किया। खास बात ये है कि रोड शो के पूरे रूट में पीएम मोदी के हाथ में भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल रहा। रोड शो शाम करीब 6.30 बजे कटंगा चौराहे से शुरू हुआ, जो छोटी लाइन पर जाकर खत्म हुआ। रोड शो के रूट में पीएम मोदी के स्वागत के लिए कई मंच बनाए गए थे। कई जगह लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए लोग मंच पर चढ़ गए। शहर के गोरखपुर क्षेत्र में दो स्वागत मंच टूट गए। जिसके चलते मंच पर खड़े लोग नीचे गिर पड़े। हादसे में सात लोग घायल हो गए। घायलों में एक बच्ची, एक पुलिसकर्मी सहित चार लोगों को फ्रैक्चर आया है, जबकि तीन महिलाओं को मामूली चोट आई है। हालांकि पुलिस उन्हें समझाने में लगी थी, लेकिन लोग जबरदस्ती मंच पर चढ़ते रहे और उसके बाद यह हादसा हो गया। रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री के साथ मुख्यमंत्री यादव, मंत्री और स्थानीय विधायक राकेश सिंह तथा लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे वाहन में सवार थे। इससे पहले पीएम ने बिहार के नवादा और जलपाईगुड़ी में सभाएं ली।

**साधु-संतों ने किया पीएम मोदी का स्वागत:** खासबात ये रही कि रोड शो के रूट में साधु-संतों के लिए भी एक मंच बनाया गया था। पीएम मोदी जब यहां पहुंचे तो साधु-संतों ने मंत्रोच्चार के बीच उन पर फूल बरसाकर स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी हाथ जोड़कर अभिवादन किया और आशीर्वाद लिया।

### मंत्री राकेश सिंह...

आदेश दिया। मंत्री सिंह ने अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी इस घटना को लेकर चिंतित थे और उनके आदेश पर मैंने घायलों से मुलाकात की, जो मंच से गिरने की वजह से घायल हो गए। सभी ठीक हैं और घायलों का उचित इलाज दिया जा रहा है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे सभी जल्द ठीक हो जाएं।

### मुख्यमंत्री ने जताया ...

एक दिन पहले से ही पहुंचे हुए थे। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा के साथ सभी प्रदेश के नेता व प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

### खिड़की-दरवाजे तोड़कर ...

तीर्थ यात्री बस में सवार होकर नेपाल की ओर जा रहे थे। रविवार अलसुबह 5.15 बस जैसे ही देवास के मक्सी रोड के पास पहुंची उसमें आग लग गई। बस में बैठे मौजूद करीब 100 से ज्यादा लोग सो रहे थे। आग लगते ही बस में भगदड़ मच गई और सवारी बस का गेट तोड़कर बाहर निकले। इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को मिली तो तुरंत ही दोनों टीमें मौके पर पहुंचीं। फिर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में यात्रियों के लाखों रुपये का सामान भी जलकर खाक हो गया। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि बे लोग नेपाल में गुड़ी पड़वा और रामनवमी बनाने के लिए जा रहे थे।

### ऑन डिमांड चुराई गई ...

पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर, एसयूवी को आखिरी बार गुरुग्राम की ओर जाते देखा गया था और उस पर हिमाचल प्रदेश का नंबर था। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने ऑन डिमांड एसयूवी चुराई थी और इसे नागालैंड ले जाने की योजना बना रहे थे।

### गैस सिलेंडर में धमाके ...

अपने मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगे। तभी अचानक सिलेंडर फट गया। लिंडर में धमाके के साथ उसका एक टुकड़ा निखिल के सिर में जा घुसा। इससे निखिल की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि सिलेंडर में आग लगी थी। उससे महज 50 मीटर की दूरी पर खड़ा होकर दोनों युवक रील्स बना रहे थे और कुछ और लोग इस तमाशे को देख रहे थे। जैसे विस्फोट हुआ इसमें निखिल, अमन छोटेलाल और तुलाई घायल हो गए। पुलिस व अन्य लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां निखिल की मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री ने दिग्विजय ....

*सिंचाई से लेकर हर तरह की सुविधा दे सकते थे, पर नहीं दिया। दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है राजगढ़ का आपने काफी नुकसान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कांग्रेस के राजगढ़ से बड़े नेता, सांसद तो बने थे, लेकिन इन कांग्रेस के नेताओं ने राजगढ़ को सदैव कुचलने, दबाने और डराने का प्रयास किया। राजगढ़ के साथ आपने हमेशा सौतेला व्यवहार किया था। जब आपकी सरकार थी तब राजगढ़ में कुंडालिया बांध, मोहनपुरा बांध और मेडिकल कॉलेज पहले क्यों नहीं आ सकते थे। राजगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार करने का पाप उनके माथे पर है जो फिर हाथ जोड़ने आपके बीच में आए हैं।*

### जिनकी सेवानिवृत्ति में...

आर्डर को ध्यान में रखकर ही कार्रवाई करें। इस आर्डर में ऐसे शासकीय सेवकों को छूट दी गई है। दरअसल, प्रदेश के साथ ही साथ भोपाल जिले में ही ऐसे शासकीय सेवकों की ड्यूटी चुनाव कार्य में लगा दी गई है, जिनकी सेवानिवृत्ति महज कुछ महीने ही बचे हैं। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने आयोग के निर्देशों का पालन नहीं किया। इसकी वजह से ऐसे शासकीय सेवकों के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इसमें से कई तो ऐसे हैं जो बीमार हैं या फिर उनके परिवार में कोई न कोई अस्वस्थ है। यहां तक की उम्र अधिक होने से वे ड्यूटी कर पाने में लगभग असमर्थ हैं। पर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय इसे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। उनकी परेशानी बढ़ी हुई है। अब शासकीय सेवकों ने चुनाव आयोग से अपने ही आदेश का पालन नहीं करने पर ध्यान आकृष्ट कराया है। साथ में आयोग के स्टैंडिंग आर्डर की प्रति लगाकर उनकी ड्यूटी तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

### अब एआई के जरिए ...

कि अगले कुछ वर्षों में उभरती हुई प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की पूरक होंगी, जिनका वर्तमान में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए उपयोग किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में तेजी से मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणालियों को बढ़ा रहा है।

### 39 डॉप्लर मौसम ...

और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने वर्ष 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया है और मौसम के बारे में जानकारी जुटाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जा सकता है। महापात्रा ने आगे कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

**विशेषज्ञ समूहों का गठन हुआ:** आईएमडी के महानिदेशक ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूहों का गठन किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों पूर्वानुमान सटीकता में सुधार के लिए एक दूसरे के पूरक होंगे। दोनों साथ-साथ काम करेंगे और दूसरे की जगह कोई नहीं ले सकता। स्थानीय पूर्वानुमानों की आवश्यकता पर महापात्रा ने कहा, 'हमारा लक्ष्य पंचायत या गांव स्तर पर पूर्वानुमान देना है। कृषि, स्वास्थ्य, शहरी नियोजन, जल विज्ञान और पर्यावरण में क्षेत्र-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए मौसम की जानकारी तैयार करना हमारा उद्देश्य है।

---

सेंट्रल जेल में खुद्दाम ए मिल्लत का 13वां रोजा इफ्तार

# तकरीर और दुआ में आंसुओं से तर हो गईं कैदियों की आंखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सेन्ट्रल जेल में खुद्दाम ए मिल्लत की जानिब से भव्य रोजा अफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एक जाजम पर बैठकर हिंदू-मुस्लिम कैदियों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। यह कार्यक्रम खुद्दाम ए मिल्ल्त कि जानिब से किया गया खुद्दाम ए मिल्ल्त के संयोजक क़ाज़ी सय्यद दानिश परवेज़ नदवी ने बताया कि रोजा इफ्तार कार्यक्रम से पहले तकरीर हुई, जिसमें मुख्य अथिति धर्मगुरु जनाब मौलाना शम्स उद्दीन साहब नदवी ने तकरीर करते हुए कैदियों को अपना आचरण व किरदार सुधारने की नसीहत की।

उन्होंने कहा कि कोई इंसान अगर गुनाह करता है और उस पर शर्मिंदा होकर अपने जीवन में सुधार लाता है तो उसके लिए माफी के दरवाजे खुल जाते हैं। तकरीर में कैदियों से जीवन में सुधार लाने का आह्वान करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि इंसान इस धरती पर अमन सुकून और इंसानियत की भलाई के लिए आया है लड़ाई झगड़ा और बुराइयों से बचना ही मजहब में बताया गया है और इसी में सभी इंसानों का भला है। जेल सजा की नहीं सुधार की जगह है। कैदियों को चाहिए कि वह अपनी जिंदगी में बदलाव लाएं और समाज में अच्छाई फैलाएं।

क़ाज़ी सय्यद दानिश परवेज़ नदवी ने अपनी तकरीर में कहा कि यह कार्यक्रम सिर्फ इफ्तार का प्रोग्राम नहीं है बल्कि इसका मक़सद इंसानियत की खिदमत करना है। ऐसे लोग जो अपने गुनाहों की वजह से दुनियावालों से, अपने परिवार व से दूर हैं और जेलों में बंद हैं। खुद्दाम ए मिल्लत के लोग उनके साथ जेल आ कर रोज़ा इफ्तार करते हैं ताकि यहां बंदी खुद्दाम ए मिल्लत के साथ अपना दर्द बांट सकें। रोजा इफ्तार के इस मुबारक मौके पर कैदियों ने नेक राह पर चलने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरान से हाफिज कारी सय्यद शाहवेज परवेज़ नदवी साहब ने की। इस मौके पर सेंट्रल जेल भोपाल के जेलर सरोज मिश्रा एवं समस्त वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित थे। स्वागत एवं शुक्रिया खुद्दाम ए मिल्ल्त के संरक्षक सय्यद परवेज़ खलील साहब ने किया। गौरतलब है कि पिछले 13 वर्षों से खुद्दाम ए मिल्ल्त के संयोजक क़ाज़ी सय्यद दानिश परवेज़ नदवी अपने साथियों के साथ सेंट्रल जेल में सामूहिक रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित कर सांप्रदायिक सोहार्द की अनूठी मिसाल पेश की जा रही है।

---

भोपाल इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलाजी की कॉफ्रेंस का समापन

# शुरुआती स्टेज में पेट के कैंसर का पता लगाने में क्रोमोएन्डोस्कोपी काफी मददगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कैंसर का पता लगाने में क्रोमोएन्डोस्कोपी काफी मददगार होती है। क्रोमोएंडोस्कोपी एक संशोधित गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) एंडोस्कोपी प्रक्रिया है जो पाचन तंत्र की परत (म्यूकोसा) में कैंसर के धब्बे का पता लगाने दाग, रंगद्रव्य या रंगों का उपयोग करती है।

यह कहना है इंदौर से आए डॉ. अजय कुमार जैन का। वह भोपाल इंस्टीट्यूट आफ गैस्ट्रोएंटरोलाजी द्वारा आयोजित बिग अपडेट 24 कॉफ्रेंस के समापन बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि नई तकनीकी सहायता से कैंसर के इलाज में आसानी हुई है।

इस मौके पर अपोलो अस्पताल बिलासपुर के डॉ. देवेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में कैंसर के मामले बढे हैं। शुरुआती स्टेज में पेट के कैंसर में लोगों को कोई लक्षण नहीं दिखता है, लेकिन जैसे-जैसे कैंसर बढ़ने और फैलने लगता है। इसके लक्षणों को महसूस किया जा सकता है। इनमें नाभि के ऊपर पेट में दर्द, पेट में जलन, थोड़ा सा खाना खाने पर ही पेट भरा सा महसूस होना, बार-बार अपच की समस्या होना, मतली और उल्टी, भूख में कमी होना, तेजी के साथ वजन कम होना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मोटापा पेट के कैंसर की वजह बन सकता है। इसलिए रोज एक्सरसाइज करें। इससे आपका वजन भी कम होगा और आपकी सेहत भी अच्छी रहेगी। कॉफ्रेंस के दौरान एचसीसी की जांच कैसे करें, एचसीसी के लिए नई थेरेपी, एचसीसी के स्टेजिंग और उपचार पर भारतीय सहमति, एचसीसी में इंटरवेंशनल रेडियोलाजी की भूमिका पर विचार रखे।

### सरकारी अस्पताल के डॉक्टर्स भी हुए शामिल

*कॉफ्रेंस के मीडिया प्रभारी आईके चुग ने बताया कि जीआई लिवर कैंसर के प्रबंधन की नई तकनीकों और प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति से प्रदेश के नहीं देशभर से आए डॉक्टर भी रूबरू हुए। डॉ चुग ने कहा कि ऐसे कॉफ्रेंस में प्रदेश के हर जिले एक सरकारी अस्पताल डॉक्टर भी शामिल हुए। जिससे सरकारी डॉक्टर्स भी स्वास्थ्य सुविधाओं के नए नवाचार से अवगत हो सकें।*

### लाइफस्टाइल में चेंज की वजह से हो रहा कैंसर

*बिग अपडेट क्रांफ्रेंस के आयोजक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि लाइफस्टाइल में चेंज की वजह से कैंसर हो रहा है। पान गुटका तंबाकू, शराब आदि प्रमुख कारण हैं। गॉलब्लेडर का कैंसर भोपाल में काफी हो रहा है। हालांकि लोगों में जागरूकता बढ़ रही है, लेकिन वह नाकाफी है। डॉ. सिंह ने कहा कि भोपाल में कैंसर के इलाज की सुविधाएं बढ़ी हैं।*

---

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यकता**
सिक्योरिटी कंपनी को भारी मात्रा में अनुभवी गार्ड, लेडी गार्ड एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन दी जावेगी। तुरंत संपर्क करे। 9630490364, 9993771317
B- 04/04 to 03/05/24

**फायनेन्स**
समस्त भारत में मुद्रा योजना द्वारा एज्युकेशन, पर्सनल, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, बिजनेस व मकान, दुकान के लिए आधारकार्ड, पैन कार्ड पर लोन 2% ब्याज, 50% छूट उपलब्ध संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9540069704.
R- 03,04,07,08,10/04/24

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

ग्राम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
1200/-
10X4
अन्य साईज में
40
1 अप्रैल 2022 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवायें। लाभ नहीं तो पैसे वापिस। 08116592844
R-28/03 to 12/05/24 not on 17/4

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंझिल पुरानी कबियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

कृत्रिम अंग (पैर)
कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

## राशिफल

**मेष:** वस्तों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में लाभ के अवसर बढ़ेंगे।

**वृष:** आशा-निराशा के भाव रहेंगे। वाणी के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क:** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। सचेत रहें। कारोबार में परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**तुला:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग है।

**धनु:** वाणी के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। जीवनसाथी से मतभेद हो सकते हैं।

**मकर:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**कुंभ:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। कुछ कठिनाइयां भी आ सकती है।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

## शब्द पहेली - 5475

**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

शब्द पहेली- 5474 का हल

सूडोकू नवदाल - 5486
सूडोकू नवदाल - 5485 का हल

## खबर संक्षेप

### विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** आईटी कंपनी विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में इसकी घोषणा की। कंपनी ने श्रीनिवास पल्लिया को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। कंपनी ने बीएसई फाइलिंग में कहा, विप्रो के बोर्ड ने 6 अप्रैल 2024 से डेलापोर्टे के इस्तीफे को नोट किया और कहा कि उन्हें 31 मई 2024 को व्यावसायिक घंटों की समाप्ति से कंपनी के रोजगार से मुक्त कर दिया जाएगा।

### होलानी ग्रुप का एसएमई फोकस्ड फंड लांच

**मुंबई।** होलानी ग्रुप को सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ़ इंडिया (सेबी) द्वारा प्रतिष्ठित कैटेगरी 1 अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) लाइसेंस प्राप्त हुआ है जिससे वित्तीय सेवा क्षेत्र में उसकी स्थिति और मजबूत हो रही है। होलानी कंसलटेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटर अशोक होलानी ने 'होलानी वेंचर्स कैपिटल फंड' लाचं किया है। 300 करोड़ के फंड आकार और 100 करोड़ के ग्रीन शू ऑप्शन के साथ 400 करोड़ रुपए का होलानी ग्रुप एसएमई क्षेत्र के अंदर निवेश सुअवसरों का दोहन करने के लिए बेहतर स्थिति में है।

### सर्वेश्वर ने किया ग्रीन प्वाइंट का अधिग्रहण

**मुंबई** । सर्वेश्वर फूड्स ने घोषणा की है कि 100 फीसदी ऑर्डिनरी शेयर्स यानी 1 एसजीडी की फेस वैल्यू का 1 ऑर्डिनरी शेयर और ग्रीन पॉइंट पीटीई लिमिटेड के बिजनेस के अधिग्रहण से जुड़ी अपनी पूर्व सूचना को जारी रखते हुए, कंपनी ने ग्रीन पॉइंट पीटीई लिमिटेड के 100फीसदी साधारण शेयर और बिज़नेस का अधिग्रहण कर लिया है। इसके बाद, ग्रीन पॉइंट सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन गई है। ग्रीन प्वाइंट पीटीई लिमिटेड का टर्नओवर 3,139,471 अमेरिकी डॉलर था।

### तीर्थ गोपीकॉन का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड, प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनीने 8 अप्रैल 2024 को अपने इनिशियल पब्लिक आफरिंग के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है। कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत निश्चित मूल्य पर 4,439.56 लाख एकत्र करने का है। कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.इश्यू साइज 10 प्रत्येक सम भाव पर 39,99,600 इक्विटी शेयर्स तक है। आईपीओ से प्राप्त धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने वित्त पोषण करने के लिए किया जाएगा।

### पैरामाउंट को मिली बीबीबी क्रेडिट रेटिंग

**नई दिल्ली।** वायर और केबल इंडस्ट्री कंपनी पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने घोषणा की है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने कंपनी को आईसीआरए/बीबीबी पर बैंक फैसिलिटीज़ द्वारा लांग-टर्म रेटिंग दी है। फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्य 30.3 फीसदी बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की तीसरी तिमाही में 2,180.9 मिलियन रुपए से फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 2,842.5 मिलियन रुपए हुआ ।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इस बात की जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI ने दी। यह लगातार छठा सप्ताह है, जब फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व बढ़ा है। इससे एक सप्ताह पहले देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.63 अरब डॉलर हो गया था। इससे पहले देश का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व सितंबर 2021 में 642.45 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था।

# चीनी लहसुन की तस्करी ने बढ़ाई भारतीय किसानों के लिए समस्या

## नेपाल के माध्यम से अवैध रूप से बिहार, उत्तरप्रदेश और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में लाया जा रहा लहसुन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बड़ी मात्रा में तस्करी किए गए चीनी लहसुन ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस समस्या से निपटने के लिए सीमा शुल्क अधिकारियों ने नेपाल, बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों के माध्यम से तस्करी को रोकने के लिए सीमा शुल्क चौकियों पर निगरानी बढ़ा दी है, खोजी कुत्तों को नियुक्त किया है और स्थानीय खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय किया है।

एक सीमा शुल्क अधिकारी ने तस्करी के मामलों में वृद्धि की सूचना दी है, विशेष रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में, जहां नेपाल के माध्यम से अवैध रूप से लहसुन लाया जाता है।

**खास बातें**

- तस्करी को रोकने के लिए सीमा शुल्क चौकियों पर निगरानी
- तस्करी के जरिए लाया गया लहसुन कीटनाशकों के अधिक अवशेष स्तर से दूषित हो सकता है



### 2014 से चीनी लहसुन के आयात पर प्रतिबंध

*देश में फंगस लगे लहसुन के प्रवेश पर चिंताओं के कारण 2014 से चीनी लहसुन के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा, ऐसी आशंकाएं भी हैं कि तस्करी के जरिए लाया गया लहसुन कीटनाशकों के अधिक अवशेष स्तर से दूषित हो सकता है। हाल की जब्ती में सिकटा भूमि सीमा शुल्क चौकी पर 1.35 करोड़ रुपए मूल्य की 64 हजार किलोग्राम की खेप शामिल है। चीनी लहसुन की तस्करी में वृद्धि का कारण भारतीय घरेलू बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी और निर्यात में तेज वृद्धि है।*

### स्थानीय व्यापारियों ने चीनी लहसुन की आमद पर चिंता जताई

जानकारों के अनुसार अनुमान है कि भारत में 1,000-1,200 टन चीनी लहसुन का भंडार है, नवंबर के बाद से कीमतें लगभग दोगुनी होकर 450-500 रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई हैं। स्थानीय व्यापारियों ने चीनी लहसुन की आमद के बारे में चिंता व्यक्त की है, जिससे सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा है। भारत और चीन दोनों ही लहसुन के प्रमुख उत्पादक हैं। भारत में, विशेष रूप से कोविड-19 के बाद, अमेरिका, पश्चिम एशिया, ब्राजील और एशिया जैसे देशों से लहसुन की मांग में वृद्धि देखी गई है। मसाला बोर्ड के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत ने 246 करोड़ रुपए मूल्य के 57,346 टन लहसुन का निर्यात किया। अप्रैल-सितंबर की अवधि के दौरान महत्वपूर्ण निर्यात 277 करोड़ रुपए मूल्य के 56,823 टन तक पहुंच गया।

# करदाताओं को आईटीआर रिटर्न दाखिल करने में आयकर विभाग ने बनाया सक्षम


## आईटीआर-1, 2 और 4 ऑनलाइन अपलोड अब रिटर्न भर सकते हैं आयकर दाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा करने से संबंधित फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और बीते चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं। हाल के वर्षों में पहली बार आयकर विभाग ने करदाताओं को नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही अपना आईटी रिटर्न दाखिल करने में सक्षम बनाया है।

यह कर अनुपालन में सुगमता और निर्बाध करदाता सेवाओं की दिशा में उठाया गया कदम है। चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल भी किए जा चुके हैं। सीबीडीटी ने कहा है कि आईटीआर -3, 5 और 7 फॉर्म दाखिल करने की सुविधा भी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) बड़ी संख्या में छोटे और मझोले करदाताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। वहीं आईटीआर-2 आवासीय संपत्ति से आय वाले लोगों द्वारा दाखिल किया जाता है।

अब तक 23 हजार ने फाइल किया आईटीआर



### ऑनलाइन फाइलिंग की सुविधा शुरू

उल्लेखनीय है कि सहज फॉर्म को 50 लाख रुपए तक की आय वाला निवासी व्यक्ति दायर कर सकता है। यह आय वेतन, एक गृह संपत्ति,अन्य स्रोत (ब्याज) और 5,000 रुपए तक की कृषि आय हो सकती है। वहीं सुगम फॉर्म को ऐसे व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवारों और फर्मों (एलएलपी को छोड़कर) द्वारा दायर किया जा सकता है जिनकी व्यवसाय और पेशे से कुल आय 50 लाख रुपए तक है। नए वित्त वर्ष की शुरुआत होते ही ऑनलाइन फाइलिंग की सुविधा शुरू हो गई है और इन चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल भी किए जा चुके हैं। सीबीडीटी ने कहा कि आईटीआर 3, 5 और 7 फॉर्म दाखिल करने की सुविधा भी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी।

### ई-पोर्टल पर आईटीआर के सभी फॉर्म उपलब्ध

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा कि उसने करदाताओं को आकलन वर्ष 2024-25 के लिए एक अप्रैल 2024 से अपने आईटीआर दाखिल करने की सुविधा दे दी है। आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले फॉर्म आईटीआर-1, आईटीआर-2 और आईटीआर-4 करदाताओं के लिए रिटर्न दाखिल करने के लिए 1 अप्रैल 2024 से ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इसके साथ ही सीबीडीटी ने कहा कि कंपनियां भी एक अप्रैल से आईटीआर-6 के माध्यम से अपने आईटीआर दाखिल कर सकती हैं।

**सोना 6 महीने में 25 फीसदी महंगा हुआ**

# 58 हजार से 72 हजार के पार पहुंचा, साल के अंत तक 75 हजार पहुंचने की उम्मीद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोना फिलहाल रिकॉर्ड तोड़ तेजी की ओर अग्रसर है। स्थानीय सराफा चौक बाजार में 24 कैरेट सोने के दाम 72100 रुपए और जेवराती (22 कैरेट) सोने की कीमत 68,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच चुकी है। बाजार जानकार अनुमान जता रहे हैं कि अभी सोने और चमकेगा। अमेरिका में ब्याज दर में कटौती पर अनिश्चितता के बीच डॉलर में कमजोरी से सोना ऊंचाई छू रहा है।

भोपाल श्रीसराफा एसोसिएशन के नवनीत अग्रवाल और श्री भोपाल सराफा अरेरा दस नंबर व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष आनंद सोनी ने बताया कि बीते 6 माह में सोना पहले ही लगभग 25 फीसदी रिटर्न दे चुका है। ये बीते 6 महीनों में ही 58 हजार से 72 हजार पर पहुंच गया है। इस साल यानी महज तीन महीने में भी इसने 10 फीसदी से अधिक रिटर्न दिया है।

सराफा व्यापारी नवनीत अग्रवाल का मानना है कि 2024 के आखिर तक सोने की कीमत 75,000 रुपए तक पहुंच सकती है। इसका मतलब है कि सोने में 3 हजार रुपए से अधिक की तेजी की और गुंजाइश है। ऐसे में सोने ज्वेलरी खरीदने और सोने में निवेश का यह बेहतर मौका हो सकता है।



### फिलहाल दाम घटने की संभावना नजर नहीं आती

सराफा व्यापारी आनंद सोनी के अनुसार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बावजूद सोने के दाम घटने की कोई वजह नजर नहीं आ रही है। निवेश के लिए इसकी डिमांड बढ़ती ही जा रही है। सोने की कीमतों में बीते 20 सालों से लगातार तेजी देखी जा रही है। अगर महंगाई बढ़ी तो सोने के दाम और बढ़ेंगे। अमेरिका के चुनाव के नतीजों का असर भी सोने पर हो सकता है। हालात ऐसे हैं कि 2025 तक सोने की कीमतें बढ़ती रहेंगी।

# एथर एनर्जी ने लांच किया फैमिली स्कूटर 'रिज्टा'




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता एथर एनर्जी नेबेंगलुरु में दूसरे एथर कम्युनिटी-डे के अवसर पर अपना फैमिली स्कूटर, रिज्टा लांच किया। रिज़्टा परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन और इंजीनियर किया गया है। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर आराम, सुविधा और सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देता है। राइडिंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए इसमें कई नए कनेक्टेड फीचर्स दिए गए हैं। एथर एनर्जी के को-फाउंडर एवं सीईओ, तरुण मेहता ने कहाकि इसके डैशबोर्ड में स्किडकंट्रोल और व्हाट्सएप जैसे आधुनिक फीचर्स शामिल हैं। बाजार में बढ़त बनाने के लिए रिज़्टा को काफी प्रतिस्पर्धी शुरुआती मूल्य 1,09,999 में लॉन्च किया गया है।


**अब बैंक स्टेटमेंट से नहीं होगी म्यूचुअल फंड की केवाईसी**

# नियामक ने वैलिड डॉक्यूमेंट की लिस्ट से बैंक स्टेटमेंट और यूटिलिटी बिल को हटाया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड के निवेशकों के लिए फ्रेश केवाईसी अनिवार्य कर दिया है। इसकी डेडलाइन 31 मार्च को ही बीत चुकी है,लेकिन निवशकों को अकाउंट ब्लॉक होने से राहत दी जा चुकी है। अब केवाईसी पर डॉक्यूमेंट को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है।

सेबी ने केवाईसी डॉक्यूमेंटेशन में कुछ बदलाव किया है। नए वित्त वर्ष की शुरुआत यानी 1 अप्रैल 2024 से लागू हुए बदलावों के अनुसार अब कुछ चुनिंदा डॉक्यूमेंट के साथ ही निवेशक फ्रेश केवाईसी करा सकते हैं। बहुत सारे निवेशक केवाईसी कराने में बैंक स्टेटमेंट या यूटिलिटी बिल जैसे दस्तावेजों का इस्तेमाल करते थे, नियामक ने उन्हें झटका दिया है और वैलिड डॉक्यूमेंट की लिस्ट से बैंक स्टेटमेंट और यूटिलिटी बिल को हटा दिया है।




### ये डॉक्यूमेंट होंगे स्वीकार

आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, रेगुलेटर के साथ एग्रीमेंट के तहत केंद्र के द्वारा स्वीकृत कोई अन्य दस्तावेज।

### इससे पहले दी गई ये राहत

इससे पहले म्यूचुअल फंड के निवेशकों को फ्रेश केवाईसी के मामले में कुछ राहत मिली है। पहले कहा जा रहा था कि 31 मार्च तक फ्रेश केवाईसी नहीं कराने वाले निवेशकों के म्यूचुअल फंड अकाउंट ब्लॉक हो जाएंगे। अब इसमें छूट देते हुए कहा गया है कि अगर कोई निवेशक 31 मार्च तक फ्रेश केवाईसी नहीं करा पाता है, तब भी वह अपने म्यूचुअल फंड फोलियो में ट्रांजेक्शन कर पाएगा। 31 मार्च 2024 तक फ्रेश केवाईसी नहीं कराने पर म्यूचुअल फंड अकाउंट ब्लॉक नहीं किए गए हैं, बल्कि उन्हें होल्ड पर डाला गया है। जैसे ही निवेशक फ्रेश केवाईसी कराएंगे, उनके म्यूचुअल फंड अकाउंट को होल्ड से हटा दिया जाएगा।

### इन दस्तावेजों से नहीं चलेगा काम

सेबी ने म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स को बताया है कि अब बैंक स्टेटमेंट या यूटिलिटी बिल जैसे डॉक्यूमेंट केवाईसी में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। केवाईसी में इंवेस्टर को एक केवाईसी फॉर्म भरना पड़ता है, जिसके साथ में आइडेंटिटी प्रूफ और एड्रेस प्रूफ का दस्तावेज जमा करना होता है।

### एनईसीसी बोर्ड ने दी इक्विटी शेयर्स और वारंट के अलॉटमेंट को मंज़ूरी

**नई दिल्ली।** नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनईसीसी) डोमेस्टिक, इंटरनेशनल, कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल माल परिवहन में लीडिंग कंपनी ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 6,70,000 इक्विटी शेयर्स के आवंटन को मंज़ूरी दे दी है और 39,55,062 शेयर वारंट 10/- रुपये की फेस वैल्यू से 32.05 रुपए कीमत पर जिसमें 22.05 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का प्रीमियम शामिल है, कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी रेग्युलेशन और अन्य लागू कानूनों के अनुसार निजी प्लेसमेंट के आधार पर प्रेफरेंशियल इश्यू के माध्यम से कैश कंसीडरेशन के लिए प्रमोटर्स और अन्य नॉन-प्रमोटर ग्रुप के व्यक्ति को प्रेफरेंशियल बेसिस पर इक्विटी शेयर्स में कन्वर्टबल हैं।

## बिजनेस न्यूज

### पेन मैनेजमेंट और जॉइंट वैलनेस का नि:शुल्क चेकअप कैंप

**भोपाल ।** महर्षि वैदिक हेल्थ सेंटर द्वारा संचालित मल्टी स्पेशलिटी आयुर्वेद हॉलिस्टिक अवेयरनेस सेंटर और ओजस फाउंडेशन भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में सात अप्रैल को भोपाल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में पेन मैनेजमेंट और जॉइंट वैलनेस से संबंधित रोगों के लिए फ्री चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में मुंबई के सुप्रसिद्ध नाड़ी वैद्य विनायक तायडे और राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त पंचकर्म विशेषज्ञ वैद्य मधुसूदन देशपांडे उपस्थित रहेंगे । इनके अलावा अनुवर्ती चिकित्सक के रूप में महर्षि वैदिक स्वास्थ्य केंद्र के वैद्य विवेक बाथम एवं ओजस आयुर्वेद संस्थान के विशेषज्ञ वैद्य शैलेश मानकर उपस्थित रहेंगे।

### आकाश एजुकेशन के शेयरों की बिक्री रोकी गई

**नई दिल्ली।** एडटेक कंपनी बायजू (आकाश एजुकेशन) एक और झटका लगा है। बायजू ने 42 मिलियन डॉलर के ऋण की शर्तों का उल्लंघन किया है और एक मध्यस्थ ने उसे समूह फर्म के कुछ शेयर नहीं बेचने के लिए कहा है। साल 2022 तक बायजू भारत का सबसे बड़ा स्टार्टअप था, तब इसका मूल्य 22 अरब डॉलर था लेकिन ऑडिटर के बाहर निकलने, नियामक जांच और इसके निवेशकों द्वारा कुप्रबंधन के लिए इसके सीईओ बायजू रवींद्रन को बाहर करने की मांग के बीच लगातार कंपनी की मुश्किलें बढ़ती गई। वर्तमान में कंपनी का मूल्य लगभग 25 करोड़ डॉलर है। कंपनी शुरुआत से ही अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को खारिज करती रही है।

### रिलायंस की मार्केट वैल्यू 38 हजार करोड़ से ज्यादा गिरी

**मुंबई।** शेयर बाजार में लिस्टेड मार्केट कैपिटलाइजेशन के लिहाज से देश की टॉप-10 में से 6 कंपनियों की कंबाइंड मार्केट-वैल्यू में पिछले हफ्ते 78,127.48 करोड़ रुपए की कमी आई है। इनमें देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप सबसे ज्यादा 38,462.95 करोड़ रुपए गिरा है। कंपनी का मार्केट कैप अब 19.76 लाख करोड़ रुपए हो गया है। रिलायंस के अलावा, एयरटेल, आईसीआईसीआईबैंक, इंफोसिसि, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप इस दौरान कम हुआ है।

### निप्पॉन पेंट ने लांच किया पेंट रिपेयर सर्विस ब्रांड मास्टरक्राफ्ट

**नई दिल्ली।** पेंट एवं कोटिंग कंपनी निप्पॉन पेंट ने उपभोक्ताओं के लिए अपना ऑटोमोटिव बॉडी एवं पेंट रिपेयर सर्विस ब्रांड मास्टरक्राफ्ट लांच किया है। मास्टरक्राफ्ट जापानी शुद्धता एवं टेक्नोलॉजी आधारित अनुकरणीय बॉडी एवं पेंट वर्क, कार डेकोरेशन सर्विसेज़ और अल्ट्रा-फास्ट वेलोसिटी रिपेयर्स का वादा करता है। प्रथम मास्टरक्राफ्ट स्टोर को गुरुग्राम में स्थापित किया गया है। एन-स्क्वायर ऑटोमोटिव सर्विसेज़ द्वारा परिचालित मास्टरक्राफ्ट गुरुग्राम, दिल्ली, गुरुग्राम और एनसीआर के उन विवेकी ऑटोमोबाइल मालिकों को सेवाएं प्रदान करेगा जो त्रुटिहीन पेंट फिनिशेज़ की चाहत रखते हैं। गुरुग्राम का यह सेंटर प्रतिवर्ष करीब 2500 कारों की रिपेयरिंग क्षमता के साथ अनूठी, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और ग्रीन सॉल्यूशंस उपलब्ध कराएगा।

### एक्सॉन मोबिल वन मोटर ऑयल की 50वीं वर्षगांठ मनाएंगा

**बेंगलुरु।** एक्सॉन मोबिल को वैश्विक बाजार में मोबिल 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50वीं वर्षगांठ मनाने पर गर्व है। 2024 में एक्सॉन मोबिल साझेदारी, मोटरस्पोर्ट्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल वन ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा। जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा। पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरुआत करने और फिर मोबिल 1 ब्रांडेड तेलो की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल वन ब्रांड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है।

### देव इंफॉर्मेशन को मिला ऑर्डर

**अहमदाबाद।** देव इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड एक एंड-टू-एंड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्रोवाइडर जो क्लाउड, ऑटोमेशन और डेटा टेक्नोलॉजीज का लाभ उठाते हुए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन देता है, कंपनी द्वारा घोषणा की गई है कि लिलीकोई, एक लीडिंग आईओटी/एआई इकोसिस्टम प्रोवाइडर है जिसका मुख्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका में है, उन्होंने देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लिमिटेड के साथ 0.55 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का अपना इनॉगरल वर्क ऑर्डर शुरू किया है।

### हुंडई मोटर ने पहुंचाई 15 लाख से लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं

**गुरुग्राम।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की सीएसआर इकाई हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन अपनी स्पर्श संजीवनी पहल के माध्यम से सामाजिक कल्याण एवं मानवीय सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। 2021 में शुरू की गई इस पहल ने भारत के सात राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों के 15 लाख से ज्यादा लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाया है। हुंडई मोटर के ग्लोबल विजन 'प्रोग्रेस फॉर ह्यूमैनिटी' के अनुरूप यह पहल सात राज्यों में अपने 35 टेलीमेडिसिन क्लीनिक एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को आसान, किफायती और भरोसेमंद बना रही है। इन राज्यों में हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, गुजरात और ओडिशा शामिल हैं।

### ओरिएंटल इंस्टीट्यूट में प्रिंसिपल और टीचर्स के लिए आईडीई बूट कैंप आयोजित

**भोपाल।** ओरिएंटल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने एनसीईआरटी के सहयोग से एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी), डीओएसईएल द्वारा प्रायोजित इनोवेशन, डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता पर दो दिवसीय बूटकैंप की मेजबानी की ओरिएंटल इंस्टीट्यूट कैंपस में 4-5 अप्रैल को आयोजित बूट कैंप में मध्यप्रदेश के पीएमश्री, नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के लगभग 170 प्राचार्य और शिक्षकों ने हिस्सा लिया । आईडीई बूटकैंप एक अनूठी पहल है जिसका उद्देश्य स्कूल शिक्षकों के नवाचार, डिजाइन और उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देना है। यह पहला मौका है, जब स्कूली बच्चों को ध्यान में रखकर इस प्रकार का कोई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इससे बच्चों में शुरुआत दौर से स्वयं का स्टार्टअप और बिजनेस शुरू करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस कार्यक्रम की शोभा शिवेंद्र मणि त्रिपाठी (एआईसीटीई क्षेत्रीय समन्वयक) ने बढ़ाई। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के पांच विशेषज्ञ वक्ता शामिल थे। डॉ. नीलम सक्सेना और श्री अमित सिंह ने महत्वपूर्ण सत्र दिए, जिसके बाद आशीष मिश्रा, डॉ. राजीव अग्रवाल और प्रदीप करंबेलकर ने शंकाओं का समाधान किया और बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। यह आयोजन ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के अध्यक्ष प्रवीण ठकराल के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने उद्यमिता और नवाचार के लिए आयोजित सत्र की भी सराहना की।



### जेनसोल इंजीनियरिंग के राजस्व में 141 फीसदी की वृद्धि

**अहमदाबाद।** जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड सोलर पावर इंजीनियरिंग, खरीद और कंस्ट्रक्शन सर्विसेज और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सॉल्यूशंस में विशेषज्ञता वाले रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में एक लीडिंग प्लेयर है, कंपनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष में ऑपरेशंस से अपना अब तक का सबसे अधिक रेवेन्यू 960 करोड़ रुपए (प्रोविजनल और अनऑडिटेड) दर्ज किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 141 फीसदी की एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी ग्रोथ रेट का प्रतिनिधित्व करती है। पिछले वर्ष का यह आंकड़ा 398 करोड़ रुपये था। जेनसोल का असाधारण प्रदर्शन उद्योग में अग्रणी के रूप में उसकी स्थिति पर जोर देता है, उभरते अवसरों को भुनाने और अपने हितधारकों को मूल्य प्रदान करने की उसकी क्षमता को प्रदर्शित करता है।

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना**
उप मुख्य अभियंता-III/ निर्माण/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदायें आमंत्रित करते है। **(1) निविदा सं:** उप मु अभि.नि.-III-भो-03-2024, दिनांक 04.04.2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** रामगंजमंडी-भोपाल नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में एसएचआरएन-ब्यावरा राजगढ़ से प्रस्तावित नई लाइन पर सीटू ग्लूड इंसुलेटेड ज्वाइंट्स में 60 किग्रा/52 किग्रा का विनिर्माण/निर्माण कार्य करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 129.7 लाख **बयाना राशि:** ₹ 2,14,900/- **निविदा खुलने की तिथि:** 29.02.2024 **कार्य समापन अवधि (माह):** 18 माह हारवेस्ट एवं मानूसन सत्र सहित। **(2) निविदा सं:** उप मु अभि.नि.-III-भो-04-2024, दिनांक 04.04.2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** रामगंजमंडी-भोपाल नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में मध्य प्रदेश राज्य में ब्यावरा राजगढ़ किलो मीटर 164 से किलोमीटर 235 के बीच एटी वेल्डिंग कार्य करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 102.33 लाख **बयाना राशि:** ₹ 2,01,200/- **निविदा खुलने की तिथि:** 29.02.2024 **कार्य समापन अवधि (माह):** 18 माह हारवेस्ट एवं मानूसन सत्र सहित। **(3) निविदा सं:** उप मु अभि.नि.-III-भो-05-2024, दिनांक 04.04.2024 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** रामगंजमंडी-भोपाल नई बीजी रेल लाइन परियोजना के संबंध में मध्य प्रदेश राज्य में बियावरा राजगढ़ किलो मीटर 164 से किलोमीटर 268 अनुभाग के बीच विभिन्न स्थानों पर टीएसएस, एसएसपी और एसपी का निर्माण कार्य करना। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 766.09 लाख **बयाना राशि:** ₹ 5,33,500/- **निविदा खुलने की तिथि:** 29.02.2024 **कार्य समापन अवधि (माह):** 12 माह हारवेस्ट एवं मानूसन सत्र सहित। ई-निविदा का संपूर्ण विवरण वेबसाइट IREPS (www.ireps.gov.in) पर देखा जा सकता है एवं उप मुख्य अभियंता/ निर्माण/ पश्चिम मध्य रेल/ हबीबगंज/ भोपाल के कार्यालय के सूचना पट पर भी उपलब्ध है। ई-निविदा के अलावा और कोई निविदा मान्य नहीं है। निविदाकार वेबसाइट को निविदा खुलने की तिथि तक लगातार देखते रहे ताकि यदि कोई शुद्धि पत्र है तो उसकी जानकारी हो सके।
**उप मुख्य अभियंता-III/निर्माण, प.म.रे./ भोपाल**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रति दुर्भावना ठीक नहीं

एक बहुदलीय लोकतंत्र में केंद्र और राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें बनना सामान्य बात है। पहले भी ऐसी सरकारें रही हैं और तमाम सत्तारूढ़ राजनीतिक पार्टियां अपने राजनीतिक हितों का ख्याल भी रखती रही हैं, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ऐसा क्या हो गया कि केंद्र और राज्यों पर अगल-अलग दलों की सरकार होने पर तकरार पैदा होने लगी है। छोटे-छोटे मुद्दों पर राज्य व केंद्र आमने सामने होने लगे हैं। लगातार देखने में आ रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों को लेकर अनेक खासकर विपक्षी राज्य खासे मुखर है। एक समय तो ऐसा आया कि देश के दस राज्यों ने केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई की राज्य में नो इंट्री का ऐलान कर दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते उन्हें नरम होना पड़ा। सीबीआई और ईडी के एक्शन से नाराज 14 राजनीतिक दलों के नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था। उसमें बिहार से आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव, झारखंड से सीएम हेमंत सोरेन और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया कि सेंट्रल एजेंसियों की जांच नहीं रोकी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट जाने वालों में अधिकतर वैसे दल शामिल थे, जिसके नेता या कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे थे। उनके खिलाफ अदालतों ने सेंट्रल एजेंसियों से जांच की सिफारिश की है। केंद्र सरकार भी सुप्रीम कोर्ट में साफ कर चुकी है कि सीबीआई पूरी तरह से स्वतंत्र होकर काम करती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से राज्य सरकारें चुप तो हैं, लेकिन विरोध को दूसरा तरीका सामने आ रहा है। बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर से गिरफ्तार टीएमसी नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि एनआईए की टीम ने जांच के बहाने जबरन उनके घर में घुसने की कोशिश की। महिला ने अधिकारियों पर मारपीट, बदतमीजी और घर में तोड़फोड़ का आरोप भी लगाया है। लोकल पुलिस ने जांच एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया है। घटना 5 अप्रैल देर रात की है। एनआईए की टीम कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर भूपतिनगर में 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने पहुंची थी। तृणमूल कांग्रेस के नेता बलाई चरण मैती और मनोब्रत जना केस के दो मुख्य साजिशकर्ता बताए जा रहे हैं। जब जांच टीम आरोपियों को गिरफ्तार कर ले जाने लगी तो लोग लाठी-डंडे लेकर उनके सामने अड़ गए। लोगों ने अधिकारियों की गाड़ी पर पथराव किया। हमले में एक अफसर को चोटें भी आईं। अगर राज्यों में केंद्रीय जांच एजेंसियों से इस तरह का व्यवहार किया जाएगा तो संघीय ढांचा कैसे कार्य कर पाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसियों को जांच के लिए कोर्ट या राज्य अथवा केंद्र सरकार ने ही कहा है। सामान्य भाव यही है कि चोर या भ्रष्टाचारी पकड़ा जाना चाहिए। हां, थोड़ा-बहुत संदेह तब तक बरकरार रहता है, जब तक दोष न सिद्ध हो जाए। विपक्षी दलों का आरोप है कि केंद्र सरकार के इशारे पर सीबीआई और ईडी विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करती हैं। इसके लिए जांच एजेंसियों को कार्यप्रणाली में भी बदलाव की जरूरत है। एजेंसी को राज्य सरकारों को विश्वास में लेकर अपराध को खिलाफ मोर्चों खोलना होगा। जहां तक बात राज्य सरकारों की है तो उन्हें समझना चाहिए कि जांच एजेंसियां किसी पार्टी की न होकर देश की धरोहर हैं। ये हो सकता है कि कुछ मामलों में राज्य सरकारों को उनसे परेशानी हो, लेकिन इससे जांच प्रभावित नहीं होनी चाहिए। हर दोषी का सलाखों के पीछे होना बहुत जरूरी है।

## सारा संसार



तमिलनाडु के कोयंबटूर शहर के केंद्र में स्थित है; श्री अय्यप्पन मंदिर एक महत्वपूर्ण मंदिर है जो भगवान श्री अयप्पा को समर्पित है। ऐसा माना जाता है कि इसे 20 वीं शताब्दी के मध्य में एक ट्रस्ट द्वारा स्थापित किया गया था।

## चुनाव

शिशिर शुक्ला



# ताकि बेदाग रहे लोकतंत्र

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र का सीधा सा अर्थ है- जनता का शासन। किसी लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव वहां आयोजित होने वाले चुनाव होते हैं। ये वो अवसर होता है जब जनता को अपने दृष्टिकोण एवं राय को वोटो में तब्दील करते हुए शासन की बागडोर संभालने के लिए नए चेहरों को चुनने का मौका मिलता है। किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए उसका अपराध के कलंक से दूर रहना नितांत आवश्यक है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट यह कहती है कि निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों के द्वारा प्रस्तुत किए गए चुनावी हलफनामों में 225 सदस्यों के द्वारा अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा की गई है। यह संख्या कुल सदस्य संख्या का लगभग 44 प्रतिशत है। इनमें से 5 प्रतिशत ऐसे हैं जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है। रिपोर्ट बताती है कि आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत ऐसे हैं जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये मामले हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध एवं सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने जैसे गंभीर कृत्यों के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। इसके अतिरिक्त रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 16 निवर्तमान सांसदों के विरुद्ध महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं जबकि तीन के खिलाफ बलात्कार के मामले भी दर्ज हैं। कितनी चिंताजनक एवं तकलीफदेह रिपोर्ट है यह। जरा कल्पना कीजिए कि हमारे देश के कर्णधारों में से 50 प्रतिशत ऐसे हैं जो अपराधी हैं अथवा जिनकी छवि में कहीं न कहीं दाग लगा हुआ है। क्या यह स्थिति देश के विकास एवं प्रगति में सहायक होगी। क्या अपराध के छींटों को आगे बढ़ाकर हम भारत की छवि को विश्व पटल पर बेदाग रूप में स्थापित कर पाएंगे। इन सभी सवालों का जवाब देश के हर नागरिक को अपने आप से करना चाहिए क्योंकि ऐसे कलंकयुक्त चेहरों को ऊपर उठाने के लिए देश की जनता भी एक बड़ी हद तक जिम्मेदार है। राज्यों के मामले में रिपोर्ट यह कहती है कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। निस्संदेह यह एक बेहद गंभीर स्थिति है। किंतु ऐसी स्थिति आखिरकार कैसे उत्पन्न हुई। यह एक कड़वा सच है कि इन स्थितियों को जन्म देने वाले स्वयं हम एवं हमारा तंत्र है। सवाल यह है कि क्यों सर्वोच्च स्तर से ऐसे नियम नहीं बनते कि कोई भी ऐसा व्यक्ति जो अपराध से किसी भी तरह का ताल्लुक रखता है, किसी भी चुनाव में प्रत्याशी बनने का अधिकारी नहीं होगा। अंततः देश की जनता भी अपराध के प्रतीक ऐसे चेहरों को अपने प्रतिनिधि के रूप में क्यों चुन लेती है। ये सवाल ऐसे हैं जिनका जवाब ढूंढने की कोशिश करने पर कारणों की न जाने कितनी तहें खुल जाएंगी और न जाने कितना वक्त लगेगा। पांच वर्ष अथवा एक निश्चित समय के बाद लोकतंत्र का महापर्व इसलिए आता है कि इसके बहाने जन सामान्य की समस्याओं, जरूरतों, सुझावों एवं विचारों पर एक उद्देश्यपूर्ण चर्चा हो सके। और एक योग्य प्रतिनिधि का चयन किया जा सके। जब तक यह अपराध राजनीति में किसी न किसी रास्ते से प्रवेश पाता रहेगा तब तक देश के हालात सुधरने वाले नहीं हैं। इसका उपाय यही है कि अपराधियों के राजनीति में प्रवेश पर पूर्ण पाबंदी हो एवं जनता भी अपने मत का सदुपयोग बेखौफ होकर एवं सोच विचार कर करे।

(लेखक स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में भौतिकी विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## स्वास्थ्य

डॉ. ए.के. अरुण

उपवास का न केवल शरीर के बल्कि मन के विकारों को दूर करने पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ता है। विकारग्रस्त व्यक्ति का व्यक्तित्व तक बदलने लगता है। वक्त का तकाजा है कि हम उपवास को गंभीर रोगों के उपचार में भी आजमाएं। उपवास शरीर के फायदे के लिए समय मांगता है और यह समय आपको न केवल रोगमुक्त कर सकता है वल्कि आपको दीर्घायु भी बना सकता है। भारत में उपवास संस्कृति में शामिल है। ऑटोफैगी (उपवास) के चिकित्सकीय फायदे पर शोध के लिए जापानी कोशिका जीवविज्ञानी योशिनोरी ओहसुमी ने 2016 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला था। अच्छी सेहत के लिए उपवास बहुत खास है।

# सेहत के लिए उपवास बहुत खास

अभी रमजान रोजा चल रहा है, नवरात्र आने वाले हैं। इस दौरान व्रत या उपवास का चलन है। उपवास न केवल सांस्कृतिक अनुष्ठान है, बल्कि यह चिकित्सा भी है। जैसे संतुलित व सही आहार औषधि है, ठीक वैसे ही उपवास भी औषधि है। धार्मिक विषय मानकर उपवास की उपेक्षा करता रहा विज्ञान अब उसमें रोगमुक्ति और दीर्घायु-प्राप्ति की चमत्कारिक क्षमताएं देखने लगा है। लगभग सभी धर्मों में किसी न किसी बहाने उपवास रखने की परंपरा है। इस्लाम हो या हिंदू धर्म किसी न किसी बहाने इन सभी में उपवास एक महत्वपूर्ण क्रिया है। विडंबना तो यह है कि कथित आधुनिक वैज्ञानिक ही नहीं, अपने आधुनिक जीवन-दर्शन पर गर्व करने वाले प्रायः हम सभी लोग, व्रतों-उपवासों को पुरातनपंथी या अंधविश्वासी प्रथाएं मान लेते हैं। बहुत कम लोगों को पता है कि रूस में उपवास से चिकित्सा का सरकारी अस्पताल है।

रूस के अंतहीन विस्तारों वाले साइबेरिया में 10 लाख की जनसंख्या वाला बुर्यातिया एक स्वायत्तशासी 'गणतंत्र' है। 1995 से वहां उपवास द्वारा बीमारियां ठीक करने का एक प्रसिद्ध अस्पताल विभिन्न बीमारियों के हज़ारों रोगियों का इलाज़ कर चुका है। अस्पताल गोर्याचिंस्क नाम के जिस सुरम्य शहर है में है, वह बुर्यातिया की राजधानी उलान-ऊदे से क़रीब 250 किलोमीटर दूर मीठे पानी की संसार की सबसे बड़ी झील बाइकाल के पूर्वी तट पर बसा है। रूस में दूर-दूर से आए ऐसे लोगों का, जो आधुनिक मंहगी चिकित्सा पद्धति से निराश हो चुके हैं, वहां सरकारी ख़र्चे पर इलाज किया जाता है। उपवास, बौद्ध धर्मियों के बहुमत वाले बुर्यातिया की स्वास्थ्य नीति का अभिन्न अंग है। वहां के स्वास्थ्य मंत्री स्वयं भी उपवास-प्रेमी हैं। गोर्याचिंस्क में उपवास की जिस उपचार विधि का प्रयोग किया जाता है, उसे भूतपूर्व सोवियत संघ वाले दिनों के कम्युनिस्ट शासनकाल में, चार दशकों के दौरान, हज़ारों लोगों पर आजमा कर विकसित किया गया था। इस खोज की कहानी मास्को में मानसिक रोगों के उपचार के अस्पताल 'कोज़ाकोव क्लीनिक' से शुरू होती है। इस अस्पताल के मनोरोग चिकित्सक डॉ. यूरी निकोलायेव का सामना एक दिन अवसादग्रस्त एक ऐसे रोगी से हुआ, जो कुछ भी खाने से मना कर रहा था। डॉ. निकोलायेव ने भी ज़ोर-ज़बरदस्ती करने के बदले उसे भूखा ही रहने दिया। उन्होंने पाया कि पांच दिनों के उपवास के बाद उस रोगी का अवसाद अपने आप घटने लगा था। उसकी आंखें भी अब खुली रहती थीं। दसवें दिन बिस्तर से उठकर वह चलने-फिरने भी लगा, हालांकि अब भी मौन रहता था। 15वें दिन उसने पहली बार अपने बिस्तर के पास रखे सेब का रस पिया और हवाखोरी के लिए कमरे से बाहर भी गया। धीरे-धीरे वह दूसरे लोगों से हिलने-मिलने लगा। अंततः वह पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर चला गया। डॉ. निकोलायेव के लिए इस अनोखे अनुभव का अर्थ था कि यह मनोरोगी स्वैच्छिक उपवास से ही ठीक हुआ था। यानी, उपवास द्वारा मनोरोग ठीक किए जा सकते हैं। उन्होंने इस दिशा में और आगे जाने का निश्चय किया। सफलता आशातीत रहीं। मरीजों की कतार लंबी



होती गई। डॉ. निकोलायेव ने डिप्रेशन से लेकर शिज़ोफ्रेनिया, फोबिया या ऑब्सेसिव कम्पल्सिव डिसऑर्डर/ सनकपूर्ण शंका-विकार जैसे रोगों से पीड़ितों का उपवास द्वारा सफल उपचार किया। वे उनसे 25 से 30 या 40 दिनों तक उपवास करवाते थे।


समस्या यह थी कि उस समय के दूसरे डॉक्टर भूखा रखकर किसी बीमार को ठीक करने की डॉ. निकोलायेव की उपचारविधि के मर्म को समझ नहीं पा रहे थे। अतः उनका उपहासपूर्ण विरोध होने लगा। अपने आलोचकों का मुंह बंद करने के लिए डॉ. यूरी निकोलायेव ने एक ऐसी व्यापक शोध-परियोजना शुरू की, जिसने रूसी चिकित्सा विज्ञान में एक नया अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने सैकड़ों लोगों के उपचार से पहले, उपचार के दौरान और उसके बाद उनकी शारीरिक तथा जैव रासायनिक क्रियाओं को जानने के लिए हार्मोन-स्तर मापे, मस्तिष्क लेखी के द्वारा मस्तिष्क में होने वाले परिवर्तनों को देखा-परखा और सारे आंकड़ों का अध्ययन-विश्लेषण किया। सभी अध्ययनों ने उपवास के दौरान रोगियों के शरीर में हुए परिवर्तनों और उनके मानसिक स्वास्थ्य में आए सुधारों के बीच सीधा संबंध दिखाया। डॉ. निकोलायेव और 18 वर्षों तक उनके सहयोगी रहे डॉ. वालेरी गुर्बिच ने पाया कि 'उपवास का न केवल शरीर के, बल्कि मन के विकारों को दूर करने पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ता है। विकारग्रस्त व्यक्ति का व्यक्तित्व तक बदलने लगता है। उन्हें कोई संदेह नहीं रह गया था कि अवसाद का दूर हो जाना, कई दिनों के उपवास के अनेक अनुकूल शारीरिक प्रभावों के साथ-साथ, एक बहुत ही उपयोगी मानसिक प्रभाव है, जिसकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। डॉ. निकोलायेव ने अपने समय के सोवियत स्वास्थ्य मंत्रालय को जब इस बारे में सूचित किया, तो मंत्रालय को उनकी खोज पर विश्वास नहीं हुआ। मंत्रालय ने 1973 में कई डॉक्टरों की एक जांच समिति गठित की। जांच समिति ने उपवास की उपयोगिता मानी, दोनों ने 'रोगोपचारी उपवास' के बारे में तब तक कुछ नहीं सुना था। उनसे कहा गया कि उन्हें शरीर के पाचनतंत्र में पाए जाने वाले तरह-तरह के बैक्टीरियों से लेकर कोशिकाओं में होने वाली चयापचय क्रिया और रोगप्रतिरोधक तंत्र तक सभी महत्वपूर्ण क्रियाओं तथा प्रणालियों पर उपवास के प्रभावों का पता लगा कर डॉ. निकोलायेव के निष्कर्षों के साथ तुलना करते हुए अपना निर्णय बताना है। समिति ने डॉ. निकोलायेव के निष्कर्षों की पुष्टि से आगे जाते हुए विभिन्न बीमारियों वाले उन लक्षणों और प्रति लक्षणों की एक सूची भी तैयार की, जो उपवास द्वारा उपचार के उपयुक्त या अनुपयुक्त समझे गए। इस सूची के अनुसार श्वसन तंत्र के रोगों, हृदय और रक्त संचार की बीमारियों, उदर और आंत्र विकारों, अंतःस्त्रावी ग्रंथियों के रोगों, पाचन तंत्र वाले अवयवों की बीमारियों, जोड़ों और हड्डियों की बीमारियों तथा चर्मरोगों के प्रसंग में रोग उपचार उपवास की अनुशंसा की जा सकती है। समिति ने उपवास के अनुपयुक्त बीमारियों की सूची में कैंसर, तपेदिक (क्षय रोग/टीबी), मधुमेह टाइप-1(डायबिटीज), चिरकालिक यकृतशोथ (क्रॉनिक हेपेटाइटिस), आनुवंशिक घनास्त्रता (जेनेटिकल थ्रोम्बोसिस/रक्त वाहिका में रक्त का थक्का जम जाना), क्षुधा-अभाव (अनॉरेक्सी/दुबलेपन की लत) और थायराइड ग्लैंड की अतिसक्रियता को गिनाया। वक्त का तकाजा है कि हम उपवास को गंभीर रोगों के उपचार में भी आजमाएं।

उपवास शरीर के फायदे के लिए समय मांगता है और यह समय आपको न केवल रोगमुक्त कर सकता है बल्कि आपको दीर्घायु भी बना सकता है। भारत में उपवास संस्कृति में शामिल है। ऑटोफैगी (उपवास) के चिकित्सकीय फायदे पर शोध के लिए जापानी कोशिका जीवविज्ञानी योशिनोरी ओहसुमी ने 2016 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार मिला था। अच्छी सेहत के लिए उपवास बहुत खास है।

(लेखक होमियोपैथिक चिकित्सक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# कथनी और करनी में न हो कोई अंतर




संकलित

## दर्शन

सभी के हित का ध्यान रखते हुए मनसा, वाचा, कर्मणा अपने दायित्वों का सम्यक रूप से निर्वाह करना कर्त्तव्य है। कर्त्तव्य का पालन यदि समुचित रूप से किया जाता है तो जीवन पूर्णतः गौरवान्वित बनता है। जो कर्त्तव्यनिष्ठ है। वह अपने करणीय कर्म के प्रति पूरी तरह से समर्पित होता है। वह परमार्थ पोषक एवं प्रामाणिक होता है। वह जैसा रहता है, वैसा ही करता भी है। ऐसी कथनी-करनी की एकरूपता से वह समाज में श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करता है और प्रत्येक उससे प्रेरणाएँ ग्रहण करता है। कर्त्तव्य परिपालन की बात करना और कर्त्तव्य परिपालन के नाम पर शोर-शराबा मचाना अलग बात है और कर्त्तव्यों के क्षेत्र में बिना किसी शोर-शराबे के समर्पित हो जाना अलग बात है। आज हम देखते हैं कि कर्त्तव्यों के परिपालन के लिए अक्सर लम्बे-चौड़े उपदेश दिये जाते हैं, पर जब कर्तव्य निर्वाह का अवसर आता है तो व्यक्ति दायें-बायें देखने लगता है। कटु सत्य तो यह है कि आज कर्त्तव्यों की चर्चा करने वाले लाखों हैं, पर कर्त्तव्यों के पावन पथ पर गतिशील होने वाले विरले ही हैं। कई बार मुझे चिंतन के क्षणों में लगता है कि आज व्यक्ति कर्त्तव्यों से विमुख हो गया है। इस विमुखता के कारण प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता और अशांति का विस्तार हुआ है। कर्त्तव्यों के पावन क्षेत्र से भटककर कोई व्यक्ति कभी भी शांति का अहसास नहीं कर सकता। जीवन का गौरव और उसकी सार्थकता कर्त्तव्य पालन में ही है। कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति गुलाब का फूल है, वह काँटों में मुस्कराता है।

# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित

## प्रेरणा

एक गाँव में माँ-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गाँव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊँगी। माँ ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। माँ ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गाँववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या माँगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या माँगू? अन्न माँगू या धन माँगू या अपने लिए अच्छा वर माँगू या खेत माँगू या महल माँगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## सटाका




## आज की पाती

### मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत

पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम ने कहा था कि भ्रष्टाचार मुक्त और सशक्त देश के निर्माण के लिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को आगे आना चाहिए और यदि युवा राजनीति में शामिल होंगे तो राजनीति में गतिशीलता आएगी। आम चुनाव का मौसम शुरू हो रहा है। लोकतंत्र में मतदान एक ऐसा शस्त्र है जिसके द्वारा आम जनता शांतिपूर्वक तरीके से सरकार की पुनर्स्थापना या इसे बदल सकती है। लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए मतदान संजीवनी का काम करता है। सोच- समझकर अपने मत का प्रयोग किया जाए तो पांच वर्ष तक पछताना नहीं पड़ता।

- **मनोज जोशी**, बिलासपुर

## करंट अफेयर

# मेक्सिको ने इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़े

इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति को गिरफ्तार करने के लिए मेक्सिको के दूतावास में पुलिस के प्रवेश करने के बाद मेक्सिको सरकार ने इक्वाडोर के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए हैं। इक्वाडोर की पुलिस ने शुक्रवार देर रात राजधानी क्विटो में मेक्सिको दूतावास के मुख्य द्वार को तोड़कर जॉर्ज ग्लास को गिरफ्तार कर लिया, जो दिसंबर से वहां रह रहे थे। भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद ग्लास ने दूतावास में राजनीतिक शरण मांगी थी। दूतावास में पुलिस के बलपूर्वक प्रवेश करने की घटना के विरोध में मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मेन्युल लोपेज ओबराडोर ने शुक्रवार शाम इक्वाडोर से राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा की। वहीं, मेक्सिको के विदेश मंत्री ने कहा कि इक्वाडोर के इस कदम को हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। शनिवार को, ग्लास को क्विटो में अटॉर्नी जनरल के कार्यालय से बंदरगाह शहर गुआयाकिल ले जाया गया, जहां वह उच्च सुरक्षा वाली जेल में रहेंगे। ग्लास की वकील सोनिया वेरा ने बताया कि पुलिस अधिकारी पूर्व उपराष्ट्रपति के कमरे में घुस गए और जब उन्होंने गिरफ्तारी का विरोध किया तो उन्हें 'फर्श पर गिरा दिया तथा उनके सिर, पैर, हाथों पर लात मारी गई और उन्हें खींचकर बाहर ले जाया गया।'

## ऑफ बीट

# मध्यम आयु वर्ग के लोग अकेलेपन से अधिक पीड़ित

अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका 'अमेरिकन साइकोलॉजिस्ट' में प्रकाशित एक हालिया शोध में खुलासा हुआ है कि मध्यम आयु वर्ग के अमेरिकी अपने यूरोपीय समकक्षों की तुलना में अकेलेपन की समस्या से अधिक पीड़ित हैं। हमारी टीम के अध्ययन ने अकेलेपन को लेकर एक ऐसी प्रवृत्ति की पहचान की है जो कई पीढ़ियों से बढ़ रही है, और यह प्रवृति 'बेबी बूमर्स' (1946-1964 के बीच जन्मे लोग) और 'जेन एक्स' (1965-1980 के बीच जन्मे लोग) दोनों ही आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित करती है। इंग्लैंड और भूमध्यसागरीय यूरोप में मध्यम आयु वर्ग के वयस्क लोग अकेलेपन की समस्या से पीड़ित होने के मामले में अमेरिकी नागरिकों से बहुत पीछे नहीं हैं। इसके विपरीत, महाद्वीपीय और नॉर्डिक यूरोप में मध्यम आयु वर्ग के वयस्कों में अकेलेपन से पीड़ित होने के मामलों की संख्या में समय के साथ गिरावट आई है। हमने अपने शोध में 2002 से 2020 तक अमेरिका और 13 यूरोपीय देशों के मध्यम आयु वर्ग के 53,000 से अधिक वयस्कों पर किए गए सर्वेक्षण के आंकड़ों का उपयोग किया। हमने इन वयस्कों में 45 वर्ष से 65 वर्ष की मध्यम आयुवर्ग में हर दो साल में अकेलेपन की समस्या को लेकर उनके नजरिये में हुए बदलाव के आंकड़े जुटाए।

## ट्रेंड

### दर्द का दिन



सात अक्टूबर का दिन इजराइल और दुनिया के लिए दर्द का दिन है। हमास द्वारा फैलाए गए आतंक को कोई भी उचित नहीं ठहरा सकता। मैं एक बार फिर यौन हिंसा, यातना और नागरिकों के अपहरण की निंदा करता हूं और सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई का आह्वान करता हूं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार



140 देश अपने संविधान में स्वास्थ्य को मानव अधिकार के रूप में मान्यता देते हैं। फिर भी, अरबों लोगों के लिए यह अधिकार पहुंच से बाहर है। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हम सभी से मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार का दावा करने का आह्वान करते हैं!

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### उपकरण सुख का आधार नहीं



समय, ऊर्जा और साधनों के सही उपयोग द्वारा समाज को अधिकतम लाभान्वित करने के उद्देश्य की संपूर्ति अध्यात्मपरक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही संभव है। यांत्रिकीय उपकरण कभी भी मानवीय सुख का आधार नहीं हो सकते। इसलिए समष्टि के कल्याण की भावना मूलआधार हो ।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी



इस लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। युवा नौकरी खोजने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और हम जनसांख्यिकीय दुःस्वप्न की ओर देख रहे हैं। 12 आईआईटी में, हमारे लगभग 30% छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।






## बिहार के नवादा और बंगाल के जलपाईगुड़ी में पीएम मोदी ने दी प्रचार को बड़ी धार

# हम भ्रष्टाचार पर लगा रहे लगाम, इंडि गठबंधन और टीएमसी भ्रष्टाचारियों को बचा रहे, टुकड़े-टुकड़े गैंग का कर रहे समर्थन



एजेंसी ▶▶ नवादा जलपाईगुड़ी

देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ती जा रही है। सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा विपक्ष पर लगातार निशाना साधा जा रहा है, तो विपक्षी दल भी भाजपा पर अलग अलग आरोप मढ़ रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने जलपाईगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित किया।

पीएम ने कांग्रेस और टीएमसी को आड़े हाथों लिया। पीएम ने कहा कि आज जब भाजपा ने जम्मू कश्मीर से धारा-370 की दीवार को हटा दिया, तो कांग्रेस को दर्द हो रहा है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा को कश्मीर जाकर धारा 370 की बात करनी चाहिए। वे कहते हैं कि मोदी देश के दूसरे राज्यों में कश्मीर की बात क्यों करता है, दूसरे राज्यों का कश्मीर से क्या लेना-देना? उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए कश्मीर कुछ नहीं, लेकिन 140 करोड़ देशवासियों के लिए कश्मीर भारत के मस्तक समान है। कश्मीर भारत का गौरव है।

### मोदी मौज के लिए पैदा नहीं हुआ, हमारी गारंटी से क्यों डर रहे?

पीएम ने तंज कसते हुए कहा कि इंडि गठबंधन के एक बहुत बड़े नेता ने कहा है कि मोदी जो आपको गारंटी देता है, उस पर बैन लगना चाहिए। मोदी का गारंटी देना ही गैर-कानूनी है। मोदी की गारंटी से घबरा रहे हो क्या? उन्होंने कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। मोदी मेहनत करने के लिए ही जन्मा है और वो भी 140 करोड़ देशवासियों के लिए। अभी ट्रेलर है, इतने से हमें रुकना नहीं है। उन्होंने सरकार का एजेंडा भी घोषित कर दिया।

**विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी**

- वे भ्रष्टाचारियों को आतंक का लाइसेंस दे रहे
- धारा 370 हटाई तो कांग्रेस को दर्द हो रहा
- एजेंसियों और सेना पर भी विपक्ष कर रहा हमला
- कश्मीर के मामले में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को घेरा उन पर किया जमकर हमला, उठाए सवाल

### इंडि गठबंधन के पास न विजन है न ही विश्वसनीयता

पीएम मोदी ने जमुई में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने इंडी गठबंधन, कांग्रेस और राजद पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कहा कि इंडि गठबंधन के पास न विजन है, न विश्वसनीयता है। दिल्ली में जो लोग एक साथ खड़े होते हैं, अलग-अलग राज्यों वही एक-दूसरे को गाली देते हैं। बिहार में तो आपस में ही सिर फुटव्वल मची है। यह मजबूरी में साथ आए लोग हैं और इनकी मजबूरी का एक ही नाम है- सत्ता का स्वार्थ।



**ममता पर पीएम मोदी का हमला**

### टीएमसी संविधान कुचलने वाली पार्टी, एजेंसियों पर ही कर रही हमले

पीएम ने भूपतिनगर में एनआईए की टीम पर हमले को लेकर टीएमसी पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने जलपाईगुड़ी में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक-एक पोलिंग बूथ में टीएमसी की जमानत जब्त होनी चाहिए। टीएमसी चाहती है कि उसके तोलाबाजों, भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला शासन मिले। केंद्र की एजेंसियां आती हैं तो उस पर हमले करती है। टीएमसी कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी है।

#### संदेशखाली में क्या हुआ? पूरे देश ने देखा

पीएम ने कहा कि संदेशखाली में जो हुआ, वह पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में माताओं-बहनों के साथ कितना बड़ा अत्याचार हुआ है, ये पूरे देश ने देखा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी चाहती है कि उसके भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले। इसलिए जब केंद्र की जांच एजेंसियां यहां आती हैं, तो पश्चिम बंगाल सरकार उन पर हमले कराती है। टीएमसी सरकार ने चाय बगानों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। गरीब कल्याण की योजनाओं पर पश्चिम बंगाल सरकार ब्रेक लगा देती है। इसलिए इस चुनाव में इन्हें सबक सिखाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की योजनाओं ने गरीब के जीवन को आसान बनाया है। गरीब का स्वाभिमान लौटाया है, उसका गौरव बढ़ाया है।

#### कांग्रेस, टीएमसी और लेफ्ट एक ही चट्टे-बट्टे

पीएम ने कहा कि चाय बागानों में राज्य की चाय बागानों की स्थिति सबसे खराब है। टीएमसी के छोटे नेता बंगला में रहते हैं, लेकिन चाय बागान श्रमिकों को सुविधा नहीं मिल रही है। टीएमसी सरकार ने चाय बागान को अपने हाल में छोड़ दिया ह। बदहाली की वजह से कई बागान बंद हो गए। कांग्रेस, लेफ्ट और टीएमसी एक ही चट्टे-बट्टे हैं।

#### गरीबों को कई सुविधाएं दी

पीएम मोदी ने कहा कि ऐसे परिवारों को पक्के घर, टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस के कनेक्शन मिले। भाजपा ने आदिवासी मंत्रालय का बजट कई गुना बढ़ाया। आदिवासी परिवारों को 23 लाख से अधिक पट्टे दिए। 400 से अधिक एकलव्य मॉडल स्कूल बनाए। 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। मोदी ने 10 साल में जो विकास किया है, वह तो केवल ट्रेलर है।

**खरगे के बयान पर किया हमला**

#### उन्हें क्यों लगता है जम्मू कश्मीर का मामला प्रासंगिक नहीं

पीएम ने अनुच्छेद 370 को हटाने पर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियों पर पलटवार किया। खरगे ने रजयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करने के सवाल पर कहा था कि अरे भाई, यहां के लोगों से क्या वास्ता है? पीएम ने कहा कि मैं पूछता हूं कि उन्हें क्यों लगता है कि जम्मू-कश्मीर का मामला प्रासंगिक नहीं है? यह सुनकर मुझे शर्म आती है। क्या जम्मू-कश्मीर भारत का हिस्सा नहीं है? यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा है। क्या आप ऐसे लोगों को माफ कर सकते हैं?

**इंडि गठबंधन पर बरसे नड्डा**

### एक भ्रष्टाचार रोक रहा, तो दूसरा भ्रष्टाचारियों को बचा रहा



**अरियालुर।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंडि गठबंधन पर हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं और या भ्रष्ट लोगों को बचाने में लगे हैं। नड्डा ने कहा कि दूसरी ओर पीएम देश से भ्रष्टाचार खत्म करने पर लगे हैं। नड्डा ने कहा कि इंडि गठबंधन के नेता भ्रष्ट लोगों को बचाते हैं।डीएमके पर हमला बोलते हुएकहा कि जो वंशवाद, ठगी और कट्टा पंचायत के लिए खड़े है उनका सच लोगों को पता है। विपक्षी नेता महज पारिवारिक पार्टियां चला रहे हैं और अपने वंशवाद और पारिवारिक पार्टियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

#### महबूबा अनंतनाग से लड़ेंगी चुनाव, प्रत्याशी घोषित



**अनंतनाग।** जम्मू कश्मीर पांच लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से सबसे हॉट अनंतनाग-राजोरी सीट को माना जा रहा है। पीडीपी ने ऐलान किया कि पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती इस सीट से चुनाव लड़ेंगी।

**पुरुलिया में ममता**

#### रैली कीजिए...बैठक कीजिए पर दंगा नहीं



**पुरुलिया।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने पुरुलिया सीधे तौर पर तो भाजपा का नाम नहीं लिया मगर कहा कि रैली कीजिए-बैठक कीजिए, लेकिन दंगा नहीं करना।

**राजस्थान में बोले रक्षामंत्री राजनाथ**


### पीएम के फोन से रुका रूस-यूक्रेन युद्ध, पूर्व नौसैनिकों को छुड़ाया



**बीकानेर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजस्थान के बीकानेर में रूस-यूक्रेन युद्ध का भी जिक्र किया। सिंह ने कहा, पीएम के फोन पर साढ़े चार घंटे के लिए युद्ध को रोक दिया गया था और भारत के लोग वापस आ गए। कतर में भारत के कुछ पूर्व नौसेना के जवानों को वहां की कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। पीएम के कारण सभी भारत आए।

**सीएम योगी ने राजस्थान में भरी हुंकार**

### कांग्रेस सरकार में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी



**भरतपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। भरतपुर जिले के हलैना में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के वक्त में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। हलैना के बाद दौसा जिले की लालसोट में जनसभा को संबोधित किया। प्रत्याशी के समर्थन में सभा की।

**राहुल का नया चुनावी वादा**

### सत्ता में आए तो कराएंगे 'संपत्ति के बंटवारे' का सर्वे



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के 'जितनी आबादी उतना हक' नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी कि देश की अधिकतर संपत्ति पर किसका नियंत्रण है।

---

**खबर संक्षेप**

### बरौनी-ग्वालियर ट्रेन में बम की सूचना से हड़कंप



**बाराबंकी।** बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11124) में बम की सूचना से हड़कंप मच गया। बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोककर भारी पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और बम डिस्पोजल दस्ते ने तलाशी की। ट्रेन को करीब 50 मिनट रोका गया। बोगियों में बम की सघन तलाशी की गई। सूचना गलत पाई गई। तलाशी में ऐसी कोई सामग्री नहीं निकली। रविवार सुबह 9:32 पर सूचना मिली थी।

### हरदोई में फायरिंग, चले ईंट-पत्थर, दहशत फैली



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद में कोतवाली शहर इलाके में कुछ युवकों ने एक मोहल्ले में जमकर फायरिंग और पथराव किया, साथ ही जमकर उत्पात मचाया। अब इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। दबंगई और फायरिंग का वीडियो झबरा पुरवा मोहल्ले का बताया जा रहा है। युवक ईंट पत्थर चलाते हुए और फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। यह जानकारी पुलिस ने दी।

### बस पलटने से चार लोगों की मौत



**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही एक निजी बस के होलालकेरे शहर के पास रविवार तड़के पलट जाने से चार लोगों की मौत हो गई। यह घटना होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुई। हादसे में करीब 30 लोग जख्मी हुए हैं जिनमें से आठ की हालत नाजुक है। घायलों को होलालकेरे ताल्लुक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

## पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

**घर में घुसकर मारपीट का आरोप**

# बंगाल पुलिस ने एजेंसी अफसरों के खिलाफ ही दर्ज किया मामला

### टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर की गई कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पूर्वी मिदनापुर में एनआईए टीम पर हमले को लेकर राज्य में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का माहौल शुरू हो गया है। गिरफ्तार टीएमसी नेता मोनोब्रता जाना की पत्नी की शिकायत पर एनआईए टीम और सीआरपीएफ अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

टीएमसी नेता की पत्नी ने आरोप लगाया कि एनआईए अधिकारियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। अधिकारियों ने उनके सम्मान को ठेस पहुंचाई है। भूपतिनगर थाने में आईपीसी की धारा 325,34, 354, 354(बी), 427, 448, 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### ग्रामीणों और समर्थकों ने जमकर किया था पथराव




एनआईए टीम साल 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने गई थी। इस दौरान एनआईए टीम दो आरोपियों को गिरफ्तार कर अपने साथ कोलकाता ला रही थी, उसी दौरान एनआईए टीम पर हमला हुआ। ग्रामीणों ने एनआईए टीम के काफिले को घेर लिया और पथराव कर दिया। इस हमले में कई अधिकारी घायल हुए हैं। एनआईए टीम पर हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले को लेकर भाजपा टीएमसी सरकार पर हमलावर है। भाजपा का आरोप है कि ममता के शासनकाल में राज्य में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और पुलिस की मिलीभगत से ये सब हो रहा है।

#### ममता बोलीं: लोगों को जो करना चाहिए था किया

सीएम ममता बेनर्जी ने पूछा कि एनआईए आधी रात में छापेमारी क्यों की? क्या उन्होंने पुलिस से इसकी इजाजत ली? स्थानीय लोगों ने वही किया, जो किसी अजनबी के उनकी जगह पर आने पर उन्हें करना चाहिए था।

#### ममता हमलावरों का कर रहीं समर्थन: भाजपा

इस घटना पर भाजपा नेता राहुल सिंहा ने बेनर्जी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे हमलावरों के समर्थन में खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि जहां सीएम हमलावरों का समर्थन करेगी, वहां हमले तो स्वाभाविक है।

### उधर, केरल में छात्र की सुसाइड की जांच सीबीआई को सौंपी



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने केरल के वायनाड जिले के एक कॉलेज हॉस्टल में 20 वर्षीय पशु चिकित्सा छात्र की मौत के मामले को अपने हाथ में ले लिया है। छात्र सिद्धार्थन जेएस का शव 18 फरवरी को हॉस्टल के बाथरूम के अंदर पाया गया था। उनके परिवार ने आरोप लगाया था कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की छात्र शाखा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी या सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं सहित अन्य छात्रों ने उनके साथ रैगिंग की थी।

#### 29 घंटे तक शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना दी

केरल पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले की रिपोर्ट जो उन्होंने सीबीआई को दी थी, उसमें कहा कि सिद्धार्थन पर सीनियर स्टूडेंट्स द्वारा 29 घंटे तक लगातार हमला किया गया, जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली।

**दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म का आरोप खारिज किया**

### सोच- समझकर बनाए संबंध का आधार गलतफहमी नहीं हो सकता



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि जब कोई महिला किसी पुरुष के साथ सोच-समझकर शारीरिक संबंध बनाती है, तो उसकी सहमति को गलतफहमी पर आधारित नहीं कहा जा सकता, जब तक कि शादी के झूठे वादे का स्पष्ट सबूत न हो।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने एक व्यक्ति के खिलाफ दुराचार के एक मामले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने माना कि यह मामला उसके और महिला के बीच सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलझ गया है।

**बागी विधायक सुधीर ने खोला मोर्चा**

### मानहानि नोटिस के बाद अब सीएम सुक्खू के खिलाफ शिकायत दर्ज



**शिमला।** भाजपा के विधायक सुधीर शर्मा ने सीएम के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है। सुक्खू की '15 करोड़ रुपए में विधायक बिके' वाली टिप्पणी पर 6 बागी विधायक काफी गुस्से में हैं। सुधीर ने सुक्खू को 5 करोड़ के मुआवजे की मांग की।

#### सुधीर ने सीएम के आरोपों को बताया बेबुनियाद

कांगड़ा के पुलिस अधीक्षक और राज्य पुलिस प्रमुख को संबोधित शिकायत दी। शर्मा ने कहा ऊना जिले के कुटलेहड़ में सुक्खू द्वारा दिए गए भ्रामक भाषण के संबंध में मेरे निर्वाचन क्षेत्र में एक वीडियो और मीडिया रिपोर्ट सामने आई हैं। 4 बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं कि विधायकों को 15-15 करोड़ में बेचा गया। शर्मा ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है।

**सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध**

### जंतर मंतर पर 'आप' नेताओं ने किया सामूहिक अनशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी के प्रमुख नेता एक दिन के अनशन के लिए रविवार को यहां जंतर-मंतर पर एकत्र हुए।

पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्य राज्यों के साथ-साथ विदेश में भी भारतीय नागरिक इस प्रकार का विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जिनमें बोस्टन में हार्वर्ड स्क्वायर, लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड साइन, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास के बाहर, न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर और टोरंटो, लंदन तथा मेलबर्न समेत कई स्थान शामिल हैं।



#### मान भी रहे शामिल

पार्टी नेताओं ने बताया कि 'आप' शासित पंजाब में सीएम भगवंत मान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के गांव खटकर कलां में सामूहिक अनशन में शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, मंत्री आतिशी, गोपाल राय और इमरान हुसैन सहित 'आप' के कई वरिष्ठ नेता सुबह 11 बजे से राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर दिन भर के 'सामूहिक अनशन' पर बैठे।

**बांके बिहारी के दर्शन के लिए तीसरे दिन रविवार को लगी भीड़**

**लोगों के केवल सिर ही सिर नजर आ रहे थे**

# लोगों का उमड़ा सैलाब और सड़कें हो गईं जाम

*सुबह से ही 500 मीटर से अधिक लंबी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही*

एजेंसी ▶▶ वृंदावन

यहां के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में तीसरे दिन रविवार को भी भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही 500 मीटर से अधिक लंबी श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

मंदिर के पट बंद होने के बाद तक बांके बिहारी मंदिर के आसपास गलियों में प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं के सिर ही सिर नजर आए। गर्मी में भीड़ का दबाव और धक्का मुक्की के बीच सर्वाधिक परेशानी बुजुर्गों और महिला श्रद्धालुओं को हुई।



**भीड़ को काबू करने में छूटा पसीना**

पुलिसकर्मी भीड़ को आगे बढ़ाते और रुक-रुककर श्रद्धालुओं को भेज रहे थे। इसके बावजूद भीड़ पर नियंत्रण कर पाना पुलिसकर्मियों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा था। भीड़ के आगे पुलिसकर्मी और मंदिर की सुरक्षा गार्ड भी पसीने से तर बतर हो गए।

#### कंधों और गोदी में बैठे बच्चे रो रहे थे

लोगों के कंधों और गोदी में बैठे बच्चे भी भीड़ के दवाब को देख रोने लगे। विद्यापीठ चौराहा से बांके बिहारी मंदिर पहुंचने में एक घंटे से अधिक का समय लगा। मंदिर भी श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा नजर आया। जगह-जगह लगे पुलिसकर्मी भीड़ को आगे बढ़ाते और रुक-रुककर श्रद्धालुओं को भेज रहे थे। इसके बावजूद भीड़ पर नियंत्रण कर पाना पुलिसकर्मियों के लिए भी मुश्किल साबित हो रहा था। भीड़ के आगे पुलिसकर्मी और मंदिर की सुरक्षा गार्ड भी पसीने से तर बतर हो गए।



# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों का टच एंड गो

## एयर स्ट्रिप पर सुखोई, जगुआर-मिराज ने की रिहर्सल

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 302 किलोमीटर लंबे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फाइटर विमानों ने रिहर्सल की। इस दौरान सुखोई, जगुआर और मिराज ने 3.5 किमी की एयर स्ट्रिप पर टच एंड गो किया। इसे देखने के लिए आस-पास के 5-10 गांवों के लोग मौके पर पहुंचे। मगर, सुरक्षा में तैनात पीएसी और पुलिस के जवानों ने उन्हें 500 मीटर पहले ही रोक दिया। मुख्य कार्यक्रम (एयर शो) रविवार को हुआ। रिहर्सल के दौरान एक्सप्रेस-वे के अलावा सर्विस लेन पर गाड़ियों की आवाजाही को रोक दिया गया था। भीड़ को रोकने के लिए पुलिसकर्मियों के अलावा पीएसी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात रहे।



**मिग अंबाला और मिराज ग्वालियर एयरबेस से आते हैं**

एयरफोर्स के अफसर ने बताया कि मिग अंबाला, मिराज ग्वालियर, सुखोई पुणे और जगुआर गोरखपुर और प्रयागराज एयरबेस से आए हैं। रिहर्सल के बाद सभी प्रकार के फाइटर जेट लखनऊ एयरबेस पर उतरेंगे।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर 2015 में पहली बार फाइटर प्लेन ने किया था टच

पहली बार साल 2015 में इंडियन एयरफोर्स के फाइटर जेट मिराज-2000 ने मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेस वे पर टचडाउन किया था। यानी सेना का यह विमान सड़क को छूकर फिर से उड़ गया था। देश में ऐसा प्रयोग पहली बार किया गया था। तब भी एक्सप्रेस-वे को पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। इस एक्सरसाइज के दौरान बड़ी संख्या में एयरफोर्स के अफसर भी मौजूद थे। मिराज-2000 के टचडाउन से पहले वायुसेना के एक हेलिकॉप्टर ने कई चक्कर भी लगाए थे।

## खबर संक्षेप

### फ्लाइट में स्मोकिंग करने पर 30 हजार जुर्माना



**मुंबई।** पेरिस से मुंबई आ रही विस्तारा एयरलाइंस की फ्लाइट में एक फ्रांसिसी यात्री को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फ्लाइट में सवार युवक पर आरोप है कि वह अंदर स्मोकिंग कर रहा था और कथित तौर पर अपनी सीट पर शौच कर दिया। विस्तारा एयरलाइंस के सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने 36 वर्षीय फ्रेंच युवक को मुंबई के सहार पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। मजिस्ट्रेट ने 30,000 रुपए की जमानत पर मुक्त कर दिया।

### दुनिया के सबसे बुजुर्ग बने टिनिसवुड, उम्र 111 साल



**लंदन।** जॉन टिनिसवुड 2 अप्रैल को दुनिया के सबसे बुजुर्ग आदमी बन गए हैं। इसी हफ्ते वेनेजुएला के 114 साल के जॉन विसेंटे पेरेज की मौत हो गई थी जिसके बाद टिनिसवुड दुनिया के सबसे बुजुर्ग आदमी हो गए। जॉन ने अपनी लंबी उम्र का राज बताते हुए कहा कि वो हफ्ते में फ्राइडे को मछली और चिप्स जरूर खाते हैं। लंबे जीवन का राज हर चीज में संयम रखने में है। जिंदगी से प्यार करना चाहिए और जिंदगी को लंबा जीने के लिए एक अच्छा सेंस ऑफ ह्यूमर जरूरी है।

### नेपाल में सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प




**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित भद्रकाली में सिंहदरबार सचिवालय के सामने राजेंद्र महतो के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय मुक्ति आंदोलन के कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गई। इस विवाद में दो पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 6 लोग घायल हो गए। काठमांडू के प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे आंदोलनकारियों पर पुलिस के लाठीचार्ज में दो पुलिसकर्मी और एनएलएम के चार कैडर घायल हो गए।

सुनक बोले- सहायता के लिए प्रतिबद्ध

# गाजा में सहायता पहुंचाने बनेगा मैरीटाइम कॉरिडोर



एजेंसी ▶▶ लंदन

इजराइल-हमास संघर्ष को 6 महीने पूरे हो चुके हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मानवीय विराम के लिए अपने आह्वान को दोहराया। इतना ही नहीं उन्होंने गलियारा सैन्य और मानवीय सहायता भेजना के लिए सी कॉरीडोर बनाने की बात भी कही है। विदेशी कॉमनवेल्थ और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक नौसैनिक जहाज की तैनाती की घोषणा की और सहायता वितरण के लिए 9.7 मिलियन पाउंड तक की प्रतिबद्धता जताई। सुनक ने कहा कि गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। गाजा के बच्चों को मानवीय विराम की आवश्यकता है, जिससे लंबे समय से चले आ रहे युद्ध पर विराम लग सके। बंधकों को छुड़ाने और युद्ध पर विराम लगाने का यह सबसे अच्छा उपाय है।

### नेतन्याहू के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग

इजराइल एक तरफ हमास और अन्य आतंकवादियों से लड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर इजराइल में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं और हमास के साथ चल रहे युद्ध के बीच देश में जल्द चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। साथ प्रदर्शनकारियों ने हमास के द्वारा बंधक बनाए लोगों की रिहाई का आह्वान किया। तेल अवीव, कैसरिया और हाइफा की सड़कों पर हाथ में तख्ती लिए बड़ी संख्या में उतरे। तेल अवीव में प्रदर्शनकारियों को नारे लगाते हुए सुना गया, हम डरते नहीं हैं आपने देश को नष्ट कर दिया और हम इसे ठीक कर देंगे। हम उन्हें ताबूतों में नहीं, बल्कि जिंदा वापस चाहते हैं।

### समुद्र के जरिए भेजेंगे मदद

एफसीडीओ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र और अन्य देशों की सरकारों की मदद से साइप्रस से गाजा तक एक इंटरनेशनल मैरीटाइम कॉरिडोर की स्थापना की जा रही है, जिसकी मई की शुरुआत में चालू होने की उम्मीद है। सुनक ने बताया कि गाजा में स्थिति गंभीर है। हम उन लोगों को सहायता दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें इसकी बहुत जरूरत है। अमेरिका, साइप्रस और अन्य देशों के साथ मिलकर हम सुरक्षित रूप से गाजा में सहायता देने के लिए एक एक अस्थाई तट स्थापित कर रहे हैं। ब्रिटेन के रक्षा सचिव ग्रांट शाप्स ने कहा कि सशस्त्र बल पहुंचाने में हम प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं।

इस संगठन को खतरनाक कहता है चीन, दावा- इससे विश्व शांति बिगड़ेगी

# चीन के खिलाफ एयूकेयूएस में जापान अमेरिका-ब्रिटेन के साथ करेगा काम

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले संगठन एयूकेयूएस में जल्द ही जापान की एंट्री हो सकती है। चीन का मुकाबला करने के लिए तीनों देश जल्द ही बातचीत शुरू करेंगे, जिससे जापान के सदस्य बनने का रास्ता खुल सके। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से इसकी जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, जापान को संगठन के पिलर 2 का हिस्सा बनाया जाएगा। संधि के तहत, सदस्य देश साथ मिलकर, क्वांटम कम्प्यूटिंग, हाइपरसोनिक, एआई और साइबर तकनीकों पर काम करेंगे। जापान एयूकेयूएस के पहले पिलर का हिस्सा नहीं होगा, जिसका फोकस इस वक्त ऑस्ट्रेलिया को न्यूक्लियर पावर वाली सबमरीन देना है।

> पिछले साल कैलिफोर्निया में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने ब्रिटिश पीएम सुनक और ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की थी।

**एयूकेयूएस के जरिए भारत के लिए परमाणु सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे**

- यूएस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपीन का पनडुब्बी-रोधी युद्ध प्रशिक्षण
- ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच नया रक्षा समूह है 'एयूकेयूएस'




### क्या है एयूकेयूएस?

सितंबर 2021 में बना एयूकेयूएस ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के बीच नया रक्षा समूह है, जो इंडो-पैसेफिक क्षेत्र पर केंद्रित है। इस गठबंधन से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की आक्रामकता को कंट्रोल किया जा सकेगा। इस संगठन की वर्किंग को 2 पिलर में बांटा गया था।

### चीन को रोकेगा पनडुब्बी प्रोजेक्ट

अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्बेल ने कहा कि एयूकेयूएस का पनडुब्बी प्रोजेक्ट ताइवान के खिलाफ चीन के किसी भी कदम को रोकने में मददगार रहेगा। सोमवार को सदस्य देशों के रक्षा मंत्री जापान को संगठन में शामिल होने से जुड़ी घोषणा कर सकते हैं।

### तीन देश बनाएंगे परमाणु पनडुब्बी

पिछले साल कैलिफोर्निया में हुई एयूकेयूएस की मीटिंग में 2030 तक ऑस्ट्रेलिया को न्यूक्लियर पावर वाली सबमरीन देने की डील की गई थी। प्रोजेक्ट के तहत ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया मिलकर 8 एसएसएन -एयूकेयूएस सबमरीन बनाएंगे, जिसमें अमेरिकी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। एयूकेयूएस की डील के मुताबिक, अमेरिका ऑस्ट्रेलिया को 3 यूएस वर्जीनिया क्लास न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन देगा। वहीं, 2 और सबमरीन भी सप्लाई की जाएंगी। वहीं चीन ने हमेशा से ही एयूकेयूएस को वैश्विक शांति के लिए खतरनाक बताया है। बता दें कि 1950 के बाद ये पहला मौका था जब अमेरिका अपनी न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी को किसी और देश के साथ साझा करने के लिए तैयार हुआ था।

### चीन के खिलाफ सैन्याभ्यास

**मनीला।** चीन की आक्रामकता को देखते हुए अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रशिक्षण फैसला किया है। रविवार को क्षेत्र में सभी देश अपना पहला साझा नौसैन्य अभ्यास आयोजित किया। यह अभ्यास चीन के क्षेत्रीय दावों पर जोर देने की आक्रामक कार्रवाईयों से पैदा चिंताओं के बीच हो रहा है। बयान में कहा कि चारों संधि सहयोगी देश और सुरक्षा साझेदार हिंद-प्रशांत क्षेत्र की नींव है और नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए यह अभ्यास कर रहे हैं। चीन का नाम नहीं लिया, लेकिन चारों देशों ने अपने रुख की पुष्टि की कि 2016 का अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता फैसला, जिसने ऐतिहासिक आधार पर चीन के व्यापक दावों को अमान्य कर दिया था, अंतिम और कानूनी रूप से बाध्यकारी है।



## हंगरी में पीएम के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग



मग्यार की रिकॉर्डिंग में सामने आए थे अहम खुलासे

- इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन
- बुडपेस्ट शहर में जमें हजारों प्रदर्शनकारी
- 'ओर्बान इस्तीफा दो और हम डरे हुए नहीं है'
- ओर्बान के लिए चुनौती बनकर उभरे पीटर

**बुडापेस्ट।** हंगरी के बुडापेस्ट शहर में हजारों लोग सड़कों पर उतरे, भीड़ का यह जमावड़ा प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान के प्रशासन के खिलाफ था। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पीटर मग्यार ने कहा कि एक नया देश, एक संप्रभु, आधुनिक और यूरोपीय हंगरी का निर्माण कर रहे हैं। इस दौरान भीड़ ने ओर्बान इस्तीफा दो और हम डरे हुए नहीं है के जमकर नारे लगाए।

कनाडा हमारे मामलों में दखल दे रहा

## भारत बोला- कनाडा के चुनाव में दखलंदाजी के आरोप बेबुनियाद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/टोरंटो

कनाडा ने हम पर आरोप लगाया कि भारत ने उनके चुनावों में दखल दिया।




यह आरोप बेबुनियाद है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने कहा कि दूसरे देशों की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में दखल देना भारत सरकार की नीति नहीं है। यह कनाडा ही है जो हमारे आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है। दरअसल, कनाडा में 2019 और 2021 के चुनाव में चीन ने दखल दिया था।

### जांच कमीशन ने ट्रूडो सरकार से मांगे थे सबूत

कमीशन ने बताया था कि उन्होंने ट्रूडो सरकार से इन चुनावों में भारत के तथाकथित दखल से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा है। कमीशन यह भी जांच करेगा कि पूरे मामले की सरकार को कितनी जानकारी थी और इस पर क्या कदम उठाए गए। पिछले साल कनाडा के चुनाव में दखल से जुड़ी जो रिपोर्ट सामने आई थी, उसमें कहा था कि चीन ने 2019 के चुनावों में 11 उम्मीदवारों का समर्थन किया था।

पुलिस को मिले हत्या के सबूत

## ब्रिटेन में पत्नी के किए 224 टुकड़े, सालभर बाद खुलासा



एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन में एक शख्स निकोलस मेटसन ने अपनी पत्नी हॉली ब्रेमली की हत्या के बाद उसके 224 टुकड़े किए। मामला मार्च 2023 का है। हत्या के एक साल बाद 5 अप्रैल 2024 को मेटसन ने कोर्ट में जुर्म कबूल किया।

### पति-पत्नी का तलाक होने वाला था

पुलिस ने कोर्ट को बताया कि हत्या की वजह साफ नहीं है, लेकिन मेट और हॉली का तलाक होने वाला था। पुलिस अफसर को मेटसन ने बताया कि शायद वो बिस्तर के नीचे छुपी है। पुलिस को घर से खून की बदबू आई थी। इसके बाद मेटसन को गिरफ्तार किया गया था। घटना के 8 दिन बाद 25 मार्च 2023 को हॉली के शव के 224 टुकड़े एक नदी में मिले थे। एक पॉलीथिन बैग में हॉली का हाथ मिला था। दूसरे बैग में उसका सिर था। सिर पर बाल नहीं थे।

सेना के समुद्री ऑपरेशन से बचीं थी 19 जिंदगियां

## समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए आईएनएस शारदा को मिला प्रशस्ति पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समुद्री डकैती विरोधी अभियान सफलतापूर्वक चलाने के लिए दक्षिणी नौसेना कमान, कोच्चि की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने आईएनएस शारदा को 'ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया। यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों (11 ईरानी और 8 पाक) की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसे सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था।

नौसेना आरपीए की निगरानी जानकारी के आधार पर जहाज ने जहाज को रोक लिया और रात भर गोपनीय खोज जारी रखी। 2 फरवरी की सुबह जहाज के हेलीकॉप्टर और प्रहार टीम को उतारा गया। जहाज की आक्रामक मुद्रा ने समुद्री डाकुओं को चालक दल




और नाव को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर किया। जहाज की त्वरित कार्रवाई ने जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया। समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणी से तिलमिलाया पाकिस्तान

## एक साथ काम करने वाली संभावनाओं को रोकती हैं ऐसी टिप्पणियां

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर पाकिस्तान तिलमिला गया है। पाकिस्तान ने गीदड़ भभकी देते हुए कहा कि वह अपनी संप्रभुता की रक्षा करने के इरादे और क्षमता को लेकर दृढ़ है। सिंह ने एक दिन पहले कहा था कि अगर आतंकवादी देश में हमला कर पड़ोसी देश में भाग जाते हैं तो भारत पाकिस्तान में घुसने से नहीं हिचकेगा।

पाक विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान ने हमेशा क्षेत्र में शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है लेकिन शांति की उसकी इच्छा को गलत नहीं समझा जाना चाहिए। सिंह के बयान की आलोचना करते हुए बयान में कहा गया है कि चुनावी लाभ के लिए भारत की सत्तारूढ़ पार्टी गलत बयानबाजी कर रही है। पाकिस्तान में भारत आतंकियों का खात्मा कर रहा है। इस बारे में जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से एक इंटरव्यू में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भारत घर में घुसकर मारेगा।

**पाकिस्तान उकसावे के किसी भी कदम के खिलाफ अपनी संप्रभुता पर कायम**



बोला- भारत हमारे नागरिकों को आतंकवादी कहता है

हम अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और क्षमता को लेकर प्रतिबद्ध

**पाकिस्तान दुनिया से लगा रहा गुहार**

### हमारे नागरिकों को आतंकवादी कहना ठीक नहीं

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि पाकिस्तान के नागरिकों को मनमाने ढंग से आतंकवादी करार देना और सजा देने का दावा करना साबित करता है कि वो दोषी हैं। आरोप लगाया गया है कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या की।

### यह नफरत फैलाने वाली बयानबाजी

पाक विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की सत्तारूढ़ सरकार राष्ट्रवादी भावनाओं को पैदा करने नफरत वाली बयानबाजी का सहारा लेती है। इस तरह का गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार न केवल क्षेत्रीय शांति को कमजोर करता है बल्कि भविष्य में एक-साथ काम करने वाली संभावनाओं को भी रोकता है।






## आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 3 | 3 | 0 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 4 | 2 | 2 | 4 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजवेंद्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर

598 चौके

374 छक्के

## खबर संक्षेप



### अमेरिका में जोर पकड़ रहा है क्रिकेट पर्यटन

**वाशिंगटन।** भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट के दीवाने देशों की बड़ी प्रवासी आबादी की उपस्थिति से ऐसा लगता है कि अमेरिका में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र का एक नया आयाम खोल दिया है। बिहार के भारत-अमेरिकी दंपति द्वारा स्थापित फ्लोरिडा स्थित क्रिकेटबस्टर भारतीय-अमेरिकी और क्रिकेट खेलने वाले देशों के लोगों के बीच इस 'क्रिकेट की दीवानगी' को भुनाने की कोशिश कर रहा है। कंपनी लोगों को अनुकूल यात्रा पैकेज की पेशकश कर रही है जिसमें आधिकारिक मैच टिकट, होटल, उड़ानें, क्रूज और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट और दुनिया की टी20 लीग के कई अन्य आकर्षण शामिल हैं।

### फॉर्म और आत्मविश्वास के लिए जूझ रहे बल्लेबाज

**जयपुर।** मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल के मौजूदा सत्र में अपनी टीम की पांच मैच में चौथी



हार के बाद कहा कि विराट कोहली की शानदार फॉर्म के बावजूद रॉयल चैलेंजर बेंगलोर के बल्लेबाज 'फॉर्म और आत्मविश्वास' को लेकर जूझ रहे हैं। कोहली (113) के शानदार शतक के बावजूद आरसीबी तीन विकेट पर 183 रन ही बना सका जिसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने जोस बटलर की 58 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी की बदौलत जीत दर्ज की।

### पाक टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 श्रृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों



मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमशः अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है।

### कोहली की काम के प्रति ईमानदारी अतुलनीय

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड की भ्रष्टाचार रोधी इकाई के पूर्व प्रमुख नीरज कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान विराट कोहली की काम के प्रति ईमानदारी को 'अतुलनीय' पाया। नीरज ने बीसीसीआई एसीयू में उनकी भूमिका के लिए उन्हें क्रिकेटरों के साथ नियमित रूप से बातचीत करने की आवश्यकता थी और उन्होंने उनमें से अधिकांश को अच्छा और मिलनसार पाया।

# एथलेटिक बिलबाओ 23वें बार बना कोपा डेल रे चैंपियन

एजेंसी ▶▶| सेविले

- पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराया
- नियमित और अतिरिक्त समय में 1-1 रहा स्कोर
- चार दशक बाद जीता टूर्नामेंट का खिताब

एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा।

बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मुनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने पेनल्टी शूट में गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोलानेस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा।




### 1984 में जीता था पिछला खिताब

नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है। टीम ने पिछला खिताब 1984 में जीता था। टीम को इसके बाद छह बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### *शेफील्ड पर जीत से लिवरपूल फिर शीर्ष पर*

*लंदन। लिवरपूल ने अंतिम स्थान पर चल रहे शेफील्ड यूनाइटेड को 3-1 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में एक बार फिर शीर्ष स्थान पर जगह बना ली है। स्कोर लाइन जरूर लिवरपूल के पक्ष में 3-1 रही, लेकिन उसे जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। 76 मिनट तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर था। अर्जेंटीना के एलेक्सिस मैकएलिस्टर ने 76वें मिनट में गोल कर लिवरपूल को बढ़त दिलाई। कोडी गाक्पो ने 90वें मिनट में तीसरा गोल किया। इस जीत के साथ लिवरपूल के 30 मैचों में 70 अंक हो गए हैं। 68 अंकों के साथ आर्सेनल दूसरे और 67 अंकों के साथ गत विजेता मैनचेस्टर सिटी तीसरे स्थान पर है। खेल के 17वें मिनट में डार्विन नुनेज ने लिवरपूल को बढ़त दिलाई, लेकिन 58वें मिनट में कोनर ब्रैडली ने अपनी ही टीम पर आत्मघाती गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।*

## आईपीएल : पांच बार के चैंपियन ने तीन मैचों के बाद खोला खाता

# मुंबई की पहली जीत, दिल्ली की चौथी हार, शेफर्ड ने 10 गेंद पर ठोके 39 रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रोमारियो शेफर्ड की 10 गेंद पर नाबाद 39 रन की पारी और अन्य बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से मुंबई इंडियंस ने रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपना खाता खोला। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 234 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की टीम इसके जवाब में आठ विकेट पर 205 रन ही बना पाई। मुंबई की तीन हार के बाद यह पहली जीत है जबकि दिल्ली को पांच मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा। इस हार से दिल्ली की टीम अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गई है।

रोहित शर्मा (49 रन) और ईशान किशन (42 रन) ने पहले विकेट के लिए 80 रन जोड़कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। उनके आउट होने के बाद टिम डेविड (नाबाद 45 रन), कप्तान हार्दिक पंड्या (39 रन) और शेफर्ड ने अच्छी तरह से जिम्मेदारी संभाली। पृथ्वी साव (66 रन) और अभिषेक पोरेल (31 गेंद पर 41 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी करके दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद ट्रिस्टन स्टब्स ने 27 गेंद पर तीन चौकों और सात छक्कों की मदद से 71 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन बड़े लक्ष्य के दबाव में अन्य बल्लेबाज नहीं चल पाए।



### सूर्यकुमार वापसी में फेल

सूर्यकुमार यादव अपने कमबैक मैच में बल्ले से एक भी रन नहीं बना सके। सूर्या 2 गेंद पर ही तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया का शिकार बने। सूर्यकुमार यादव बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। विश्व के नंबर 1 टी20 बैटर सूर्या पूरी तरह से फिट नहीं थे, जिसके चलते उन्होंने आईपीएल 2024 में शुरुआती मैच मिस करे। वापसी में बल्ले से फ्लॉप होने के बाद सूर्यकुमार यादव को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है।

### सर्वाधिक 200+ टोटल

| रिकॉर्ड बार | टीम |
|---|---|
| 29 | सीएसके |
| 24 | आरसीबी |
| 24 | एमआई |
| 22 | पीबीकेएस |
| 21 | केकेआर |

### *पंड्या की नहीं हुई हूटिंग*

*हार्दिक पंड्या ने आखिरकार कुछ राहत की सांस ली क्योंकि मुंबई इंडियंस के कप्तान की रविवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान वानखेडे स्टेडियम के दर्शकों ने किसी तरह की हूटिंग नहीं की। यह मुकाबला रिलायंस फाउंडेशन के लिए सभी के लिए शिक्षा और खेल दिवस पर खेला जा रहा है जिससे स्टैंड पर कई गैर सरकारी संगठनों के लगभग 18,000 बच्चे मौजूद थे और स्टैंड पर सिर्फ घरेलू टीम को 'चीयर' करने के लिए शोर सुनाई दे रहा था। पंड्या को पिछले तीन मैच में दर्शकों की हूटिंग का सामना करना पड़ा था।*

### स्कोर बोर्ड

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो पटेल | 49 | 27 | 6 | 3 |
| ईशान किशन का एवं बो पटेल | 42 | 23 | 4 | 2 |
| सूर्या का सब फ्रेजर बो नोर्किया | 00 | 02 | 0 | 0 |
| पंड्या का सब फ्रेजर बो नोर्किया | 39 | 33 | 3 | 1 |
| तिलक का पटेल बो अहमद | 06 | 05 | 1 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 21 | 2 | 4 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 39 | 10 | 3 | 4 |

अतिरिक्त : 14, कुल : 20 ओवर में 234/5
गेंदबाजी : अहमद 4-0-39-1, ईशांत 3-0-40-0, रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर 4-0-35-2, ललित 1-0-15-0, नोर्किया 4-0-65-2.

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव बो बुमराह | 66 | 40 | 8 | 3 |
| वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड | 10 | 08 | 1 | 1 |
| अभिषेक का डेविड बो बुमराह | 41 | 31 | 5 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 71 | 25 | 3 | 7 |
| पंत का पंड्या बो कोएत्जी | 01 | 03 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 08 | 07 | 1 | 0 |
| ललित का ईशान बो कोएत्जी | 03 | 04 | 0 | 0 |
| कुशाग्र का तिलक बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 20 ओवर में 205/8
गेंदबाजी : कोएत्जे 4-0-34-4, बुमराह 4-0-22-2, मधवाल 4-0-45-0, शेफर्ड 4-0-54-1, नबी 2-0-17-0, चावला 2-0-32-0.

## स्थानीय खेल समाचार


### वीएस अकादमी ने आरसीसी टीम को 8 विकेट से हराया



**भोपाल।** राजधानी के गौतम नगर मैदान पर खेले जा रहे विधायक कप अंडर 12 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को आरसीसी और विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें आरसीसी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। आरसीसी की टीम मात्र 100 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें वंश बाथम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट लिए और प्रियान्शु लोधी ने 2 विकेट चटकाए। वहीं विक्की ने 49 रन की पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विश्वास सारंग क्रिकेट क्लब की टीम ने यह लक्ष्य 2 विकेट खोकर 19 ओवरों मे हासिल कर लिया। शौर्य राजपूत ने 38 रन की पारी खेली और दीप ज्योति ने 20 रन बनाए। आर्यन और मयंक ने 1-1 विकेट लिए। वंश बाथम को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### कोलिन्स ने दर्ज की लगातार 12वीं जीत

**चार्ल्सटन।** मियामी ओपन चैंपियन डेनियल कोलिन्स ने चार्ल्सटन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मारिया सकारी को सीधे सेट में हराकर लगातार दूसरे फाइनल में जगह बनाई। कोलिन्स ने सकारी को 6-3, 6-3 से हराया जो उनकी लगातार 12वीं जीत है।




कोलिन्स रविवार को होने वाले फाइनल में दारिया कसात्किना से भिड़ेंगी जिन्होंने शीर्ष वरीय जेसिका पेगुला को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। कसात्किना ने टाइब्रेक में अंतिम आठ में से छह अंक जीतकर पेगुला को 6-4, 4-6, 7-6 (5) से शिकस्त दी।

# एलएसजी की लगातार तीसरी जीत स्टोइनिस की फिफ्टी, ठाकुर चमके

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लखनऊ सुपर जायंट्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में गुजरात टाइटन्स को 33 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। एलएसजी ने मार्कस स्टोइनिस के 58 रन के बाद निकोलस पूरन की नाबाद 32 रन की पारी से पांच विकेट पर 163 रन का स्कोर बनाकर गेंदबाजों की बदौलत इस छोटे से लक्ष्य का बचाव भी किया। गुजरात टाइटन्स टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई।

एलएसजी के लिए यश ठाकुर ने 3.5 ओवर में एक मेडन से 30 रन देकर पांच विकेट अपने नाम



किए जबकि क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में महज 11 रन देकर तीन विकेट झटके। यश ठाकुर ने अपने दो ओवरों में दो दो विकेट चटकाए।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपर जायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का नूर बो यादव | 06 | 04 | 0 | 1 |
| राहुल का तेवतिया बो नालकंडे | 33 | 31 | 3 | 0 |
| देवदत्त का वी शंकर बो यादव | 07 | 07 | 1 | 0 |
| मार्कस का शरथ बो नालकंडे | 58 | 43 | 4 | 2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 32 | 22 | 0 | 3 |
| बडोनी का यादव बो राशिद | 20 | 11 | 3 | 0 |
| क्रृणाल पंड्या नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 163/5
गेंदबाजी : उमेश 3-0-22-2, जॉनसन 4-0-32-0, राशिद 4-0-28-1, मोहित 3-0-34-0, नूर 4-0-22-0, दर्शन 2-0-21-2.

| गुजरात टाइटन्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या | 31 | 23 | 4 | 0 |
| शुभमन गिल बो यश ठाकुर | 19 | 21 | 2 | 0 |
| विलियमसन का एवं बो बिश्नोई | 01 | 05 | 0 | 0 |
| शरथ का बदोनी बो पंड्या | 02 | 05 | 0 | 0 |
| शंकर का राहुल बो यश | 17 | 17 | 0 | 1 |
| दर्शन का यश ठाकुर बो पंड्या | 12 | 11 | 0 | 1 |
| तेवतिया का पूरन बो यश | 30 | 25 | 2 | 2 |
| राशिद का सब बो यश | 00 | 03 | 0 | 0 |
| उमेश का डिकॉक बो नवीन | 02 | 04 | 0 | 0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| नूर का डिकॉक बो यश | 04 | 02 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 12, कुल : 18.5 ओवर में 130/10
गेंदबाजी : सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन 4-0-37-1, मयंक 1-0-13-0, यश 3.5-1-30-5, कृणाल 4-0-11-3, बिश्नोई 2-0-8-1.

### डब्ल्यूएमपीएल में स्मृति मंधाना आइकन खिलाड़ी

**पुणे।** भारत की महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना को इस साल जून में होने वाली पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्ल्यूएमपीएल) के आइकन खिलाड़ियों में जगह मिली है।



महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इस फ्रेंचाइजी आधारित टी20 टूर्नामेंट की आधिकारिक घोषणा की जिसमें चार टीम हिस्सा लेंगी और इसका आयोजन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के तत्वाधान में किया जाएगा। एमसीए ने कहा, 'एमसीए महिलाओं के लिए राज्य लीगा शुरू करने वाला बीसीसीआई का पहला संघ होगा। टूर्नामेंट का आयोजन यहां गाहुंजे में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में 24 जून से किया जाएगा।

# भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से 2-4 से हारी, श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ी

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गई। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी। लेकिन तीसरे क्वार्टर में खराब रक्षण का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा क्योंकि मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। आस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड



(छठे और 34वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया जबकि जैकब एंडरसन (42वें मिनट) और नाथन (45वें) ने मैदानी गोल दागे। भारत के लिए जुगराज सिंह (नौवें मिनट) और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30वें मिनट) ने पेनल्टी कार्नर पर गोल किए।

## कैंडिडेट्स शतरंज : महिला वर्ग में निकला सिर्फ एक मुकाबले का नतीजा

# प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया, वैशाली ने दर्ज की जीत

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए, यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सैलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में सिर्फ इसी



मुकाबले का नतीजा निकला। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो कारुआना से ड्रॉ खेला।

टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य अमेरिकी हिकारू नाकामूरा को अजरबेजान के निजात अबासोव से ड्रॉ खेलने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

### कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची शीर्ष पर


पुरुष वर्ग में कारुआना, गुकेश और नेपोमनियाची दो अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे हैं। इनके बाद विदित और प्रज्ञानानंदा को नंबर आता है। इन दोनों के समान डेढ़ अंक हैं। इन दोनों से आधा अंक पीछे नाकामूरा, अलीरेजा और अबासोव हैं। महिला वर्ग में झोंगयी ढाई अंक के साथ सबसे आगे चल रही हैं। उन्होंने गोरयाचकिना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है।

# केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

एजेंसी ▶▶| चेन्नई


गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी।



### रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय

नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है।
सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है।



# अजय देवगन की 'मैदान' का गाना 'रंगा रंगा' जारी

**मुंबई।** 'शैतान' की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म 'मैदान' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने 'मैदान' का नया गाना 'रंगा रंगा' जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है। 'मैदान' की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

लाइफ Style

# मलाइका

## अरबाज के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं



बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोडा अपने पूर्व पति अरबाज खान के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं। इस दौरान जहां मलाइका अपनी मां के साथ थीं वहीं अरबाज के साथ उनकी पत्नी शूरा और पिता सलीम खान थे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डिनर करने के बाद जब सभी बाहर निकले तो कैमरा में स्पॉट हुए। इतना ही नहीं मलाइका की मां फिर सलीम खान के साथ कार में घर गईं। ये फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस उन सबके बीच बोंडिंग देख खुश हैं। मलाइका काफी ग्लैमरस लग रही थीं। सलमान खान के पिता सलीम खान रेस्टोरेंट से बाहर आकर जब गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो उस दौरान पैपराजी ने मलाइका और उनकी मां के साथ उनकी फोटो क्लिक कीं। अरबाज और शूरा फोटो के लिए सबके साथ नहीं आए। इस दौरान अलीजेह अग्निहोत्री, सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह और रवीना टंडन भी दिखीं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पार्टी 'पटना शुक्ला' फिल्म की वजह से हुई हो, जिसके प्रोड्यूसर अरबाज हैं। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इसमें रवीना लीड रोल में हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अरबाज और शूरा की मुलाकात हुई थी। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक हुए लंबा समय हो गया है। उनके एक बेटा अरहान खान है। अरबाज ने पिछले साल के अंत में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी कर ली थी।

## हॉलीवुड मसाला




# बाइक एक्सीडेंट में गई जान

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चांस पेर्डोमो अब नहीं रहे। महज 27 साल की उम्र में अभिनेता ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 30 मार्च को अभिनेता की एक बाइक एक्सीडेंट में जान गई। कला के प्रति उनका जुनून और जिंदगी के प्रति उनकी भूख से हर वह शख्स वाकिफ था, जो उन्हें जानते थे। चांस ने अपने करियर की शुरुआत कम उम्र में शुरू की थी। साल 2016 में उन्होंने शॉर्ट फिल्म लॉन्गफील्ड ड्राइव से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। हालांकि, उन्हें पॉपुलैरिटी आफ्टर वी फेल से मिली।



# एना और लाइवली की फिल्म के सीक्वल का ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर लगभग 800 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। एना केंड्रिक ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। साथ ही न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्ट सेलिंग लेखिका भी हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म वुमन ऑफ द आवर से वो निर्देशकीय पारी शुरू कर रही हैं। इस फिल्म का निर्माण करने के साथ वो मुख्य भूमिका में भी हैं। ब्लेक लाइवली हॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री हैं और कई बेहतरीन फिल्मों में अपनी अदाकारी का दम दिखा चुकी हैं, जिसमें सबसे चर्चित द एज ऑफ एडेलीन है।



# हीरामंडी के लिए बनाया रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडीः दि डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकार्ड-ब्रेकिंग टाइम यानि 20 मिनट में पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास रच दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडीः द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडीः द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानी की पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।



# मनोज की 'जोरम' अब मुफ्त में यूट्यूब पर

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भैया जी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इससे पहले मनोज को फिल्म 'जोरम' में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। सिनेमाघरों के बाद इस फिल्म ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दी और अब आप 'जोरम' को फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं। 'जोरम' को आप जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। इस खबर की जानकारी देते हुए निर्माताओं ने फिल्म का लिंक भी दिया है। 'जोरम' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 40 लाख रुपये का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी दसरू (मनोज) की है, जो झारखंड की आदिवासी बस्ती में रहता है। उसे अपनी पत्नी (तनिष्ठा चटर्जी) और 3 महीने की बच्ची जोरम के साथ मुंबई आना पड़ता है, जहां वह मजदूरी करके खुशहाल जिंदगी जीता है।

# उषा मेहता के किरदार में नहीं जमीं सारा अली खान



**मुंबई।** सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। यह जीवनी नाटक उषा मेहता के जीवन पर आधारित है, जो एक स्वतंत्रता सेनानी थीं और उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सक्रिय रूप से काम किया था। सारा, जिन्हें आखिरी बार मर्डर मुबारक में एक ग्लैमरस भूमिका में देखा गया था, कन्नन अय्यर की नवीनतम रिलीज़ में एक शांत उषा की भूमिका निभा रही हैं। वह खादी साड़ियां पहनती हैं और हर मौके पर 'करो या मारो' चिल्लाती हैं, लेकिन ऐ वतन मेरे वतन में भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में असफल रहीं। ऐ वतन मेरे वतन की शुरुआत कनिष्ठ उषा द्वारा अपने पिता से यह कहने से होती है कि वह उड़ना चाहती है। सचिन खेडेकर द्वारा अभिनीत, उषा के पिता उसे आकाश में ऊंची उड़ान भरने के लिए पंख खोजने के लिए कहते हैं। इसके बाद फिल्म 1940 के दशक की कहानी बताती है जब सारा अली खान को भारत में ब्रिटेन की भागीदारी पर अपने पिता के साथ मतभेद करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, जल्द ही उषा को एहसास हुआ कि उनके पंख उनकी लड़ाई की भावना और राष्ट्र के प्रति प्रेम हैं। फिर उषा ने लोगों को एकजुट करने और भारत छोड़ो आंदोलन को प्रज्वलित करने के लिए कांग्रेस रेडियो नाम से अपना रेडियो स्टेशन शुरू किया।

# कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी

**मुंबई।** मनीषा कोइराला किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने कैंसर को मात देने के बाद मिली दूसरी जिंदगी और 'हीरामंडी' के लिए आभार जताया है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर 'हीरामंडी' में अपने सह-कलाकार सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल के साथ नजर आईं तो उनके माता-पिता, प्रकाश कोइराला और सुषमा कोइराला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह कई चीजों के लिए आभारी हैं, जिसमें उनके करियर के उतार-चढ़ाव से लेकर अच्छे निर्देशक, दोस्त और कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी शामिल है। मनीषा बोलीं, मुझे अब बेहतरीन फिल्में या शहरी जीवन नहीं चाहिए। मैंने केवल उन लोगों के साथ काम करना चुना है, जिनका मैं सम्मान करती हूं, इसलिए जब भंसाली का फोन आया तो मुझे पता था कि थोड़े समय के लिए अपनी शांत दुनिया को छोड़कर इसे करना सही होगा।



'हीरामंडी' का हिस्सा बन आभारी हैं मनीषा कोइराला

कनगराज के निर्देशन में बनेगी फिल्म

# रजनीकांत की थलाइवर 171 का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** रजनीकांत की 'जेलर' ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। रजनीकांतजल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं। उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है। 'लियो' और 'विक्रम' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा।



### इस साल के अंत तक हो सकती है रिलीज

फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकियन का भी खास रोल है। बता दें कि गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930